3 राजधानी
सितंबर में होंगे डीयू छात्र संघ चुनाव

6 अभिमत
राहुल गांधी को सजा के निहितार्थ

10 विदेश
सात मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत

11 राष्ट्रीय
पांच राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय स्थापित होंगे



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 141
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




केएल राहुल को झटका, अनुबंध से बाहर

स्पोर्ट्स-12

# राहुल को खाली करना होगा सरकारी बंगला

- लोकसभा की आवास संबंधी समिति ने किया फैसला, 22 अप्रैल तक का दिया समय
- राहुल को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विपक्षी दलों का प्रदर्शन, पहने काले कपड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** की सदस्यता से अयोग्य घोषित कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक उन्हें आवंटित सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ और अडाणी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस और कुछ अन्य सहयोगी दलों के सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में काले कपड़े पहन रखे थे। राहुल गांधी को पिछले सप्ताह लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के मद्देनजर लोकसभा की आवास संबंधी समिति ने इस संबंध में फैसला किया और इसके बाद निचले सदन के सचिवालय ने कांग्रेस नेता को 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी बंगला खाली करने का पत्र भेजा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा 2019 के मानहानि के एक मामले में सजा सुनाए जाने के मद्देनजर शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी। अयोग्य ठहराए गए सदस्य को उनकी सदस्यता खोने के एक महीने के भीतर सरकारी बंगला खाली करना होता है।

(शेष पेज 9)





नई दिल्ली में राहुल गांधी के समर्थन में काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता

## लंबे समय बाद विपक्ष के साथ खड़ी हुई टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सोमवार को संसद में रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुई और राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ एवं अडाणी मामले पर निकाले गए विपक्ष के मार्च में भी हिस्सा लिया। बैठक और प्रदर्शन में दोनों सदनों के तृणमूल कांग्रेस के नेता नहीं, बल्कि पार्टी के दो सांसद शामिल हुए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बुलाई गई बैठक में टीएमसी के लोकसभा सदस्य प्रसून बनर्जी और राज्यसभा सदस्य जवाहर सरकार मौजूद थे। तृणमूल कांग्रेस लंबे समय बाद कांग्रेस द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की किसी बैठक और प्रदर्शन में शामिल हुई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि टीएमसी का नेतृत्व अधीर रंजन चौधरी द्वारा ममता बनर्जी पर की गई टिप्पणियों से परेशान है। बहरहाल, उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने टीएमसी से संपर्क किया, जिसके बाद संबंधों में कुछ सुधार हुआ है।

## सावरकर पर उद्धव ने राहुल को दी नसीहत

- कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, एमवीए के साझा न्यूनतम कार्यक्रम में सावरकर विषय नहीं

**पीएनएस/एजेंसी।** मुंबई/नागपुर

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी वीडी सावरकर पर हमला करने से लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य ठहराने से उन्हें मिली सहानुभूमि कम हो जाएगी। वहीं कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि उनकी पार्टी और सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएं हैं और विपक्षी दल के साझा न्यूनतम कार्यक्रम में दिवंगत हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर का कोई जिक्र नहीं है। राहुल की टिप्पणी से जुड़े सवाल पर पटोले ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभी को साथ लेकर चलने की है। यह कांग्रेस ही है जिसने देश को आजादी दिलाई और संविधान के आधार पर काम किया। इसलिए, सत्ता में आना या न होना गौण है... कांग्रेस के लिए सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं।

शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा गया है कि गांधी आज जिस सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं, वह सावरकर के खिलाफ अपमानजनक बयान देकर नहीं जीती जाएगी। रविवार को एक रैली में उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और उन्होंने राहुल से सावरकर का अपमान न करने के लिए कहा था। शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा का गठबंधन महा विकास आघाडी लोकतंत्र की रक्षा के लिए बना था और इसके लिए एक साथ मिलकर काम करना आवश्यक है। संपादकीय में कहा गया है, सावरकर के खिलाफ अपमानजनक बयान देकर राहुल गांधी द्वारा हासिल सहानुभूति कम हो जाएगी। इससे निश्चित तौर पर महाराष्ट्र में कांग्रेस को ज्यादा दिक्कत होगी। इसमें कहा गया है कि गांधी की ये टिप्पणियां कि वह सावरकर नहीं हैं, जो माफी मांग ले, इससे हिंदुत्व विचारधारा के लोगों की आस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# यूपी नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ



- सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को ओबीसी कोटे के साथ दो दिन के भीतर इस संबंध में अधिसूचना जारी करने की अनुमति दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया और राज्य निर्वाचन आयोग को ओबीसी कोटे के साथ दो दिन के भीतर इस संबंध में अधिसूचना जारी करने की अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा, इस अदालत ने 4 जनवरी, 2023 के एक आदेश में उल्लेख किया कि इस अदालत के फैसलों के मद्देनजर, उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना के लिए दिसंबर 2022 में एक अधिसूचना जारी की। आयोग का कार्यकाल छह महीने का था, लेकिन इसे 31 मार्च, 2023 तक अपना कार्य पूरा करना था। इसने कहा, सॉलिसिटर जनरल ने सूचित किया कि रिपोर्ट 9 मार्च, 2023 को मंत्रिमंडल को सौंप दी गई है। स्थानीय निकाय चुनावों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया चल रही है और यह दो दिन में की जाएगी। याचिका का निस्तारण किया जाता है।

(शेष पेज 9)

## योगी ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का किया स्वागत

- कहा, सरकार आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध ढंग से कराएगी निकाय चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में नगरीय निकाय सामान्य निर्वायन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से सोमवार को दिए गए फैसले का स्वागत किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव कराने के लिए प्रदेश सरकार को हरी झंडी दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विधि सम्मत तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए उप्र समयबद्ध ढंग से नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारे संविधान में व हमारे कानून में जो व्यवस्था है, उसके तहत ओबीसी सहित सभी वर्गों को निकाय चुनाव में पूर्ण आरक्षण सुनिश्चित करते हुए चुनाव संपन्न कराएगी।

(शेष पेज 9)

## सप्तम कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।**
**वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

**मां** दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है।

# अमृतपाल सिंह को नेपाल ने निगरानी सूची में डाला

- अन्यत्र भागने न देने का भारत ने किया अनुरोध

**भाषा।** काठमांडू



**भगोड़े** कट्टरपंथी अलगाववादी अमृतपाल सिंह को कहीं अन्यत्र भागने से रोकने के भारत सरकार के अनुरोध पर नेपाल ने उसे (अमृतपाल को) निगरानी सूची में डाल दिया है। भारत ने नेपाल सरकार से अनुरोध किया है कि वह अमृतपाल को किसी तीसरे देश में भागने की अनुमति न दे और यदि वह (अमृतपाल) भारतीय पासपोर्ट या किसी अन्य फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके भागने का प्रयास करता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। ऐसा माना जा रहा है कि अमृतपाल नेपाल में छिपा है।

अधिकारियों ने बताया कि आव्रजन विभाग ने भारत सरकार के अनुरोध पर अमृतपाल को अपनी निगरानी सूची में रखा है। विभाग के सूचना अधिकारी कमल प्रसाद पांडेय ने कहा, हमें भारतीय दूतावास से एक लिखित नोट प्राप्त हुआ है और अमृतपाल के पासपोर्ट की एक प्रति भी मिली है। भारत ने आशंका व्यक्त की है अमृतपाल संभवत: नेपाल में प्रवेश कर चुका है। पांडेय ने कहा, भारतीय दूतावास ने एक नोट लिखकर विभाग से अनुरोध किया है कि अलगाववादी अमृतपाल को निगरानी सूची में रखा जाए। काठमांडू पोस्ट अखबार ने खबर दी है कि काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को वाणिज्य सेवा विभाग को भेजे पत्र में यहां की विभिन्न सरकारी एजेंसी से अनुरोध किया है कि यदि अमृतपाल नेपाल से भागने की कोशिश करता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। अखबार ने एक पत्र का हवाला देते हुए कहा, सिंह फिलहाल नेपाल में छिपा हुआ है।

(शेष पेज 9)

# भगवान राम से गांधी परिवार की तुलना अहंकार: भाजपा

- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रियंका गांधी के बयान पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी वाद्रा का यह अहंकार ही है जिसके चलते उन्होंने अपने परिवार की तुलना भगवान राम के वंश से की। लोकसभा के सदस्य के रूप में राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किए जाने के विरोध में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी वाद्रा ने कांग्रेस को वंशवादी पार्टी बताने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की थी। उन्होंने पूछा था, वे हम पर वंशवाद का आरोप लगाते हैं... तो भगवान राम क्या थे? जब उन्हें वनवास हुआ तब भी उन्होंने अपने परिवार और मातृभूमि के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा किया। क्या यह वंशवाद था? क्या पांडव वंशवाद को बढ़ावा दे रहे थे?

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भगवान राम और गांधी परिवार की तुलना करने से दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, हे प्रभु। भारत के लिए यही दिन देखना रह गया था। एक परिवार जो खुद को लोकतंत्र, संसद और देश से ऊपर मानता है, वह खुद की तुलना भगवान राम के साथ कर रहा है। ठाकुर ने प्रियंका की रैली में की गई टिप्पणियों पर पूछे गए सवाल पर संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, यह भाई और बहन का अहंकार है। पूरा देश देख रहा है। देश की तो बात ही छोड़िए, अब ये भगवान राम को भी नहीं बख्श रहे हैं।

(शेष पेज 9)

## मंत्री हरदीप सिंह पुरी के बयान पर बिफरी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** हरदीप सिंह पुरी के कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए अपमानजनक टिप्पणी करने से सोमवार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। पुरी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस तरह के बयान भाजपा में शामिल हुए नए लोगों के चरित्र को दर्शाते हैं। कांग्रेस ने राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी द्वारा की गई एक टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में नए-नए शामिल हुए लोग अक्सर इस तरह के बयान देते हैं।

(शेष पेज 9)

# अभिनेत्री की मौत मामले में भोजपुरी गायक समर सिंह समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भोजपुरी अभिनेत्री** आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सारनाथ थानाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने सोमवार को बताया कि मुंबई से वाराणसी पहुंची आकांक्षा की मां मधु दुबे की तहरीर पर भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे रविवार को वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में मृत पाई गई थीं। आकांक्षा दुबे का शव पंखे पर दुपट्टे से लगाए गए फंदे से लटकता पाया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (सारनाथ) ज्ञान प्रकाश राय ने रविवार को कहा था कि आकांक्षा के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की रहने वाली



आकांक्षा दुबे की फाइल फोटो

आकांक्षा एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में वाराणसी आई थीं और सारनाथ थानाक्षेत्र के एक होटल में ठहरी थीं। रविवार की सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आईं तो साथियों के कहने पर होटल के कर्मचारियों ने मास्टर चाभी से उसके कमरे का गेट खोला। आकांक्षा ने कसम पैदा करने वाले की 2, मुझसे शादी करोगी (भोजपुरी) और वीरों के वीर सहित कई क्षेत्रीय फिल्मों में अभिनय किया था। रानी चटर्जी, विनय आनंद और आम्रपाली दुबे जैसी भोजपुरी फिल्म हस्तियों ने आकांक्षा की मौत पर सोशल मीडिया के माध्यम से शोक व्यक्त किया है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,653 | ↑ | 127 | |
| निफ्टी | 16,986 | ↑ | 41 | |
| सोना | 59,220 | ↓ | 640 | /10g |
| चांदी | 70,140 | ↓ | 700 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लोस ने रास के भेजे संशोधन के साथ वित्त विधेयक को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा मे पिछले दो सप्ताह की तरह प्रश्नकाल और शून्यकाल नही चल सके और कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के कारण बैठक एक बार के स्थगन के बाद शाम चार बजकर करीब 10 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन ने हंगामे के बीच ही वित्त विधेयक 2023 मे राज्यसभा की सिफारिश वाले एक संशोधन को स्वीकृति दी। विपक्ष के शोरगुल के बीच एक बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति रमा देवी ने आवश्यक कागज सदन के पटल पर रखवाए। वित्त मंत्री ने लोकसभा मे यथापारित वित्त विधेयक 2023 में राज्यसभा की सिफारिश वाले एक संशोधन को सभा की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया। संशोधन मे प्रतिभूति लेनदेन कर पर कर की दर के संबंध मे एक त्रुटि के सुधार का प्रस्ताव है।

# अतीक अहमद प्रयागराज की नैनी जेल पहुंचा

- भाई अशरफ को भी बरेली से लाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**उमेश पाल** हत्याकांड में नामजद माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को भारी सुरक्षा के बीच सोमवार शाम नैनी केंद्रीय जेल लाया गया। सोमवार दोपहर से ही नैनी जेल में पुलिस बल की भारी तैनाती थी और मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगा था। इसके अलावा नैनी जेल के मुख्य द्वार पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। नैनी केंद्रीय जेल के एक उच्च अधिकारी ने बताया की अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। उन्होंने बताया कि वहीं अतीक के बेटे अली को एक अलग बैरक में रखा गया है। पुलिस के आला अधिकारी सुबह से ही नैनी जेल में अतीक अहमद और अशरफ को किस बैरक में रखा जाए इस पर मंत्रणा कर रहे हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के मुताबिक 17 साल पुराने अपहरण के एक मामले में आरोपियों को 28 मार्च को अदालत में पेश किया जाना है। शर्मा के मुताबिक अदालत के आदेश के तहत माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज लाया गया है।

प्रयागराज पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम रविवार शाम अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुई थी। वहीं पुलिस की एक दूसरी टीम अशरफ को बरेली जेल से प्रयागराज के केंद्रीय जेल नैनी के लिए लेकर रवाना हुई। उल्लेखनीय है कि गत 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के अगले दिन उमेश पाल की पत्नी की तहरीर पर अतीक अहमद, भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन और कई अन्य लोगों के खिलाफ धूमनगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# नामीबिया से कूनो आई मादा चीता साशा की मौत

- भारत लाए जाने से पहले ही किडनी की बीमारी से जूझ रही थी साशा, कूनो में जनवरी से चल रहा था इलाज
- राष्ट्रीय उद्यान में शेष सात चीते तंदुरुस्त और पूरी तरह सक्रिय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/भोपाल

**देश में** चीतों की संख्या बढ़ाने के लिए शुरू किए गए प्रोजेक्ट को उस समय झटका लगा जब मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मादा चीता साशा की गुर्दे की बीमारी के कारण मौत हो गई। साशा उन आठ चीतों में शामिल थी, जिन्हें बीते साल 17 सितंबर को नामीबिया से लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा गया था। साढ़े चार साल की यह मादा चीता भारत लाए जाने से पहले ही बीमार थी और इसका वहां ऑपरेशन भी हुआ था। मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ, वन्यजीव) जेएस चौहान ने एजेंसी को बताया कि चीता साशा की गुर्दे के समस्या के कारण मृत्यु हो गई, क्योंकि उसका क्रिएटिनिन स्तर बहुत अधिक था। उन्होंने कहा कि मादा चीता की सेहत करीब छह माह से ठीक नहीं थी और हाल ही में उसे इलाज के लिए पृथकवास बाड़े में वापस लाया गया था। साशा का क्रिएटिनिन स्तर 400 से ऊपर था, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है। क्रिएटिनिन का स्तर अधिक होना गुर्दे के ठीक तरह से काम नहीं करने का संकेत होता है।

मादा चीता साशा के बीमार होने का पता इसी साल जनवरी में चला था। कूनो में इस मादा चीता को बीमारी का पता चलते ही वन विभाग की टीम ने इमरजेंसी मेडिकल रिस्पांस टीम को श्योपुर स्थित बहुचर्चित कूनो पार्क भेजा था। शुरुआती चिकित्सीय परीक्षण में चीते को डायरिया की शिकायत सामने



मप्र स्थित कूनो नेशनल पार्क में किडनी की बीमारी से मारी गई मादा चीता साशा।

आई। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार साशा भारत लाए जाने से पहले ही किडनी की बीमारी से जूझ ही थी। वन विभाग की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि बीते 22 मार्च को निगरानी दल ने साशा को सुस्त पाया था। गहन निरीक्षण के बाद उसे क्वॉरंटीन बाड़े में स्थानांतरित कर दिया गया। खून की जांच से उसे गुर्दे में संक्रमण का पता चला।

इसके बाद भोपाल से वन्यप्राणी चिकित्सक और अन्य विशेषज्ञों को अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ कूनो बुलाया गया। डॉक्टरों ने जब साशा के इलाज के पिछले रिकॉर्ड खंगाले और नामीबिया के चीता कंजरवेशन फंड से संपर्क साधा तो पता चला कि वह पहले से बीमार थी और भारत लाए जाने से एक माह पहले यानी 15 अगस्त 2022 को नामीबिया में ही किए गए खून की जांच में क्रियेटिनिन का स्तर 400 से ज्यादा था। यहां कूनो में जनवरी से ही नामीबिया और भारतीय डॉक्टरों की टीम साशा का इलाज कर रही थी। एक बार मादा चीता लगभग तंदरुस्त हो गई थी और शिकार भी करने लगी थी, लेकिन अचानक फिर वह गंभीर बीमार पड़ गई और उसे बचाया नहीं जा सका। मालूम हो कि प्रोजेक्ट चीता के तहत 70 साल बाद देश में बीते 17 सितंबर को ही मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से विशेष विमान से आठ चीते लाए गए थे। इन चीतों को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूनो पार्क में छोड़ा था।

(शेष पेज 9)

# ग्रेनो प्राधिकरण के 26 आवासीय भूखंड 3 गुना अधिक दाम पर बिके

## सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर संपत्ति विभाग ने लान्च की थी योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना बेहद सफल साबित हो रही है। इस योजना के 26 भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन रविवार को हुआ, जिसमें इन भूखंडों पर रिजर्व प्राइस से लगभग 3 गुना अधिक कीमत पर बोली लगाई गई। सेक्टर 2 स्थित 162 वर्ग मीटर का एक भूखंड निर्धारित रिजर्व प्राइस 172 फीसदी अधिक दर पर बिका है। भूखंडों का ड्रा 4 दिन और चलेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर संपत्ति विभाग ने 20 जनवरी को 166 आवासीय भूखंडों की योजना लान्च की थी। योजना में 162 वर्ग मीटर से लेकर 738 वर्ग मीटर एरिया तक के भूखंड शामिल हैं। ये भूखंड ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 2, सेक्टर चाई थ्री, फाई थ्री, डेल्टा टू, डेल्टा थ्री, सिग्मा 2, सिग्मा वन में स्थित हैं। योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी थी। इस योजना के भूखंडों के लिए एसबीआई के पोर्टल के जरिए आवेदन किये गये। रविवार से इन भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन शुरू हो गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन ने बताया कि पहले दिन 26 भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन हुआ। पहले दिन के ड्रा में 162 वर्ग मीटर और 220 वर्ग मीटर एरिया के भूखंड शामिल किए गए थे। इन 26 भूखंडों से रिजर्व प्राइस के आधार पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 18.22 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऑनलाइन ऑक्शन होने पर ये भूखंड औसतन लगभग 3 गुना अधिक कीमत पर भूखंड बिके। प्राधिकरण को इन 26 भूखंडों से 3 माह में लगभग 52 करोड़ रुपए मिलेंगे। इतना ही नहीं, ग्रेटर नोएडा में आवासीय भूखंड पाने की चाहत के चलते रविवार को ऑक्शन के दौरान देखने को मिला। सेक्टर 2 स्थित 162 वर्ग मीटर का एक भूखंड निर्धारित रिजर्व प्राइस 172 फीसदी अधिक दर पर बिका है।

# भाजपा नेता की पुलिसकर्मियों के सामने पिटाई, दो निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● लापरवाही पर शालीमार गार्डन चौकी इंचार्ज पर हुई कार्रवाई

कोतवाली थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन में रविवार शाम को दुकान के विवाद में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रिजवान से हुई मारपीट में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। आरोपित पुलिसकर्मियों के सामने ही उन्हें पीटते रहे। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। लापरवाही सामने आने पर पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन ने चौकी प्रभारी शालीमार गार्डन योगेश कुमार और मुख्य आरक्षी शाहिद खान को सस्पेंड कर दिया है।

रविवार शाम को पुलिस को शालीमार गार्डन के भारत माता चौक पर दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली। सूचना पाकर सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद भास्कर वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के रिजवान अहमद घायल हालत में थे। उनका कुर्ता फटा हुआ था। शरीर पर चोट के निशान थे। रिजवान अहमद और अब्दुल साबिर के बीच दुकान के स्वामित्व और किराये को लेकर विवाद चल रहा है। यह विवाद वर्ष 2019 से चल रहा है। रविवार शाम को रिजवान दुकान के पास से निकल रहे थे। दुकान पर लगा कैमरा तिरछा देखकर वह कार से उतरकर वीडियो बनाने लगे। आरोप है कि दूसरे पक्ष से अब्दुल साबिर समेत करीब एक दर्जन महिला और पुरुष के साथ वहां पहुंचे। इस दौरान मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद घायल रिजवान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। रिजवान की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## संक्षिप्त समाचार



गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के गेट पर पंचायत करते किसान नेता व कार्यकर्ता।

### भाकियू लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं की पंचायत

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के गेट पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने पंचायत का आयोजन। इस पंचायत में क्षेत्र के काफी किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों की ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे, आवारा पशुओं का इंतजाम व कृषि सुरक्षा बल और उसके अलावा घरौनी बनाने की मांग को लेकर इन लोगों ने पंचायत की। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम सदर को भी सौंपा। सोमवार को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के गेट पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्र के काफी किसान शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर स्वराज सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अभी तक घरोनी बनाने का काम शुरू नहीं किया गया है।

### लूप की मांग को लेकर चालीसवें दिन भी धरना जारी

**गाजियाबाद।** मोहिद्दीनपुर खरखौदा मार्ग पर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर लूप की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना सोमवार को 40वें दिन भी जारी रहा। एनएचएआई द्वारा 17 लोगों पर कराए गई रिपोर्ट के खिलाफ आरपार की लड़ाई का एलान किया है। कल होने वाली महापंचायत में आंदोलन की आगे की रणनीति की तय की जाएगी। गांव भोजपुर से मेरठ के शास्त्री नगर तक दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे के पांचवे चरण का निर्माण कार्य चल रहा है। मोहिउद्दीनपुर खरखौदा मार्ग पर लूप की मांग को लेकर ग्रामीण 40 दिन से गांव चुड़ियाला में एक्सप्रेस वे के पास धरना दे रहे है। एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य रोक दिया था। तीन दिन पूर्व एनएचएआई द्वारा 17 किसानों के खिलाफनिर्माण कार्य रोकने पर भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली गई रैली

**नोएडा।** कभी निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल होने वाला बुलडोजर प्रचार के लिए इस्तेमाल होने लगा है। ग्रेटर नोएडा के गांव सादोपुर झाल में 1 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस दौरान निकाली गई जागरूकता रैली में बुलडोजर पर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें माफियाओं को सख्त संदेश देने का प्रयास किया गया। जागरूक रैली में बडी संख्या में चार पहिया और दो पहिया वाहन शामिल रहे। लेकिन सबसे ज्यादा लोगों को बुलडोजरों पर निकाली गई झांकी ने आकर्षित किया।

### थ्री सी ग्रीन डेवलपर्स को स्पोट्र्स सिटी के लिए नोटिस

**गाजियाबाद।** लीड डीड की शर्तों का उल्लंघन करने पर प्राधिकरण ने बड़ी कार्यवाही करते हुए थ्री सी ग्रीन डेवलपर्स को नोटिस किया है। ये नोटिस स्पोर्टस सिटी भूखंड संख्या एससी.01 सेक्टर.78, 79 और 101 के लिए जारी किया गया है। इसके तहत बिल्डर से कहा गया कि आपने मानचित्र के शर्तों का उल्लंघन किया गया है। ऐसे में क्यों न प्राधिकरण और आपके बीच हुई लीज डीड को निरस्त कर दिया जाए। 15 दिन में यदि जवाब नहीं मिलता तो ये कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन देवेंद्र निगम ने बताया कि 24 जून 2011 को बिल्डर को स्पोट्र्स सिटी के लिए भूखंड आवंटित किया गया था। लीज डीड में कई शर्तों को शामिल किया गया। इतना समय बीत जाने के बाद भी बिल्डर ने स्पोट्र्स एक्टिविटी को पूरी तरह से नजर अंदाज किया है। आवंटन की तिथि से तीन साल के अंदर 15 प्रतिशत स्पोट्र्स सुविधाएं विकसित की जानी थी लेकिन अभी तक स्पोट्र्स सुविधाएं विकसित नहीं की जा सकी। आवंटन की तिथि से 5 साल के अंदर सभी स्पोट्र्स सुविधाएं दी जानी थी।

# जीडीए वीसी के पत्र के विरोध में उतरे पार्षद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● इंदिरापुरम हैंडओवर की प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर छिड़ी रार, कहा शासनादेश का उल्लंघन हुआ तो हाईकोर्ट जाएंगे

इंदिरापुरम के नगर निगम को हैंडओवर की प्रक्रिया नगर निगम सदन ने अंतिम बोर्ड बैठक में रोक दी थी, लेकिन एक बार फिर से इसके हैंडओवर की रार छिड़ गई है। 18 मार्च को जीडीए वीसी राकेश कुमार सिंह ने नगर आयुक्त डा. नितिन गौड़ को हैंडओवर करने के लिए पत्र लिखा, जिस पर निवर्तमान पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना है कि कोर्ट व सदन की अवमानना और शासनादेश का उल्लंघन होगा। हैंडओवर हुआ तो वह हाई कोर्ट जाएंगे।

जीडीए वीसी ने अपने पत्र में 1983 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी भी संस्था की ओर से विकसित कालोनी में नगर निकाय संपत्ति कर वसूल रहा है तो वह निकाय को हस्तांतरित मानी जाएगी। नगर निगम वर्ष 2001 से इंदिरापुरम में संपत्ति कर ले रहा है। इसलिए हैंडओवर की प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

हैंडओवर की प्रक्रिया 2011.12 से चल रही है। जनवरी 2022 में जीडीए और नगर निगम की संयुक्त समिति ने निरीक्षण कर सभी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 288.54 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया था, जो जीडीए को देने थे। पिछले साल बोर्ड बैठक में भी इंदिरापुरम के हैंडओवर का प्रस्ताव पास हुआ था, जिसमें सेंट्रल वर्ज व पार्क, सफाई और स्ट्रीट लाइट की देखभाल नगर निगम को करनी थी। हालांकि, इस पर सहमति नहीं बन पाई थी और 23 जनवरी 2023 को अंतिम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हुआ था कि निकाय चुनाव के बाद अगले बोर्ड के गठन तक किसी कालोनी का हैंडओवर नहीं होगा।

जीडीए वीसी ने भी अपने पत्र में 288.54 करोड़ रुपये का जिक्र नहीं किया। राजेंद्र त्यागी का कहना है कि सदन के साथ नगर निकाय चुनाव से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 दिसंबर 2022 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी कहा था कि चुनाव होने तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित नगर निकाय की प्रशासक समिति सिर्फ दैनिक कार्य करेगी।

# सांसद महेश शर्मा ने एग्जीक्यूटिव बस सेवा का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा महेश शर्मा ने एक्जीक्यूटिव बस सेवा के तहत बोटेनिकल गार्डन से दो बसों को हरी झंडी देकर इस सेवा का शुभारंभ किया। यह सेवा उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत एवं संचालित हैं। नार्दन इन्फ्रा स्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट प्रालि ने इन्वेस्टर्स समिट में 500 करोड़ का निवेश प्रस्ताव 500 निजी बसें चलाने का दिया गया था। यह बसे नोएडा से प्रारंभ होकर ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मोदीनगर, मेरठ आदि अन्यत्र जगहों पर जायेगी।

शीघ्र ही अगले फेस की बसों का शुभारंभ किया जाएगा व इस निवेश से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 4000 रोजगार सर्जन होंगे। सांसद द्वारा नोएडा एक्सटेशन के लिए भी कम्पनी के द्वारा शीघ्र बस सेवा शुरू कराने का ऐलान किया। इस कार्यक्रम में राजीव गुम्बर विधायक सहारनपुर, कैप्टन विकास गुप्ता राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, ईश्वर गोयल प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि, प्रकाश गोयल अध्यक्ष आईआईए सहारनपुर, सचिन गोयल चेयरमैन एमएसएमई स्टार्टअप फोरम उत्तर प्रदेश, मनीष गुप्ता, अतुल गुप्ता आदि मौजूद थे।

# फैक्ट्री में डकैती डालने वाले दो घंटे में धरे गए

**नोएडा।** थाना इकोटेक 1 क्षेत्र में बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कपड़े की एक फैक्ट्री पर धावा बोला। बदमाश गार्ड व अन्य कर्मचारियों को बंधक बनाकर फैक्ट्री से लाखों रुपये मूल्य के कपड़े के रोल को कैंटर में भर कर फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 2 घंटे के भीतर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लूटे गए माल को बरामद कर लिया है।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया कि पीआरवी कंट्रोल 112 के माध्यम से डकैती की सूचना मिली। थाना इकोटेक 1, ईकोटेक 3 की पुलिस ने कार्रवाई करते बदमाशों को धर दबोचा।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार बनी आग का गोला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव पलौता के पास कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। कार सवार लोगों ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। फिलहाल हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

मेरठ की साकेत कॉलोनी निवासी मनोज गुप्ता अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कार से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे मार्ग से मेरठ से गाजियाबाद की ओर जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव पलौता के पास पहुंचे तो अचानक कार के अगले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

अचानक आग लगने से चालक मनोज गुप्ता ने कार को साइड में लगा दिया और परिवार सहित छलांग लगा दी। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। कार में आग लगने से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। वहां से गुजर रहे वाहन एका एक रुक गए।

सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। एफएसओ अमित कुमार ने बताया कि कार में लगी आग पर काबू कर लिया गया तथा हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ने कार को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: **L65922DL2005PLC136029**] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **29.04.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLDMT00391321**; के लिए **रु. 15,43,348/- (रुपए पंद्रह लाख तैंतालीस हजार तीन सौ अड़तालीस मात्र)** के लिए **21.03.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.03.2023** से प्रभावी जो **राजेश चावला, कृष्ण चावला, संदीप चावला** और **संतोष रानी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 34,50,000/- (रुपए चौंतीस लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 3,45,000/- (रुपए तीन लाख पैंतालीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपत्ति नं. 1**

**रोहिणी रेजिडेंशियल स्कीम, नई दिल्ली- 110089 के लेआउट प्लान में स्थित ब्लॉक और पॉकेट सी -1, सेक्टर -16, कुल क्षेत्रफल 25.90 वर्ग मीटर में फ्री होल्ड बिल्ट-अप प्रॉपर्टी नं. 217 की फ्री होल्ड बिल्ट-अप प्रॉपर्टी का संपूर्ण ऊपरी तल मंजिल (बिना छत के अधिकार) पार्किंग में सामान्य अविभाजित एक चौथाई (1/4) शेयर सहित स्थित है और जो निम्न प्रकार परिबद्ध है:-**
**पूर्व: संपत्ति नं. 216**
**पश्चिम: संपत्ति नं. 218**
**उत्तर: प्रवेश**
**दक्षिण: सर्विस लेन**

**संपत्ति नं. 2**

**रोहिणी रेजिडेंशियल स्कीम, नई दिल्ली- 110089 के लेआउट प्लान में स्थित ब्लॉक और पॉकेट सी -1, सेक्टर -16, कुल क्षेत्रफल 25.90 वर्ग मीटर में फ्री होल्ड बिल्ट-अप प्रॉपर्टी नं. 218 की फ्री होल्ड बिल्ट-अप प्रॉपर्टी का संपूर्ण ऊपरी तल मंजिल (बिना छत के अधिकार) पार्किंग में सामान्य अविभाजित एक चौथाई (1/4) शेयर सहित स्थित है और जो निम्न प्रकार परिबद्ध है:-**
**पूर्व: संपत्ति नं. 217**
**पश्चिम: संपत्ति नं. 219**
**उत्तर: 8 मीटर रोड**
**दक्षिण: सर्विस लेन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
**दिनांक: 24.03.2023** अधिकृत अधिकारी
**स्थान: नई दिल्ली** इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

My client, HERO HOUSING FINANCE LIMITED is mortgaging one property bearing address third floor, with roof rights, plot bearing no. 21, admeasuring 168 sq. yds. out of rect. no.9, killa no.27-30, and rect no.9 killa no.3 "Shiv Puri", village Khureji Khas, Illaqa Shahdara Delhi-110051 currently owned by Sh. Rajesh Chawla, Sh. Sanjay Kumar, Sh. Deepak Gulati and Smt. Lalita Chopra virtue of sale deed 25.06.2022 doc. no. 5445 SR-VIII, Delhi. This property was trasferred by legal heir of Leela Wanti Khanna namely Ramesh Chander Bagga who became owner by virtue of reliquishment deed executed by Arvind Bagga, Sudesh Bajaj, Shashi Bala, Prem Bagga, Amit Bagga And Neeraj Bagga doc. no. 3540 dated 04.05.2022. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 7 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092**
**Mobile No. 9811215181**

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: **L65922DL2005PLC136029**] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **20.04.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLRHN00351557**; के लिए **रु. 16,53,835/- (रुपए सोलह लाख तिरपन हजार आठ सौ पैंतीस मात्र)** के लिए **23.03.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **24.03.2023** से प्रभावी जो **राज कुमार सिंह, रीता देवी, पंकज भसीन, दीपक गुप्ता, विनीत कुमार और राजेश गोयल** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 13,50,000/- (रुपए तेरह लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,35,000/- (रुपए एक लाख पैंतीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर 52 और 53, तीसरी मंजिल (रियर एलएचएस / दक्षिण-पूर्वी भाग), खसरा नंबर 7/20/1, ब्लॉक- एफ, गली नंबर 10, ओम विहार एक्सटेंशन, नई दिल्ली, दिल्ली - 110059**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
**दिनांक: 24.03.2023** अधिकृत अधिकारी
**स्थान: नई दिल्ली** इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

# मोदीनगर में 4 घंटे में 3 महिलाओं से लूटपाट

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में सोमवार को बदमाशों ने चार घंटे के अंदर तीन महिलाओं से लूट की। बदमाशों ने दो महिलाओं से मंगलसूत्र और एक महिला से मोबाइल लूटकर ले गए।

गांव जलालाबाद निवासी जितेन्द्र कुमार पत्नी सोनम से सोमवार सुबह गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर से दो बदमाशों ने मंगलसूत्र लूट लिए। इसके अलावा मुरादनगर की महिला अर्चना पत्नी मोनू से भी बदमाशों ने मंगलसूत्र लूट लिया। दोपहर में मंदिर से बाहर गोविन्दपुरम की मोनिका वर्मा पत्नी राजकुमार वर्मा का मोबाइल लूट लिया। महिलाओं ने इसकी सूचना तत्काल मेले में लगे पुलिस कंट्रोल रूम में दी है।

# लैपटॉप चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में लैपटॉप चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के साथ पुलिस।

ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने पीजी और घरों में घुसकर लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से चोरी के 23 लैपटॉप, 13 लैपटॉप बॉडी और अन्य चोरी का सामान बरामद हुआ है।

बीटा 2 थाना क्षेत्र और अन्य थाना क्षेत्र में लगातार पीजी और घरों से लैपटॉप चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। पुलिस ने जब इन सभी घटनाओं की जांच पड़ताल की तो पता चला कि एक गिरोह सक्रिय है, जो पीजी और घरों में घुसकर लैपटॉप चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। इसके बाद पुलिस ने चोरों की तलाश में जुट गई। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज, मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान मेरठ निवासी सिराज, हरिद्वार निवासी राहिल, बिजनौर निवासी वजाहत और शाहआलम को रयान गोलचक्कर के पास गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह सुबह के समय में पीजी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। यह पीजी में घुस जाया करते थे, पीजी में रह रहे लड़के सुबह को इनका ध्यान नहीं देते थे। इनको अपना साथी ही समझा करते थे, उसी दौरान यह कमरों में घुसकर लैपटॉप उठाकर वहां से फरार हो जाया करते थे। इसी तरह से यह मोबाइल चोरी की वारदातों को भी अंजाम देते थे।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शंकर शर्मा/ साक्षी शर्मा/ LBGHZ00004929508 | फ्लैट नंबर-141, ग्राउंड फ्लोर, टावर-10, एरोकॉन गोल्फविले, प्लॉट नंबर- जीएच-07, क्रॉसिंग रिपब्लिक, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/22 मार्च, 2023 | अक्टूबर 26, 2022 रु. 23,30,071/- | दिल्ली |
| 2. | विवेक डांग/ LBDEL00000887867 | फ्लैट नंबर- 963, टाइप- III सेक्टर- 29, अरुण विहार नोएडा यू.पी./ 22 मार्च, 2023 | अक्टूबर 26, 2022 रु. 2,41,683/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 28, 2023** प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सार्वजनिक सूचना**

नोटिस एतद्व द्वारा दिया जाता है कि शेयर सर्टिफिकेट न. (ं) 36891 हेतु 100 शेयर (ं) जिसके डिस्टिंक्टिव न० (ं) 3687201 - 3687300 आइशर मोटर्स लिमिटेड जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय 3rd फ्लोर, सिलेक्ट सीटीवॉक, A-3, डिस्ट्रिक्ट सेंटर साकेत नई दिल्ली 110017, के नाम से रजिस्टर्ड है हरबंस सिंह साहनी के क्रमानुसार फोलियो न० 0026882 के अंतर्गत गम हो गए है |मै जीत कौर (पत्नी श्री हरबंस सिंह साहनी लीगल हेयर) ने अघ उपरोक्त के बदले डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट (ं) के निर्गमन के लिए कंपनी को आवेदन किया है | कोई व्यक्ति जिसे मूल शेयर सर्टिफिकेट (ं) के निर्गमन के बारे कोई आपत्ति है और पूर्वोक्त ने उनकी उपरोक्त कंपनी पते पर इस सम्बन्ध में पुरुष/महिला/वे आपत्ति या इनके 3rd फ्लोर, सिलेक्ट सीटीवॉक, A-3, डिस्ट्रिक्ट सेंटर साकेत नई दिल्ली 110017 के पास प्रकाशन कि तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित में दर्ज करवाने का अनुरोध है

**जीत कौर**
**3rd फ्लोर, सिलेक्ट सीटीवॉक, A-3, डिस्ट्रिक्ट सेंटर साकेत नई दिल्ली 110017**
**स्थान - दिल्ली**
**दिनांक -27-03-2023**

# निगम ने प्रतीक ग्रैंड सिटी को किया सील, खरीद पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




● समूह पर संपत्ति कर के 4346709 रुपये हैं बकाया

सिद्धार्थ विहार की प्रतीक ग्रैंड सिटी प्रोजेक्ट को नगर निगम ने सोमवार दोपहर सील कर दिया। प्रतीक समूह पर संपत्ति कर के 4346709 रुपये बकाया हैं। लगातार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया तो मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा संजीव सिन्हा पुलिस प्रवर्तन दस्ते के साथ ग्रुप के सेल्स आफिस पहुंचे और कार्यालय को सील कर दिया।

यदि बकाया का भुगतान नहीं किया गया तो कुर्की व नीलामी करके कर की वसूली की जाएगी। सील करने के साथ नोटिस चस्पा किया गया है कि यहां पर संपत्ति खरीदने से पहले नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण.पत्र जरूर प्राप्त कर लें। आर्थिक संकट से जूझ रहे नगर निगम को संपत्ति कर से इस बार बड़ी उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2022.23 इसी सप्ताह खत्म हो जाएगा और इसीलिए नगर निगम ने संपत्ति कर की वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। डा सिन्हा रोजाना शहर में दलबल के साथ निकलते हैं और हर जोन में बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को सील कर रहे हैं। डा सिन्हा ने बताया कि इस साल अभी तक 180 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है, जबकि पिछले वर्ष 155 करोड़ रुपये संपत्ति कर के रूप में मिले थे। हालांकि, इस साल करीब ढाई लाख नए करदाता भी जुड़े थे। इसीलिए नगर निगम का लक्ष्य 350 करोड़ रुपये है। इसके मुकाबले काफी कम लोगों ने कर का भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह से संपत्तियों को सील करने की कार्रवाई चल रही है। इस दौरान कई बड़े बकायेदारों ने सीलिंग से डरकर कर का भुगतान किया है। प्रतीक ग्रैंड सिटी पर साल 2016.17 से कर लगाया जा रहा है। अभी तक बिल्डर की ओर से एक भी बार संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया है। इस वर्ष भी नोटिस दिया गया, जिसका संज्ञान नहीं लिया। सोमवार को प्रतीक ग्रैंड सिटी के साथ पांच और बड़ी संपत्तियां सील की गई हैं। अगले चार दिन यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस संबंध में प्रतीक ग्रैंड सिटी के अध्यक्ष एसके मित्तल से संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्हें फोन काट दिया। मैसेज का भी उनक ओर से कोई जवाब नहीं आया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बिजली सब्सिडी खत्म करने की हो रही साजिश : सरकार

## मुख्यमंत्री ने डिस्कॉम की छूट का ऑडिट कराने का दिया आदेश

● बिजली मंत्री ने उपराज्यपाल सक्सेना के खिलाफ खोला मोर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करतीं बिजली मंत्री आतिशी।

मुफ्त बिजली योजना को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में जंग तेज हो गई है। बिजली मंत्री आतिशी ने इस मुद्दे पर एलजी विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ अब खुलकर मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने दावा किया ऐसा लगता है कि दिल्ली सरकार की मुफ्त बिजली योजना को रोकने के लिए बड़ी साजिश की जा रही है। साथ ही आरोप भी लगाया कि मुफ्त बिजली योजना की फाइलें सीएम और बिजली मंत्री को ही नहीं दिखाई जा रहीं इससे पता चलता है कि कुछ तो गड़बड़ है। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिस्कॉम को दी जा रही सब्सिडी का ऑडिट कराने का आदेश दिया है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है। नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के पैनल में शामिल एजेंसियां ऑडिट करेंगी और इस संबंध में निर्देश दो से तीन दिनों में जारी किए जाएंगे।

विधानसभा परिसर में सोमवार को आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की शह पर अफसरों द्वारा चुनी हुई दिल्ली सरकार को मुफ्त बिजली योजना की फाइल नहीं दिखाई जा रही है। आनन- फानन में बिजली कंपनियों के बोर्ड में सरकार द्वारा लगाए गए विशेषज्ञों को हटाया जा रहा है। इससे साफ हो रहा है कि लोगों को दिल्ली सरकार द्वारा मिल रही फ्री बिजली की योजना को रोकने के लिए बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है। इन साजिशों का पता लगाने के लिए सीएम के निर्देश पर सभी बिजली कंपनियों के पिछले 8 सालों के खातों की कैग के ऑडिटर से स्पेशल ऑडिट की जाएगी।

बिजली मंत्री के मुताबिक मुफ्त बिजली से जुड़े कई तथ्य सामने आए हैं, वह बेहद गंभीर सवाल उठाते हैं। 15 दिन बीतने के बाद भी एलजी दफ्तर से फ्री बिजली के संबंध में जो फाइल निकली वो अबतक मुख्यमंत्री, बिजली मंत्री या कैबिनेट तक नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि लोगों को 24 घंटे और मुफ्त बिजली देना केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्धता है। अगर कोई भी इसे साजिशन रोकने का प्रयास करता है तो उसे सफल नहीं होने देंगे।

## बजट में वादे किए, भूल जाती है सरकार : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार बजट पेश करती है लेकिन उसके बाद उस बजट को भूल जाती है। हर साल वादे होते हैं और फिर उन्हें भुला दिया जाता है। बजट में किए वादों पर कोई अमल नहीं किया जाता।

चर्चा में हिस्सा लेते हुए बिधूड़ी ने सोमवार को पिछले साल के रोजगार बजट के वादों को याद दिलाया और कहा कि दिल्ली सरकार ने उनमें से एक वादा भी पूरा नहीं किया। आप सरकार ने 5 साल में 20 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था और इस हिसाब से हर साल 4 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए था लेकिन 4 लोगों को भी रोजगार नहीं मिला। शापिंग फेस्टिवल लगाने के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया लेकिन फेस्टिवल का अता-पता नहीं। इसी तरह रोजगार पोर्टल से एक लाख लोगों को रोजगार, क्लाउड किचन और स्मार्ट अर्बन फार्मिग से 25 हजार महिलाओं को रोजगार और ट्रक फूड पॉलिसी को भी सरकार भूल गई। यही नहीं, पांच मार्केटों के रिडेवेलपमेंट के वादे को भी सरकार भूल गई।

## विधानसभा बजट सत्र : जितने काम 65 साल में हुए, आप सरकार में उससे दोगुने : केजरीवाल

● सीएम ने विपक्ष पर कसा तंज, वर्ष 2014 मे केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद ब्रह्मांड अस्तित्व मे आया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सदन को संबोधित करते सीएम केजरीवाल।

विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित कर आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा पिछले आठ वर्षों में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा रखा। साथ ही, आने वाले वर्षों में किए जाने वाले प्रमुख कार्योंड्ड का भी जिक्र किया। केजरीवाल ने कहा कि पिछले 65 सालों में दिल्ली में जितने काम हुए थे, उनकी सरकार ने मात्र आठ साल में उससे दोगुने काम करके दिखाया है। दिल्ली एक मॉर्डन शहर बनने की तरफ तेजी से बढ़ रही है और जल्द ही दुनिया के चुनिंदा शहरों में इसका नाम शुमार होगा। इससे पहले विधाननसभा में सोमवार को वित्त मंत्री कैलाश गहलोत के संबोधन के दौरान हंगामा करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी के विधायक अभय वर्मा को सुरक्षाकर्मियों द्वारा सदन से बाहर कर दिया गया।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली मॉडल को भी समझाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली मॉडल में जीरो करप्शन है, पढ़ी-लिखी ईमानदार सरकार है, जो हर तबके को अच्छी व मुफ्त शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी दे रही है। इसके अलावा तीर्थ यात्रा, महिलाओं का बसों में यात्रा व राशन भी मुफ्त है। इन सहूलियतों की वजह से लोगों को महंगाई से राहत है। इसके बावजूद उनकी सरकार का बजट मुनाफे में हैं। दिल्ली में इंफ्रा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए 21 हजार करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। हर घर को नल से भरपूर साफ पानी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रोजाना पानी का पता लगाने के लिए हर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, प्राइमरी-सेकेंडरी यूजीआर और हर टैपिंग पर वाटर फ्लो मीटर लाएंगे। केजरीवाल ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी विधायकों पर भी कटाक्ष किया कि वर्ष 2014 में ब्रह्मांड अस्तित्व में आया, जब भाजपा केंद्र की सत्ता में आई थी। प्रभु सूर्य और चंद्रमा आपकी वजह से हैं। यह सब आपकी वजह से है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार पढ़ी लिखी सरकार का मॉडल है। हमारे मॉडल में सभी वर्ग के विकास के लिए सब कुछ है। बेहतर ट्रांसपोर्ट, साफ-सुथरी सड़कें का मॉडल है।

### भाजपा विधायक ने उठाया आवारा कुत्तों का मामला

आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक का मामला सोमवार को विधानसभा में उठा। भाजपा विधायक अजय महावर ने कुत्तों समेत अन्य जानवरों से संबंधित घटनाओं के राजधानी में बढ़ने और उनके आतंक का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रोजाना आवारा कुत्तों समेत अन्य जानवरों के काटने से संबंधित लगभग 100 घटनाएं सामने आ रही हैं जिसमें आम लोग शिकार हो रहे हैं। उन्होंने लोगों को इससे निजात दिलाने के लिए सोमनाथ भारती कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गंभीरता से सख्त फैसले लेने की जरूरत है। अजय महावर ने पिछले दिनों वसंत कुंज इलाके में आवारा कुत्तों द्वारा दो सगे भाइयों नोंच खाने से उनकी मौत की घटना का जिक्र करते हुए सरकार से संजीदगी से काम करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### एबीवीपी ने सीयूईटी के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीयूईटी का फॉर्म भरने वाले छात्रों की सहायता के लिए इस वर्ष भी बहुभाषी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं है। सीयूईटी स्नातक और परास्नातक का फॉर्म भरते समय छात्र इन नंबरों पर फोन करके इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर से नि:शुल्क सहायता ले सकते हैं। इसके अलावा केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर 011-27662725 या abvpdelhi.org@gmail.com पर ईमेल करके भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मालूम हो कि सीयूईटी स्नातक के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 मार्च और पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए 19 अप्रैल है।

### संपत्ति कर नहीं देने पर पैराडाइज मॉल सील

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित पैराडाइज मॉल को दिल्ली नगर निगम ने सील कर दिया है। पैराडाइज मॉल पर करीब तीन करोड़ रुपये का संपत्ति कर बकाया है। निगम अधिकारियों ने दावा किया कि संपत्ति करदाता को एमसीडी द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद करदाता बकाया कर का भुगतान करने में विफल रहा है। दिल्ली नगर निगम विभिन्न क्षेत्रों में फार्म हाउस समेत अन्य संपत्तियों के खिलाफ बाकायादा संपत्ति कर के भुगतान नहीं किए जाने बकायदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

### मेडिकल कॉलेज में दाखिले के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने के नाम ठगी करने वाले युवक को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रानी बाग के मुल्तानी मोहल्ला निवासी लकी सिद्धू के रूप में हुई है। लकी पहले सिद्धू प्रॉपर्टी डीलर था और वर्ष 2016 में उसने द्वारका मोड़ पर अपनी कंसल्टेंसी फर्म शुरू की। वह एमबीबीएस कोर्स में प्रवेश दिलाने के बहाने पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी में लोगों को ठगने के मामले में वांछित था। आरोपी दो साल से फरार था।

### दो सौ बाल श्रमिकों को छुड़ाया, छापेमारी जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को सोमवार को सूचित किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी में बाल श्रमिक के तौर पर काम कर रहे 200 से अधिक बच्चों को छुड़ाया गया और आगे की छापेमारी जारी है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने दिल्ली के वकील को मामले में एक और स्थिति रिपोर्ट दायर करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और इसे चार मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। उच्च न्यायालय गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने दिसंबर 2019 में दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में एक कारखाने में आग लगने के बाद याचिका दायर की थी।

### उप्र में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2014 के संसदीय चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध दर्ज मामले में कार्यवाही पर अंतरिम रोक सोमवार को बढ़ा दी। केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

### बच्चियों के सामने अश्लील हरकतें करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुद्ध विहार इलाके में नाबालिग लड़कियों का पीछा करने और उनके सामने अश्लील हरकतें करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना दो मार्च को हुई और आरोपी संजय को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आठ और दस साल की उम्र की दो नाबालिग बहनें अपने घर के बाहर खेल रही थीं, तभी आरोपी वहां पहुंचा और उनके सामने अश्लील हरकतें कीं।

## निगम के वित्तीय संकट से निपटने को आप-भाजपा दूर करें मतभेद : अनिल

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों को दिल्ली नगर निगम में वित्तीय संकट दूर करने हेतु बजट को 31 मार्च से पहले पारित करने के लिए अपने मतभेदों को दर किनार करें।

उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि एमसीडी ने दिल्ली सरकार को एमसीडी हाउस का सत्र तुरंत बुलाने के लिए लिखा है क्योंकि सत्र आयोजित करने से पहले पार्षदों को 72 घंटे का नोटिस देना होता है। अभी तक मेयर के चुनाव के बाद सदन का पहला सत्र भी बुलाया नहीं जा सका है।

## राहुल गांधी के समर्थन में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राहुल गांधी के समर्थन में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने का विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया और जब उन्होंने संसद की ओर मार्च करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए देश भर से प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए और विपक्ष की आवाजों को चुप करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के झंडे और सत्यमेव जयते की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के लिए न्याय की मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा,केंद्र ने दिखाया है कि कोई भी मोदी सरकार से बात नहीं कर सकता है या सवाल नहीं कर सकता है। राहुल ने अडाणी के बारे में सवाल उठाए थे इसलिए उन्हें अयोग्य ठहराकर चुप कराने का प्रयास किया।

## आईआईएम में प्रशिक्षण लेंगे दिल्ली अधिकारी

**नई दिल्ली।** एलजी की मंजूरी के बाद दिल्ली सरकार के अधिकारी विजन-2047 और मिशन-2023 के तहत भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में आवासीय प्रशिक्षण लेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशिक्षण के लिए अधिकारी आईआईएम केंद्र जाएंगे।

## बजट पर चर्चा के लिए आज एमसीडी की विशेष बैठक

● व्यापारियों को फायदे के लिए आप एमसीडी बजट में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली नगर निगम को सदन की बजट बैठक बुलाने की अनुमति दे दी है। इसके बाद निगम ने भी 28 मार्च को बजट बैठक बुलाने का नोटिस जारी कर दिया है। इसमें नेता सदन से नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा करेंगे।

नियमों के अनुसार, निगम का बजट 31 मार्च तक पारित कराना जरूरी है। इस बीच आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए एमसीडी बजट में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी। आम आदमी पार्टी के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनकी पार्टी मंगलवार को एमसीडी बजट में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी।

## तीन साल बाद जगी डीयू छात्रसंघ की उम्मीद

● विश्वविद्यालय अधिकारियों ने चुनाव सितंबर में होने की जताई संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तीन साल के अंतराल के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव होने की उम्मीद जगी है। कोविड महामारी के कारण विश्वविद्यालीय राजनीति का महत्वपूर्ण चुनाव टलता आ रहा था। दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कहा है कि इस साल सितंबर में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की संभावना है।

विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि हम सितंबर में चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस साल के अंत तक चुनाव संपन्न होंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डीयूएसयू) अधिकांश कॉलेजों और संकायों के छात्रों का मुख्य प्रतिनिधि निकाय है।

इसके अलावा, प्रत्येक कॉलेज का अपना छात्र संघ होता है, जिसके चुनाव हर साल होते हैं। डीयूएसयू चुनाव विश्वविद्यालय और सदस्य कॉलेजों के छात्रों द्वारा प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं। आमतौर पर चुनाव का आयोजन अगस्त और सितंबर महीने में होता है।

छात्र संघ चुनाव में 500 पदों के लिए करीब 2500 छात्र चुनाव लड़ते हैं, जिसमें लगभग एक लाख छात्र मतदान करते हैं। चुनाव कराए जाने को लेकर अधिकारियों की सराहना करते हुए डीयूएसयू के अध्यक्ष अक्षित दहिया ने कहा कि यह लोकतंत्र का छोटा स्वरूप है। हालांकि, मैं कहूंगा कि यह दुनिया में सबसे बड़ा छात्र निकाय चुनाव है।

उन्होंने कहा कि आखिरी चुनाव सितंबर 2019 में हुए थे। पिछले साल चुनाव नहीं हो सके थे, क्योंकि कोविड महामारी के चलते बदली व्यवस्था के कारण स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश देर से शुरू हुआ और फिर परीक्षाएं हुईं।

## पुराना किला झील में फिर कर सकेंगे नौका विहार!

### सरकार ने 2016 से बंद झील को फिर गुलजार करने का रखा प्रस्ताव, एएसआई को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



फाइल फोटो

पुराने किले वाली झील फिर गुलजार हो सकती है और पर्यटक यहां नौका विहार का लुत्फ उठा सकते हैं। दिल्ली सरकार ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से पुराना किला झील में नौका विहार फिर से शुरू करने की अनुमति देने का आग्रह किया है और कहा है कि इससे जी-20 प्रतिनिधियों के दौरे के दौरान राजधानी के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

इस संबंध में सोमवार को एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पर्यटन विभाग ने 1991 से पुराना किला झील में मनोरंजक नौका विहार की व्यवस्था की थी, हालांकि एएसआई के साथ पर्यटन विभाग का समझौता 2016 में समाप्त होने के बाद नौका विहार को निलंबित कर दिया गया था।

प्राचीन इंद्रप्रस्थ शहर स्थल पर स्थित पुराने किले में लगभग दो किलोमीटर का सर्किट है। झील में नौका विहार प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक था। पर्यटन विभाग ने जनवरी में एएसआई को पत्र लिखकर नौका विहार फिर से शुरू करने पर विचार करने का अनुरोध किया था।

झील को दिल्ली विकास प्राधिकरण से एएसआई को स्थानांतरित किए जाने के बाद दिल्ली पर्यटन और एएसआई ने 2007 में एक समझौता किया। अधिकारी ने कहा कि समझौते के तहत दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम नौका विहार से प्राप्त कुल राजस्व का 12.5 प्रतिशत हिस्सा वार्षिक आधार पर एएसआई को दे रहा था।

अधिकारी ने कहा कि एएसआई की कुछ विकासात्मक योजनाओं के कारण, समझौते का नवीनीकरण नहीं किया गया और 12 अगस्त, 2016 को नौका विहार बंद कर दिया गया। अब एएसआई को लिखे पत्र में कहा गया है कि निगम पहले से ही कई झीलों में नौका विहार करा रहा है। इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित किसी भी झील में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

पत्र में कहा गया है कि डीटीटीडीसी नौका विहार गतिविधि प्रदान करने में अग्रणी है और दिल्ली में एकमात्र एजेंसी है, जो दिल्ली की विभिन्न झीलों में मामूली शुल्क पर सार्वजनिक स्वस्थ मनोरंजन की सुविधा प्रदान कर रहा है।

डीटीटीडीसी के पास नौका विहार के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी हैं, जिन्हें जीवनरक्षक तकनीकों की अच्छी जानकारी है। इसमें नौका विहार को फिर से शुरू करने के प्रस्ताव का भी उल्लेख किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि चूंकि भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है, इसलिए यहां यह उल्लेखनीय है कि जी-20 प्रतिनिधियों की यात्रा के दौरान नौका विहार फिर से शुरू करना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का एक अतिरिक्त आकर्षण होगा।

YEIDA FUTURE IS HERE

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ओमेगा-1, (पी-2), ग्रेटर नौएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई0ई0ए0/GM(P)/2023/729 ई-निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक: 24.03.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या वाई.ई.ए./GM(P)/2023/728 दिनांक 24.03.2023 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारन्टी/एन0एस0सी0 के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Diversion & Ramps Dankaur Jhajhar Road for Connecting 45.0 mtr wide road in YEA. Wc-01 | रु. 07.54 लाख |
| 2 | P/o Trees Shrubs on Internal roads in Sec. 32 with two year Maintenance for yea. Wc-Horti | रु. 41.92 लाख |
| 3 | Barbed wire fenching on central verge of 45 mtr. wide road near plot no.-A1 & A-8 in Sector 29 YEIDA. Wc-Horti | रु. 28.72 लाख |
| 4 | C/o Boundary wall of park near plot no.-491 & 332 Pocket-2B Sector-18 yeida. Wc-Horti | रु. 29.24 लाख |
| 5 | C/o Boundary wall for park near plot no. 421 in Sector-32 YEIDA. Wc-Horti | रु. 40.10 लाख |
| 6 | Barbed wire fencing on Central verge on 30 mtr wide internal road from plot no. 1328 to 1779 & From plot No. 974 to 1576 Sector-32 YEIDA | रु. 27.58 लाख |

जिन्हें दिनांक **28.03.2023** से **11.04.2023** को **5:00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक **12.04.2023** को प्रातः **11.00 बजे** खोली जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 7 | Barbed wire fencing work on remaining Central verge and green belt towards Sec-32 side of remaining length of 100 mtr road between sec-29 & 32 YEIDA. Wc-Horti | रु. 20.10 लाख |
| 8 | Plantation of Trees Shrubs in Kabristan of Village- Siroli Bangar with two year Maintnenace for YEIDA. Wc-Horti | रु. 04.78 लाख |
| 9 | C/o boundary wall of park near plot no-386 & 333 and 294 & 149 Pocket- 2C Sector-18, YEIDA. Wc-Horti | रु. 68.08 लाख |
| 10 | C/o boundary wall of park near plot no-109 & 132 and 512 & 616 Pocket-O Sector-20, yea Wc-Horti | रु. 69.10 लाख |
| 11 | C/o boundary wall of park No-2 & 3 Pocket-20 YEIDA. Wc-Horti | रु. 84.52 लाख |
| 12 | Maintenance work of water supply in affordable houses Sce-22D, YEA (Part-B) Wc-02 | रु. 29.65 लाख |
| 13 | Maintenance work of water supply in affordable houses Sce-22D, YEA (Part-A) Wc-02 | रु. 35.64 लाख |

जिन्हें दिनांक **29.03.2023** से **12.04.2023** को **5:00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक **13.04.2023** को प्रातः **11.00 बजे** खोली जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 14 | Annual Repairing & Maintenance of Various Type of AC in YEIDA office Building Greater Noida, Wc-Asset | रु. 04.99 लाख |
| 15 | Providing and Fixing Stainless Steel dustbin 60 Ltr Capacity in Village-YEA wc-06 | रु. 09.18 लाख |
| 16 | Construction of Shed With Chabutra and Approach road (khadanja) for shamshan Village- Reelka, YEA Wc-06 | रु. 14.57 लाख |
| 17 | Supply of Sweepers for Government School in Village, YEA, Wc-06 | रु. 11.48 लाख |
| 18 | Temporary Laying of Kharanja from mahasya House in village-faleda bangar to Dhanpura Sampark Marg, YEA Wc-06 | रु. 18.58 लाख |
| 19 | Supply and Fixing of Swings, Benches and Dustbins in parks of R and R Jewar Banger Area YEIDA Wc-horti | रु. 59.68 लाख |

जिन्हें दिनांक **31.03.2023** से **13.04.2023** को **5:00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक **17.04.2023** को प्रातः **11.00 बजे** खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 मार्च, 2023



# आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी जैसे सेंटर चलाए जा रहे पूरे देश में : विधायक सिंगला

## सुधीर सिंगला ने कहा, संस्था का मानवतावादी विचार ऐसे ही फैलता रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



जैन श्वेतांबर की ओर से बनाए गए फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला। फीता काटने के दौरान साथ खड़े अन्य लोग।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल की ओर से शुरू किए गए आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अच्छा प्रयास है। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल गुरुग्राम की अध्यक्ष रूबी बापना, मंत्री पूनम जैन, पुष्प, अनिल जैन मंजू भूतोरिया, सुनीता जैन, शिल्पी बेद, कुसुम, जैन समाज के वरिष्ठजन अशोक जैन, अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष समेत अनेक लोगों की यहां उपस्थिति रही।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि वर्ष 1966 से कन्याओं, महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह संस्था काम कर रही है। इसके लिए सभी महिलाएं बधाई की पात्र हैं। संस्था के कार्यों को उन्होंने देखा है और यह कह सकते हैं कि यह भी मानवता की सच्ची सेवा है। संस्था समाज उत्थान के लिए काम कर रही है। जब उन्हें बताया गया कि इस तरह से फिजियोथैरेपी सेंटर देशभर में चलाए जा रहे हैं, इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि संस्था समाजसेवा के जिस मार्ग पर चल रही है, आगे और भी अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए आमजन को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएं। संस्था का मानवतावादी विचार ऐसे ही फैलता रहे।

अपने पिता स्वर्गीय सीताराम सिंगला जी की प्रेरणा को साझा करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही हमें समाजसेवा और लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। विधायक बोले, आज मैं भी राजनीतिक के जरिये समाज की सेवा में लगा हूं। पिछले साढ़े तीन साल में कोरोना के भयानक समय में जब लोग घरों पर थे तो वे सड़कों पर निकलकर समाजसेवी संस्थाओं के साथ लोगों को भोजन, राशन, दवाइयां आदि पहुंचाने के साथ सेवा में लगे लोगों का हौंसला बढ़ा रहे थे।

इस तरह की सेवा भावना उन्हें विरासत में मिली है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के विकास के लिए भी लगातार प्रयास जारी रखा है। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े काम को बराबर मानकर किया है। इसी का परिणाम है कि आज गुरुग्राम शहर में सड़कों का जाल बिछ चुका है। अनेक फ्लाईओवर, अंडरपास, सामुदायिक भवन, खेलों का विकास, सेक्टर-52 में कन्या कालेज, सेकटर-14 कन्या कालेज में छात्रावास समेत सैंकड़ों पूर्ण हो चुके हैं। विधायक ने यह भी कहा कि काम अभी पूरे नहीं हुए हैं। बहुत से काम चल रहे हैं और बहुत से पाइपलाइन में हैं। सभी कार्य पूर्ण होंगे।

# भाजपा के विभाग, प्रकोष्ठ, मोर्चा के पदाधिकारियों की हुई बैठक



गुरुग्राम में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक लेती जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**गुरुग्राम।** जिला अध्यक्ष गागीज़ कक्कड़ की अध्यक्षता में विभाग, प्रकोष्ठ, के संयोजक सहसंयोजक एवं मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं महा मंत्रियों की एक बैठक भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पर संपन्न हुई।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी विभाग, प्रकोष्ठ एवं मोर्चा के द्वारा किए कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी अपनी अपनी अपनी कार्य समिति एवं मंडलों की कार्यसमिति को सरल पोर्टल पर रजिस्टर्ड करें। ताकि सभी कार्यकर्ताओं का डाटा अपडेट हो सके। आप सभी को अपने अपने पन्ने का प्रमुख भी बने। आगामी नगर निगम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना में तेजी लाए। बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, स्थानीय निकाय के जिला संयोजक कलदीप यादव, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जयवीर यादव, सुन्दर लाल सरपंच, प्रवीण पाहुजा, मनमीत वालिया, हनीश आहूजा, संजय सिंगला, पूजा शर्मा ,नरेश निमवाल, विपिन जयसवाल, मुकेश कौशिक, गंगा सिंह नेगी, नीरज यादव, हिम्मत राय समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## गो रक्षा हिंदू दल ने गुरुग्राम में बनाए पदाधिकारी



हिमांशु।

**गुरुग्राम।** गो माता की हालत को देखते हुए गो रक्षा हिंदू दल ने अपने संगठन को मजबूत करने का काम किया है। इसके लिए गुरुग्राम जिला उपाध्यक्ष तथा महासचिव नियुक्त किये गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर के निर्देशानुसार, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष केशव गुर्जर की सलाह पर द्रोणाचार्य कालेज गुरुग्राम के छात्र हिमांशु को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हिमांशु के पदाधिकारी नियुक्त करने के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव गुर्जर, हरियाणा प्रदेश प्रभारी केशवदेव बाडोली समेत अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। शुभम राजपूत को जिला महासचिव, मनीष ठाकरान, विष्णु गुर्जर, विनय यादव, रोहित ठाकरान को जिला सदस्य नियुक्त किया गया है।

## अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार समेत दो गिरफ्तार

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने रविवार को दो बदमाशों को अवैध हथियार समेत अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एक के पास से दिल्ली से चोरी की गई बाइक भी बरामद हुई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफशहर थाना में मामलें दर्ज कराएं गए है। सोहना शहर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अपराध शाखा पांच पुलिस की दो गठित टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारते हुए दो बदमाशों का गिरफ्तार किया है। हवलदार सोनू ने शहर के बालूदा मार्ग मोड़ पर गुरुग्राम फेस-1 थाना के अंर्तगत आने वाला गांव बंधवाड़ी निवासी विपिन को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस को तलाशी के दौरान एक अवैध हथियार बरामद हुआ है। जिसके अंदर कोई कारतूश नहीं था। दूसरे बदमाश को एएसआई बलजीत ने नूंह जाने वाले मार्ग पर गांव रायपुर नाके पर वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार किया। जिसके पास से तलाशी में एक देशी कट्टा व जिंदा राउंड मिला। गिरफ्तार बदमाश की पहचान भूपेन्द्र जिला भरतपुर राजस्थान निवासी के रुप में हुई है। भूपेन्द्र पुलिस पूछताछ में पकड़ा गया हथियार व बाइक को कोई भी कागज पेश नहीं कर सका।

## अवैध शराब बेचने वाला एक युवक गिरफ्तार

**सोहना।** शहर चौकी पुलिस ने वार्ड-17 में धार्मिक स्थल मंदिर के पीछे बैठकर अवैध शराब बेचने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तलाशी में 200 देशी शराब के पव्वे बरामद हुए है। एएसआई अमीचंद ने बताया कि आरोपी संस्कार उर्फ नोनू वार्ड-17 में बना बाल्मिकी मंदिर के पीछे बैठकर प्लास्टिक के कट्टा में रखकर शराब बेच रहा था। संस्कार उर्फ नोनू को अवैध शराब समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## 5.110 किलोग्राम गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अफसर अली है। आरोपी फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाश लेने पर आरोपी से 5.110किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गांजा बेचने का काम अधिक पैसे कमाने के लालच में शुरू किया था। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए के लिए अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भजा जाएगा।

## अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गिरफ्तार आरोपी का नाम बमबम बताया है आरोपी मूल रूप से बिहार के रोहताश जिले के गांव मंगराम का तथा हाल फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी सेक्टर 58 का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 के एरिया समयपुर चुंगी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी से कट्टे के संबंध में लाईसेंस पेश करने की बात कहने पर आरोपी लाईसेंस पेश नहीं कर पाया तो आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# प्रशासन का दावा, गुरुग्राम में ई-टेंडरिंग के पक्ष में उतरी 127 ग्राम पंचायतें



गुरुग्राम में विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम सचिवों की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** जिला की ग्राम पंचायतों ने ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए हरियाणा सरकार की ई-टेंडर व्यवस्था में रुचि दिखाई है। जिला की 127 ग्राम पंचायतों ने रेजोल्यूशन पास करके ई-टेंडर व्यवस्था के माध्यम से विकास कार्य करवाने की सहमति दी है। यह दावा सोमवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया।

जिला की पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए डीसी निशांत कुमार यादव ने ग्राम सचिवों की बैठक ली। बैठक में ग्राम पंचायतों में ई टेंडरिंग के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों सहित शिव धाम योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में पांच लाख से अधिक राशि के विकास कार्य ई टेंडरिंग के माध्यम से करवाने के निर्देश दिए है। ऐसे में सभी ग्राम सचिव मार्च माह के अंत तक प्रत्येक पंचायत से पांच लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का रेजोल्यूशन पास करवाकर उसका एस्टीमेट तैयार करवाएं। इसके बाद संबंधित एस्टीमेट को ई टेंडरिंग प्रक्रिया के तहत आगे भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पंचायत से कम से कम दो विकास कार्य ई टेंडरिंग के लिए भेजे जाएं। बैठक के दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला की 157 ग्राम पंचायतों में से 127 ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के रेजोल्यूशन पास हो चुके हैं। जिसमें से 53 विकास कार्यों के टेंडर लगाए गए हैं। इसी क्रम में 11 विकास कार्यों के टेंडर फ्लोट हो चुके हैं। बैठक के दौरान डीसी ने शिव धाम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना को लेकर सरकार पूर्णत: गंभीर है। योजना के तहत प्रदेश की सभी श्मशान भूमि पर चार मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी, टीन शेड, पक्की चारदीवारी सहित श्मशान घाट तक पहुंचने का पक्का रास्ता बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शिव धाम यानी शमशान घाट पर यह चारों सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने तीन माह का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे में सभी ग्राम सचिव योजना के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों की अगले 15 दिनों में जिला की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। डीसी ने कहा ग्राम सचिव की रिपोर्ट के आधार पर सभी शमशान घाट पर यह विकास कार्य करवाए जाएंगे। विकास कार्यों की जांच के लिए प्रत्येक दस से बारह शमशान घाट पर एक एचसीएस स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# ब्याज माफी योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं ने दिखाया जोश

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना का लाभ लेने के लिए बकायेदार उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगने लगी है। सोमवार को 150 उपभोक्ताओं ने बाकाया बिजली बिल जमा कराया।

बिजली निगम की ब्याज माफी योजना के आखिरी सप्ताह में लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं में जोश आ गया है। सोमवार को सुबह 9 बजे ही बिल जमा करने वाले काउंटर पर उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई। जैसे जैसे दिन बीतता गया। वैसे वैसे ही बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन बढ़ती चली गई। सोमवार को 150 के करीब उपभोक्ताओं ने ब्याज माफी का लाभ लेते हुए बिल जमा करे। निगम को उपभोक्ताओं से सोमवार को कुल 17 लाख 96 हजार रुपये वसूल हुए। जिसमे से 3लाख 82 हजार रुपये का ब्याज माफ हुआ।

## 'तीन दिन में साढ़े 24 लाख आए'

**बिजली** निगम ने ब्याज माफी योजना का उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अवकाश वाले दिन में कार्यालय खोलकर रखा। शनिवार को 44 उपभोक्ताओं द्वारा 6 लाख 45 हजार रुपये जमा कराए थे। जिसमें 85 हजार रुपये उपभोक्ताओं को ब्याज माफकिया था। रविवार को मात्र 3 ही उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए बकाया बिल जमा किया था। बिजली निगम को बीते तीन दिन में कुल 24 लाख 41 हजार बकाया बिल आया। जिसमें से निगम ने करीब 210 उपभोक्ताओं का 4 लाख 67 हजार रुपये ब्याज माफकिया।



सोमवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की लगी लंबी लाइन।

## 'योजना के चार दिन शेष'

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना के 4 दिन शेष रह गए है। योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एसडीओ कार्यालय से बकायादार उपभोक्ताओं को फेन करके जानकारी दी जा रही है। एक दिन में 300 से 350 उपभोक्ताओं को फोन किया जा रहा है।

# एसजीटी विश्वविद्यालय के गुलाम हुसैन इस वर्ष आईपीएल में करेंगे कमेंट्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी 31** मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में एसजीटी यूनिवर्सिटी में कार्यरत क्रिएटिव डायरेक्टर गुलाम हुसैन रिजवी आईपीएल में कमेंटेटर की भूमिका अदा करेंगे।

एसजीटी यूनिवर्सिटी फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी में कार्यरत गुलाम हुसैन रिजवी अपनी मातृभाषा भोजपुरी में कमेंट्री करेंगे। इस आईपीएल का पहला मैच गुजरात जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। यह घोषणा पूरी मीडिया इंडस्ट्री और आईपीएल फैंस में चर्चा का विषय बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा गुलाम हुसैन रिजवी को प्रतिभा निखारने के पूरे अवसर दिए गए। एसजीटी विश्वविद्यालय में कार्य करते हुए वह हॉलीवुड, बॉलीवुड, भोजपुरी तथा डॉक्यूमेंट्री में वॉयस ओवर कर चुके हैं। रिजवी में कार्टून चरित्र की नकल करने की गजब की क्षमता है। गुलाम रिजवी का मानना है कि उनके अंदर की प्रतिभा तथा वॉयस ओवर के प्रति उनके जुनून के कारण ही यह संभव हो पाया है।



गुलाम हुसैन।

वह अमीन सयानी, शम्मी नारंग और विश्वास कपूर से प्रेरित होकर इस लाइन में आए। रिजवी को 26 फरवरी को पता चला कि उनका चयन आईपीएल में हो गया है। उनके चयन को लेकर उनकी माता शमशाद बेगम और पिता मुहम्मद अजीमुद्दीन काफी खुश नजर आए और उन्होंने बताया कि गुलाम हुसैन रिजवी को क्रिकेट खेलने का बहुत शौक था। वह चाहते थे कि गुलाम हुसैन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेलने का मौका मिले या ना मिले लेकिन आईपीएल में कमेंट्री जरूर कर पाए।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-58 की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिहं ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विवेक है।

आरोपी फरीदाबाद की इंद्रा कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को थाना पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त में सेक्टर-56 के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी से पिस्तौल के संबंध में लाईसेंस पेश करने की बात कही तो आरोपी लाईसेंस पेश नही कर पाया।

# स्वच्छता उत्सव: दो दिन में किया एक टन से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित

## स्वच्छ उत्सव के अंतर्गत दिया स्वच्छता का संदेश

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



नगर निगम की ओर से स्वच्छता उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

**नगर** निगम गुरुग्राम के नेतृत्व में स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम से शहर के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य कर रहा है। सप्ताह के अंत में 29 बीडब्ल्यूजी/ सोसायटी ने पर्यावरण के प्रति महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल और शून्य अपशिष्ट अंतरराष्ट्रीय दिवस का उत्सव मनाने के लिए भाग लिया। यह कार्यक्रम 30 मार्च 2023 को नगर निगम द्वारा आयोजित किया जाना है।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (एसबीएम) डॉ. नरेश कुमार और उनकी स्वच्छ भारत मिशन की टीम (एचएमएस) ने इन सोसायटी का दौरा किया। वहां के निवासियों, बच्चों, हाउस हेल्प और हाउस कीपिंग स्टाफ को जीरो वेस्ट सोसाइटी की स्थिति तक पहुंचने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। बीडब्ल्यूजी/सोसायटियों ने जीरो वेस्ट लाइफ स्टाइल की भावना का उत्सव मनाने के लिए विभिन्न अभिनव गतिविधियों को अंजाम दिया। सफाई की बात करें तो दो दिनों में कुल मिलाकर 1 टन से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्र किया गया और रीसाइक्लिंग के लिए भेजा गया।

बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिताओं, नुक्कड़ नाटक, स्किट आदि के माध्यम से भाग लिया। हाउस हेल्प और हाउसकीपिंग स्टाफ को प्रशिक्षण और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से शामिल किया गया, और वयस्कों को उत्पादक चर्चाओं और अलगाव के स्तर को और बेहतर बनाने के माध्यम से शामिल किया गया। सभी आयोजनों के दौरान, प्रतिभागियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार के लिए साथ मिला और एक्सचेंज में उन्हें गीले कचरे से बने कम्पोस्ट का उपयोग करके पौधे लगाने के लिए दिए गए। एकत्र किए गए एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को घटना के पुनर्चक्रण भागीदार मैक्स एक्सचेंज द्वारा एकत्र किया गया था। स्वच्छ उत्सव में जिन सोसायटी ने भाग लिया, उनमें देविंदर विहार, कैसल, जल वायु टॉवर, लायंस अपार्टमेंट, मरीनर्स अपार्टमेंट, पार्क व्यू अपार्टमेंट, ओलिव हाइट्स, गुलमोहर अपार्टमेंट, लिनेस क्लब संपूर्णा, समन्वय, टेक्नोक्रेट, लैंडमार्क, मेफील्ड गार्डन-ब्लॉक बी, रेल विहार, अनुभूति वेलफेयर एसोसिएशन, हेवो 1, रामप्रस्थ, केन्द्रीय विहार, पार्क व्यू स्पा नेक्स्ट, टाटा रायसीना, डीएलएफ अरलियास, सनसिटी, द आईवीवाई, द आइकॉन, एम्मार इंपीरियल गार्डन, तक्षशिला हाइट्स, सीएचडी एवेन्यू, पारस आइरीन, ला लगुने शामिल है। इस तरह की गतिविधियों और एमसीजी के वरिष्ठ अधिकारियों, गुरुग्राम के निवासियों और अपशिष्ट प्रबंधन एजेंसियों और रिसाइकलरों की सक्रिय भागीदारी से, वह दिन दूर नहीं जब शहर स्वच्छता में नंबर-1 और जीरो वेस्ट गुरुग्राम का दर्जा हासिल कर लेगा।

# लियो 1 से उच्च-स्तरीय स्कूलों में पढ़ना हुआ आसान




**नई दिल्ली।** अब आपका बच्चा शहर के नामी और सर्वश्रेष्ठ स्कूल/कॉलेज में आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकता है। यह मुमकिन किया है देश के तेजी से बढ़ते एडु-फिनटेक स्टार्टअप लियो1 (लियो वन ) ने। इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा प्रचारित यह स्टार्टअप देश में लगभग 30 लाख से अधिक बच्चों को एजुकेशन फीस फाइनेंसिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है और 13,000 से ज्यादा एजुकेशन इंस्टीटूशन्स इस स्टार्टअप के नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। फीस फाइनेंसिंग की इस सुविधा के अंतर्गत, लियो1 (एलईओवी) आपके बच्चे की पूरे साल भर की फीस स्कूल को एक बार में दे देता है और पेरेंट्स इस फीस का आसान मासिक किश्तों (जीरो कॉस्ट ईएमआई) में भुगतान कर सकते है वो भी बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के। इसके साथ ही लियो1 (एलईओ-1) से फीस फाइनेंस की सर्विस लेने पर यह बच्चों का एक इन्सुरेंस (बीमा) भी करता है। जिससे पेरेंट्स के साथ कोई भी अनहोनी होने पर यह बच्चों की पूरी फीस कंपनी देती है ताकि पढाई पर कोई रूकावट न आये। लियो1 (एलईओ-1) के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित गजभिये ने बताया कि हमारा उद्देश्य देश के हर बच्चे तक क्वालिटी एजुकेशन पहुंचाना है और यही हर पेरेंट्स का सपना होता कि उसका बच्चा अच्छे से अच्छे स्कूल/कॉलेज में शिक्षा ले। लेकिन यह कुछ सीमित परिवारों तक ही संभव हो पाता है, क्योंकि इसमें सबसे बड़ी बाधा बड़े स्कूलों की फीस होती है। हमने लियो1 में पेरेंट्स कि इसी समस्या का हल निकाला है और हमारे साथ जुड़कर वो अपने बच्चों कि फीस का आसान मासिक किश्तों पर बिना किसी अतिरिक्त ब्याज से चुका सकते है और यह उतना ही सरल है जैसे आप कोई मोबाइल/टीवी या फ्रिज फाइनेंस कराते है। कंपनी ने इसके साथ ही अपनी तरह का पहला मल्टीपर्पस एजुकेशन कार्ड लियो1 कार्ड भी बच्चों के लिए बनाया है जिससे वो अपनी फीस भर सकते हैं, टूशन फीस भर सकते हैं, कोई ऑनलाइन कोर्स खरीद सकते हैं या फिर स्कूल/कॉलेज कि अन्य तरह की एक्टिविटी का पेमेंट भी कर सकते हैं। हर पेमेंट पर रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलते हैं। जिन्हें आप अपने नेक्स्ट ट्रांसक्शन में उपयोग कर सकते हैं।

# 5.53 ग्राम स्मैक सहित आरोपी को थाना पल्ला की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना पल्ला प्रबंधक की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय कुमार (30) है आरोपी नई दिल्ली के मीठापुर का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से थाना पल्ला के एरिया इस्माईल पुर चौक के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 5.53 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी को खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर से किसी अनजान व्यक्ति से 3200/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी 500रु की पुडिया के हिसाब से स्मैक को बेच राहा था। आरोपी ऑटो चलाने का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# मांगों को लेकर आयुष्मान कर्मियों ने दिया अनिश्चितकाल के लिए धरना



सोहना के नागरिक अस्पताल में अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठे आयुष्मान कर्मी।

**सोहना।** आयुष्मान योजना से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना पर बैठे कर्मियों ने मांगें पूरी न होने तक हड़ताल और धरना जारी रखने का ऐलान किया है। सर्व कर्मचारी संघ आयुष्मान कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रहा है।

सोमवार को नागरिक अस्पताल में एसएमओ कार्यालय के बाहर आयुष्मान कर्मचारी नितिन गुनावत की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठ गए। धरना में सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता प्रेमपाल व संघ से जुड़ें वरिष्ठ कार्यकर्ता जवाहर भी धरना पर बैठ गए। धरना में शामिल पांच कर्मचारियों में दो महिला कर्मचारी शिवानी और कांता भी शामिल थी। यें दोनों महिला कर्मचारी गुरुग्राम से सोहना में एक मात्र आयुष्मान कर्मी नितिन गुनावत के साथ धरना में शामिल होने पहुंची है। अपनी मांगों को लेकर नितिन गुनावत ने बताया कि आयुष्मान का कर्मचारी 5 हजार रुपये मासिक वेतन पर पूरे 24 घंटा काम कर रहा है। जबकि आशा वर्कर से लेकर अस्थाई रुप से लगे अन्य कर्मचारियों को 15 से 18 हजार रुपये का वेतन मासिक मिल रहा है।

उन्होने कहा कि सभी अस्थाई कर्मियों के सामान उनका वेतन समेत अन्य सुविधाएं दी जाए। उनके कार्य करने का समय भी निश्चित होना चाहिए। उनकी मांगों को जब तक नहीं माना जाता है। आयुष्मान कर्मी बिना कामकाज किए हड़ताल पर रहेगा। आयुष्मान कर्मी अपने स्थान पर अन्य किसी कर्मी का कार्य भी नहीं करने देंगे। सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता प्रेमपाल ने बताया कि सरकार कर्मचारियों को दबाकर रखना चाहती है। आज अस्थाई कर्मी बंधवा मजदूर की भांति कार्य कर रहा है। लेकिन उसक कार्य करने का पूरा मेहताना भी नहीं मिल रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 मार्च, 2023



# चैती छठ पूजा : डूबते सूरज को श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य


एसजीएम नगर स्थित घाट पर सूरज को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं।

**कविता।** फरीदाबाद

**त्याग,** आस्था, विश्वास व संस्कार के बीच चैती छठ पूजा के महोत्सव पर श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखी गई। घाटों पर दोपहर बाद से छठ पर निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं व उनके परिवार के सदस्यों का जमघट होने लगा। व्रती महिलाओं ने कमर तक पानी में प्रवेश कर अस्तांचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र, परिवार और कुल के मंगल की कामना की। मंगलवार को यानी आज उगते सूरज की पूजा होगी। वहीं दिनभर श्रद्धालु घरों में ठेकुआ बनाते नजर आए। बाजारों में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी नजर आई।

**लेटकर पहुंचीं घाट :** शहर में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए घाटों पर उत्सव सा माहौल रहा। व्रती महिलाओं ने छठ मइया को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। कुछ महिलाएं अपने घर से घाट तक लेटकर गईं। महिलाएं हाथ जोड़कर सड़क पर लेट जातीं। फिर उठती और छठ मइया की जय बोलकर थोड़ा आगे बढ़कर पुनः लेट जातीं। मान्यता है कि ऐसा करने से छठ मइया प्रसन्न होकर भक्त की हर मुराद पूरी करती है।

**ढोल पर नाचे श्रद्धालु:** दोपहर बाद व्रती महिलाएं अपने परिवार संग ढोल की थाप के साथ घरों से निकलकर घाटों पर पहुंची। छठ मइया को रिझाने के लिए महिलाओं ने छठ के परम्परिक गीत गए। इस दौरान उनके हाथ में गन्ना और प्रसाद की थाली रही। साथ चल रहे पुरुषों के सिर पर बांस की टोकरी में सूप, फल, सब्जी व पूजा की सामग्री थी। घाट पर व्रती महिलाओं ने बनाई वेदी पर गन्ने का मंडप तैयार कर उसमें बैठकर छठ मइया का विधिवत पूजन किया। सूर्य के अस्त होते समय हाथ में लोटा व प्रसाद लेकर महिलाएं पानी में खड़ी होकर ओम घृणि सूर्य देवाय नमः, ओम दिवाकराय नमः आदि मंत्र का जप करते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। परिवार के सदस्यों द्वारा क्रम से अर्घ्य दिया गया।

अर्घ्य देने के बाद पति और परिवार की मंगल की कामना की। परिवार की बड़ी महिलाओं ने अपनी छोटी महिलाओं को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया।

**आज उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य:** परंपरागत छठ पूजा व्रत का पारायण उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाएगा। मान्यता है कि छठ पूजा का व्रत पुत्रवती महिलाएं रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं अपने पति की व पुत्रों की लम्बी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को ढलते सूर्य को अर्घ्य देती है। सुबह की पूजा के बाद महिलाएं अपने व्रत को खोलती हैं।

# अमृत सरोवर योजना : जिले के 75 तालाबों का किया जा रहा पुर्नउद्धार

## डीसी ने तालाबों के पुर्नउद्धार के लिए 'अमृत सरोवर योजना' की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


डीसी विक्रम सिंह अमृत सरोवरों की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए।

**फरीदाबाद** जिला में आगामी जून माह से पहले सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों के तालाबों के जीर्णोद्धार के टारगेट पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में तालाबों के पुर्नउद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना की समीक्षा कर रहे थे।

डीसी विक्रम सिंह ने एक-एक करके विभाग वार करवाए जा रहे अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार की समीक्षा बारिकी से करके सम्बंधित अधिकारियो को दिशा-निर्देश भी दिए। जिला फरीदाबाद में अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार की मानिटरिंग एडीसी जिला स्तर पर और एसडीएम उपमण्डल स्तर पर करना सुनिश्चित करें। जिला फरीदाबाद में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत पुर्नउद्धार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से सभी को मिलकर तालाबों के उद्धार का जिम्मा लेना चाहिए। डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार तालाबों के सफाई के साथ-साथ इसकी जल संचय क्षमता में वृद्धि, चारों तरफ ट्रैक, गऊ घाट और सीढ़ियों का निर्माण किया जाए।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह गांव में इन तालाबों की साफ-सफाई के लिए खुद भी आगे आएं। तालाबों में गंदा पानी न छोड़ें और इनके संरक्षण के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में तालाबों के पुर्नउद्धार का बीड़ा उठाया है। इसके तहत फरीदाबाद जिला में प्रथम चरण में जिला 75 तालाबों को अमृत सरोवर कार्यक्रमों तहत पुर्नद्धार किया जा रहा है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर बूंद का सदुपयोग करें व एक-एक बूंद पानी बचाएं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की है। हरियाणा प्रदेश में इस कार्य के लिए एक अथॉरिटी बनाई गई है।

समीक्षा बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, डीडीपीओ राकेश मोर, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेन्द्र सिंह, तहसीलदार भुमिका लाम्बा, एसीईओ जिला परिषद, सहित अमृत सरोवर योजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड काटने के विरोध में हल्लाबोल प्रदर्शन


हल्लाबोल प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के सदस्य व डॉ. अशोक तंवर।

**प्रवीन शर्मा।** बल्लभगढ़

**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बल्लभगढ़ में लोगों के गलत परिवार पहचान पत्र बनाने, राशन कार्ड काटने और बुजुर्ग पेंशन काटने जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। वरिष्ठ नेता और निगम चुनाव इंचार्ज डॉ. अशोक तंवर के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता के साथ खेड़ा देवत मंदिर के पास से चलकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे।

डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि क्षेत्र की जनता में गलत पीपीपी आईडी बनाने और राशन कार्ड काटने से रोष है। सड़कें टूटी हुई हैं, सीवरेज व्यवस्था ठप है, प्रॉपर्टी आईडी में धांधली चल रही है। बल्लभगढ़ में जगह जगह कूड़े कचरे से ढेर लगे हैं। सैकड़ों की संख्या में बुजुर्गों की पेंशन भी काट दी गई। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में कोई जन सुनवाई नहीं है। एसडीएम ऑफिस के बाहर खड़े होकर जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर के आदेश के बावजूद भी एसडीएम अपने कार्यालय से नदारद हैं। उन्होंने कहा कि जब तक परिवार पहचान पत्र की गलतियों को दुरुस्त करने का और राशन कार्ड बहाल करने का आश्वासन नहीं मिलता आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देंगे।

# मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा, हत्या का मुकदमा दर्ज


बीके अस्पताल में शव के पोस्टमार्टम के इंतजार में खड़े मृतक पवन के परिजन।

**फरीदाबाद।** होडल के अंधोप गांव निवासी एक युवक को सात दिन पूर्व कुछ लोगों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसका इलाज यहां के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जहां बीती रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक का पोस्टमॉर्टम बीके अस्पताल में कराया गया। जांच कर रहे एसआई संजय ने बताया सीआईए हत्या के मामले की जांच कर रही है।

**यह है पूरा मामला :** रवि ने बताया कि उसकी बुआ होड़ल के अंधोप गांव की निवासी है। बुआ का 24 वर्षीय बेटा पवन और उसके चाचा गत 19 मार्च को लालपुर गांव में होली के मेले में गया था। जहां पवन का झगड़ा सन्नी और मोहित से हो गया। मामला शांत होने पर पवन अपने चाचा के संग बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। सन्नी और मोहित करीब 15 से 20 लड़कों के संग मौके पर पहुंचे और पवन को रास्ते में रोककर मारपीट की।

इस दौरान उसके चाचा और पवन गंभीर रुप से घायल हो गए। जहां चाचा को तो पलवल के सिविल अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। लेकिन बुरी तरह से घायल और बेहोश हालत में पवन को सिविल अस्पताल से बीके रेफर कर दिया गया। बीके के लिए लाये, तो यहां भी रेफर करने को कहा गया। जिस पर वह एसएसबी अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान पवन को होश नहीं आया और 27 मार्च को चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने पुलिस को पवन का शव सौंप दिया।

# एटीएम बदल कर खाते से निकाले 3.98 लाख रुपये

**फरीदाबाद।** चावला कॉलोनी के एक एटीएम में नया पिन बनाते वक्त दो ठग युवकों ने एक व्यक्ति को अपनी बातों में उलझा लिया और एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 3.98 लाख रूपये निकाल लिए। कुछ देर बाद जब पीडित के मोबाइल पर मैसेज आया तो वह घबरा गया। उसने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस से की।

चावला कॉलोनी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी, लेकिन सवा महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज में कैद दो युवकों का पता नहीं लगा सकी है। पीडित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उसके इस मामले को सीआईए से जांच कराई जाए, ताकि ठगों का जल्द से जल्द पता चल सके। आदर्श नगर पार्ट दो फरीदाबाद में रहने वाले संतोष बाबू सक्सेना बीमा व्यवसाय से जुडे हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को करीब 1 बजे अपने नए एटीएम का नया पिन नंबर बनाने पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर गया था। उसी बीच दो युवक वहां आ गए।

# हिंदू नववर्ष है वैज्ञानिक और तथ्यों पर आधारित


व्याख्यान में आए पंडित विजय को पौधा देकर स्वागत करते प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति व हिंदू नववर्ष के महत्व पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता समाज सेवी विजय कुमार ने छात्राओं को हिंदू नववर्ष के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने छात्राओं को नववर्ष एंव प्राचीन भारतीय संस्कृति से अवगत कराते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। आधुनिकता को अपनाना ठीक है, लेकिन अपनी विश्व प्रसिद्ध संस्कृति को जानना भी जरूरी है। मुख्य वक्ता ने कहा कि हिंदू नववर्ष प्राकृति, वैज्ञानिक एवं तथ्यों पर आधारित है। हिंदू नववर्ष के आगमन पर मौसम परिवर्तन के साथ परिधान एवं फसल चक्र भी बदल जाता है। लेकिन आधुनिकता के दौर में आज हम अपनी सभ्यता को भूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से करीब चार सौ वर्ष पूर्व अंग्रेजी कलैंडर में केवल 10 माह ही होते थे, लेकिन हिंदू वर्ष कलैंडर में शुरूआत से ही 12 महिनों का जिक्र होता रहा है। बाद में अंग्रेजी कलैंडर में भी 12 महीनों को लागू किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को भारत की प्राचीन सभ्यता के अन्य तथ्यों से भी रूबरू करवाया। कार्यक्रम में गंगा शंकर मिश्र ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका रितिका गुप्ता ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अर्चना वर्मा, बलवीर दहिया, शालिनी खुराना आदि मौजूद रहे।

# शोभित आजाद बने महासचिव

**फरीदाबाद।** इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की फाउंडर टीम ने शिक्षाविद् शोभित आजाद को ग्रीवेंस बॉडी के महासचिव का पदभार सौंपते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर शिक्षाविद् शोभित आजाद ने इप्सा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ विमल पाल, संस्थापक चेयरमैन डॉक्टर प्रदीप गुप्ता, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मदान और कानूनी सलाहकार एडवोकेट तरुण अरोड़ा और एडवोकेट अमित जैन का धन्यवाद करते हुए कहा के भविष्य में इपसा के प्रति सभी जिम्मेदारियों का निर्वाह करूंगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष डा. विमल पाल, चेयरमैन डा. प्रदीप गुप्ता तथा महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मदान ने कहा कि इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की टीम दिन-ब-दिन मजबूत होती जा रही है। आज शिक्षाविद् शोभित आजाद को पदाधिकारी बनाया है। अन्य स्कूल संचालकों को भी एसोसिएशन में जोड़ा जाएगा ताकि उनकी समस्याओं को जिला व प्रदेश स्तर पर निदान हो सकें।

# पानी-सीवरेज के बिल भरने आए लोगों को लौटाया, लोग परेशान

## निगम कर्मी लोगों को ऑनलाइन जमा करवाने की दे रहे नसीहत

**कविता।** फरीदाबाद


पानी और सीवरेज का बिल जमा करवाने आए व्यक्ति को ऑनलाइन बिल जमा करने की बात कहता निगमकर्मी।

**जहां** एक तरफ बजट न होने का रोना नगर निगम द्वारा आए दिन रोया जाता है। वहीं पानी और सीवरेज के बिल कई सालों बाद लोगों तक पहुंचे हैं। ऐसे में नगर निगम में बिल जमा करवाने पहुंच रहे लोग परेशान हो रहे हैं। क्योंकि यहां पानी और सीवरेज के बिल लिए ही नहीं जा रहे हैं। कर्मचारी उन्हें ऑनलाइन बिल जमा करने की बात कहकर लौटा रहे हैं। वहीं वहीं एनआइटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को प्रोपर्टी आईडी और हाउस टैक्स जमा करवाने के लिए उन्हें सारन थाने के सामने स्थित निगम कार्यालय में भेजा जा रहा है।

निगम डिजीटल इंडिया का बहाना बना कर लोगों से बिल नहीं ले रहा है। ऐसे में लोगों को वहां से बिना बिल जमा करवाये ही लौटते हुए देखा गया।

**ऑफलाइन सुविधा बंदः** सोमवार को नगर निगम में एक बुजुर्ग जवाहर कालोनी से अपना पानी सीवरेज बिल और हाउस टैक्स जमा करवाने नगर निगम पहुंची। पहले उन्हें प्रथम तल पर सीढ़ियों से जाना पड़ा।

वहां उन्हें पानी और सीवरेज के बिल की वेबसाइट बता कर आईडी के जरिये बिल जमा करने को कहा गया। जब बुजुर्ग ने कर्मचारी से प्रोपर्टी आईडी और हाउस टैक्स के बारे में पूछा तो उन्हें सारन थाने के सामने स्थित दफ्तर में जाकर पता करने को कहा गया। बुजुर्ग ने जब कहा कि वह पैसे लाई है, जमा कर लो, ऑनलाइन वह कहा से करवाऐंगी, तो ऐसे में कर्मचारियों ने कहा कि अब पानी और सीवरेज के बिल ऑफलाइन जमा नहीं होते है। आपको ऑनलाइन ही जमा करवाना होगा। जिस पर बुजुर्ग महिला को लौटना पड़ा। इसी तरह से वहां खड़े अन्य कई लोगों को कर्मचारियों ने यही बात कहकर लौटा दिया।

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था की उपायुक्त ने की समीक्षा

## सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना पूरी तरह से सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों के सही क्रियान्वयन दिशा निर्देश देते डीसी विक्रम सिंह।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना पूरी तरह से सुनिश्चित करें। वहीं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है। उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करें। उपायुक्त सोमवार को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

समीक्षा बैठक में आरटीए सचिव, हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस, वन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियो सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आरटीए सचिव जितेंद्र गहलावत ने बैठक से जुड़े विभिन्न विषयों बारे एक एक करके बारीकी से जानकारी दी। वहीं स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लीमेन्ट रोड सेफ्टी कमेटी भारत सरकार के सदस्य एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन और लाइफ फर्स्ट फॉउंडेशन एनजीओ के द्वारा फरीदाबाद, बड़खल और बल्लभगढ़ शहर में सड़क सुरक्षा के प्रबन्धकों और नियमों की पालना करने के लिए चिन्हित स्थानों की वास्तविक जानकारी को विस्तार पूर्वक बतलाया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमानुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, ज़ेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्कठा होता है। वहां उन स्थानों को चिन्हित करके उन पर सभी समस्याओं को दूर करें। राष्ट्रीय राज मार्ग पर खड़ी करके बसों में सवारिया बैठाने वाली बसों, शराब के ठेकों के सामने और ऑटो के खिलाफ जाम लगाने की अवस्था में चालान काटना भी सुनिश्चित करें। अगर एजेंसी ने उनके द्वारा बनाई सड़क का सही से रखरखाव नहीं किया तो उनपर कानूनी कार्यवाही करें और स्कूल वेन में बच्चों की संख्या सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हो। समीक्षा बैठक में डीसी ने वाईएमसीए चौक, बाटा चौक, सीकरी, बल्लभगढ़, बल्लभगढ़ सब्जी मंडी, झाड़सेतली, अजरोंडा चौक व अन्य स्थानों पर एक-एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी लेकर और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

# संक्षिप्त समाचार

## बीके के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगा किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के प्रदेशव्यापी अंदोलन के तहत काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट किया। रोष प्रकट कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना के योद्धा बताकर ताली और थालियां बजवा दीं, लेकिन अब हमें कौशल रोजगार निगम यानी पूरी तरह से ठेकेदारी में डाल दिया गया है। जिसे भंग कर सभी कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, समान काम-समान वेतन देने, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व अन्य मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया। इस विषय में मौके पर मौजूद कर्मचारी नेता सुभाष लाम्बा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वन थर्ड ही स्वास्थ्य कर्मचारी रेगुलर हैं और बाकि कौशल रोजगार निगम में हैं। कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा भी नहीं है। जिस काम को करते हैं, वह विशेषज्ञ हो जाते हैं। कोविड में जिस तरह से मरीजों को बचाने के लिए काम किया, उस तरह से उन्हें पक्का किया जाए। अगर पक्का न किया जाए तो उन्हें समान काम-समान वेतन देना चाहिए।

## राजकीय विद्यालय डीग ने प्राप्त किया स्वच्छता पुरस्कार



**फरीदाबाद।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जिलास्तर पर मनाए जा रहे स्वच्छता अभियान 2022 का जिला अधिकारी कार्यालय फरीदाबाद में जिले के विद्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छ विद्यालयों का चयन किया गया। जिसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय डीग को स्वच्छता विद्यालय का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल को जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने सम्मानित करते हुए कहा कि समर देशवाल पर हमें गर्व है। देशवाल जिस भी स्कूल में कमान संभालते हैं। उसे चार चांद लगा देते हैं। डींग स्कूल की जब से कमान संभाली है, तब से स्कूल की काया ही पलट दी है। तब से स्कूल उन्नति की ओर लगातार अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्याध्यापक समर देशवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी व उपस्थित सभी शिक्षा अधिकारियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में आपसी सहयोग से ओर अधिक मेहनत व लगन से स्कूल को हर क्षेत्र में चमकाएंगे व चार चांद लगाएंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन बलबीर शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीआरपी कमल चौधरी बल्लभगढ़, सुषमा सचदेवा फरीदाबाद, पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी, अंजू चौधरी एपीसी सहित उपस्थित सभी शिक्षा अधिकारियों ने मुख्याध्यापक समर देशवाल के कार्यो की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यापिका सरला व विद्यालय के अध्यापक रघु शास्त्री एवं अन्य प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, अध्यापकगण, समाजसेवी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## रहस्यमय हालत में एक दिव्यांग ऑटो चालक झुलसा



**फरीदाबाद।** सरूरपुर इलाके में रहने वाला एक दिव्यांग ऑटो चालक रहस्यमय हालत में 80 प्रतिशत झुलस गया। उसे इलाज के लिए बीके अस्पताल लाया गया। लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया है। झुलसे व्यक्ति ने डॉक्टर को बताया कि दोस्त द्वारा थप्पड़ मारने से वह परेशान था। इसलिए उसने पेट्रोल डाल कर खुद को आग लगा ली। जबकि परिजन इसे हादसा बता रहे हैं। सरूरपुर निवासी गजराज ने बताया कि उनका बेटा राजू दोनों पैरों से दिव्यांग है और ऑटो चलाने का काम करता है। उसका ऑटो सीएनजी के साथ पेट्रोल से भी चलता है। सोमवार को ऑटो में सीएनजी खत्म होने पर वह बोतल से ऑटो में पेट्रोल डाल रहा था। तभी अचानक ऑटो में आग लग गई। दिव्यांग होने के कारण वह भाग नहीं सका और झुलस गया। पता चलने पर राजू को उसका भाई ललित बीके अस्पताल ले गया। बीके अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान राजू ने ड्यूटी डॉक्टर मनीष दयाल को बताया कि उसके एक दोस्त ने उसे थप्पड़ मार दिया था। जिससे वह काफी बेइज्जती महसूस कर रहा था। उसे रात भर नींद नहीं आई और यह बात याद आती रही। इसी हताशा में उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। फिलहाल दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में राजू का इलाज हो रहा है।

## कोरोना के 10 मरीज आए पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** शहर में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ गया है। सोमवार को जिले में 10 नए मरीजों के आने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। राहत की बात यह है कि सात पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 55 पर पहुंच गया है। जिसमें दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, तो वहीं 53 मरीजों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। जिले में सैम्पलिंग बढ़ाई है। जिसके तहत पिछले 24 घंटों में 205 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें निजी प्रयोगशालाओं में लिए गए 35 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## पाली डंपिंग यार्ड का समाधान किया जाएगा : गुर्जर



**फरीदाबाद।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पाली गांव में नगर निगम के डंपिंग यार्ड की समस्या का समाधान आपसी सहमति के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों के साथ भी मीटिंग की जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सोमवार को लघु सचिवालय में पाली गांव से आए गणमान्य लोगों के साथ समस्या के समाधान को लेकर चर्चा कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि पाली गांव की समस्या को लेकर कुछ ग्रामीण उनसे मिले थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को समझा है और इसी बात को लेकर आज सभी गणमान्य लोगों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग में ग्रामीणों की समस्या को सुना गया है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान आपसी सहमति के साथ निकाला जाएगा। मीटिंग में उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया और पाली गांव के मौजिज लोग मौजूद थे।

## सेक्टर-55 के आदर्श विद्यालय को मिला पुरस्कार



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मुनेश चौधरी द्वारा पांच सितारा दर्जे के साथ स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक देसराज व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य गुरमीत सिंह देयोल ने संयुक्त रूप से यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ चौधरी ने कहा कि स्वच्छता में ही सरस्वती का निवास होता है। स्वच्छ विद्यालय विद्यार्थियों और अभिभावकों को अनायास ही आकर्षित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने बताया कि, विद्यालय को स्वच्छ रखने में जहां अध्यापकों, विद्यार्थियों व सहयोगी कर्मियों का सहयोग रहता है। वहीं प्रबंध समिति की अध्यक्षा नीरु पाल के नेतृत्व में सरदार जोगिंदर सिंह चानी, गुरमीत सिंह देओल, ओमबीर सिंह, गुरदीप सिंह, सत्यवीर शर्मा आदि का विशेष योगदान रहता है। देओल ने बताया कि आज भी पूरा विद्यालय परिसर पीले फूलों से महका हुआ है।

## राहुल को सजा
### पतन के प्रतीक

**राहुल गांधी** को सजा भारतीय राजनीतिक बहस में सड़न का प्रतीक है और राहुल गांधी स्वयं 'अहंकार' व 'पतन' के प्रतीक बन गए हैं। राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में सजा मिलने के बाद वे संसद में लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य हो गए हैं और उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है। इसके परिणामस्वरूप जारी बहस में भारतीय राजनीति की सड़न स्पष्ट हो रही है। राजनीतिक बहस के गिरते मानकों पर सूरत की एक अदालत ने गौर करते हुए राहुल गांधी को इस बड़बोली टिप्पणी पर सजा दी कि 'सभी चोरों के नाम में मोदी क्यों लगा होता है।' अदालत ने इसे अपमानजनक माना। हमने पहले भी उल्लेख किया है कि यह निश्चित रूप से गलत बात है। एक वरिष्ठ नेता ने न केवल लोगों की बड़ी संख्या की इसलिए निन्दा की कि उनका सरनेम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाला है। लेकिन उनको न अपनी इस अशोभनीय टिप्पणी पर कोई ग्लानि हुई और न है। यदि वे माफी मांग लेते तो शायद उनके खिलाफ यह मुकदमा वापस हो जाता या शायद उनको सजा न मिलती। माफी मांगने में कुछ गलत नहीं है। आखिरकार राजनेता भी मनुष्य हैं और मनुष्य गलती कर सकते हैं। लेकिन उन्होंने 'आम आदमी' की तरह भी माफी मांगने से इनकार किया जो कुछ गलत होने पर फौरन 'सॉरी' कह देता है। शायद राहुल गांधी का विश्वास है कि वे गलती नहीं कर सकते हैं। इसलिए जिस दिन उनको लोकसभा सदस्यता के अयोग्य ठहराया गया, उन्होंने कहा 'मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी कभी किसी से माफी नहीं



मांगते हैं।' यह तथ्य भी मजेदार है कि अपनी सजा के फौरन बाद उन्होंने गांधी का संदर्भ दिया था। उनके बयान से ऐसा लगता है जैसे किसी राजनेता को इस निन्दनीय टिप्पणी पर गर्व हो। लेकिन राजनीति में स्वयं को सही ठहराना विश्वास का अभिन्न अंग बन गया है और अधिकांश राजनीतिक पार्टियों ने इसे अपनी संप्रेषण रणनीति का अंग बना लिया है। रविवार को पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने अपने ट्विटर का 'बायो' बदल दिया जो अब उनको 'डिसक्वालीफाइड एमपी' बताता है। स्पष्ट है कि उनको अपनी सजा पर 'गर्व' है और वे संसद से अयोग्यता को 'सम्मान' मान रहे हैं।

राहुल गांधी के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए कांग्रेस ने दिल्ली में राजघाट पर एक दिवसीय 'संकल्प संघर्ष' का आयोजन किया। देश की सबसे बड़ी पार्टी उनके साथ है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा वरिष्ठ नेता के.सी. वेणुगोपाल, पी. चिदम्बरम व सलमान खुर्शीद आदि ने इस सत्याग्रह में हिस्सा लिया। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अपने अहंकार में डूबी हुई है, जबकि भाजपा ने राहुल की टिप्पणी को 'अन्य पिछड़े वर्गों'-ओबीसी का अपमान बताया है। गुजरात भाजपा के उपाध्यक्ष गोवर्धन जडाफिया ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में यह मुद्दा उठाया। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि राहुल के इस बयान से पहले भी कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को 'नीच आदमी', 'नाली का कीड़ा' व 'मौत का सौदागर', आदि कहा है। कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की मां को भी 'अपशब्द' कहे जिस पर मोदी की बड़ी भावनात्मक प्रतिक्रिया सामने आई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा है कि मैं 'जाति की राजनीति' में विश्वास नहीं रखता, पर विपक्षी मुझे अपनी जाति बताने को मजबूर करते हैं। राहुल गांधी लगातार 'सावरकर' को गलत ढंग से पेश करते हैं, लेकिन वे सावरकर की 'वीरता', 'अदम्य साहस' व 'देशभक्ति' को धुंधला नहीं कर सकते हैं। सावरकर का लगातार अपमान करने का भारी खामियाजा कांग्रेस को खासकर महाराष्ट्र में भुगतना पड़ सकता है जहां उनको 'जन-नायक' का दर्जा प्राप्त है। यदि राहुल गांधी अपनी शैली में आमूल परिवर्तन नहीं करते हैं तो वे अपने साथ कांग्रेस को भी ले डूबेंगे।

# राहुल गांधी को सजा के निहितार्थ

राहुल गांधी की सजा पर सवाल उठा कर विपक्षी पार्टी कांग्रेस न्यायपालिका का अपमान कर रही है। राहुल ने कठोर परिश्रम करने वाले एक समुदाय का अपमान किया है जो देश विदेश में फैला हुआ है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



सूरत की अदालत द्वारा राहुल गांधी को सजा देने के कुछ ही घंटे के भीतर कांग्रेस के कानूनी विशेषज्ञ अभिषेक मनु सिंघवी ने विस्तार से मामले के गुण-दोष पर अपनी बात रखी। कांग्रेस के पास वकीलों की एक मजबूत फौज है जो ऊंची अदालतों में वकालत करते हैं। अतीत में अनेक अवसरों पर अपने बड़े नेताओं के 'फंदे' में फंसने पर उन्होंने न्यायिक हस्तक्षेप के लिए सर्वोच्च न्यायालय की दौड़ लगाई। लेकिन कांग्रेसी नेताओं ने सूरत अदालत की सजा से राहत के लिए न्यायिक अधिकारियों का दरवाजा नहीं खटखटाया।

कांग्रेस के कानून विशेषज्ञ सर्वोच्च न्यायालय के 2013 के फैसले से भलीभांति परिचित हैं जिसमें कहा गया था कि दो साल या उससे अधिक सजा पर स्वत: ही विधायिकाओं के सदस्य अयोग्य हो जाएंगे। इनमें लोकसभा, राज्यसभा तथा राज्य विधानसभायें शामिल हैं। स्पष्ट रूप से कांग्रेस के नेता 'राजनीतिक स्टंट' के रूप में स्वयं को अनजान दिखा रहे थे कि सूरत अदालत के मजिस्ट्रेट द्वारा सजा मिलने पर राहुल गांधी स्वत: ही संसद सदस्यता के अयोग्य हो गए हैं। मजेदार बात है कि इस जानकारी के बावजूद राहुल गांधी संसद आए कि वे पहले ही सदस्यता के अयोग्य हो गए हैं।

उनको यह बात किसी अन्य की तुलना में ज्यादा स्पष्ट थी क्योंकि उन्होंने ही पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की कैबिनेट द्वारा स्वीकृत अध्यादेश फाड़ा था। अध्यादेश का उद्देश्य दोषसिद्ध विधायिका के सदस्य की स्वत: अयोग्यता के फैसले को कमजोर करना था। यदि राहुल गांधी दावा करते हैं कि उनको सर्वोच्च न्यायालय के 2013 के फैसले के निहितार्थ नहीं पता थे तो वे जानबूझ कर अनजान बन रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं की उपस्थिति में प्रेस क्लब आफ इंडिया में यह अध्यादेश फाड़ा था।

राहुल गांधी पर सनक भरे व्यवहार का आरोप है। उन्होंने अतीत में जानबूझ कर अपमानजनक भाषण दिए हैं। वे कई अदालती मामलों में फंसे हैं। वे नेशनल हेराल्ड मामले में भी जमानत पर हैं। उन्होंने स्वयं को भारतीय राजनीति के ऐसे 'आक्रामक' नेता के रूप में पेश किया है जो सुधरने से लगातार इनकार करता है। उन्होंने मनमोहन सिंह का अपमान करने से लेकर लंदन में विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र का भी मजाक उड़ाया। 'सहानुभूति' पर वोट बटोरने की कांग्रेस की इच्छा बहुत पुरानी है। पार्टी को लग रहा है कि लोग सहानुभूति के आधार पर उसे वोट देंगे, लेकिन यह दिवास्वप्न के सिवा और कुछ नहीं है।

गांधी परिवार के नेतृत्व में कांग्रेस हाशियाकृत हो गई है। सवाल है कि देश राहुल गांधी से सहानुभूति क्यों रखेगा? देश के गरीबों के उत्थान में उनका क्या योगदान है? उनको एक समुदाय का अपमान करने की सजा मिली है। अपने इस बयान से वे क्या संदेश देना चाहते थे कि 'सभी चोरों के नाम में मोदी क्यों होता है'? क्या उनको यह नहीं लगा कि वे कठोर परिश्रम करने वाले एक समुदाय का अपमान कर रहे हैं जो पूरे देश और विदेश में फैला हुआ है? जनता को यह तय करना है कि क्या देश के नेताओं को किसी के खिलाफ कुछ भी कहने का अधिकार है? कुछ लोगों का मानना है कि मानहानि एक आपराधिक मामला नहीं होना चाहिए। लेकिन यह पूछना भी उचित है कि किसी को दूसरों के खिलाफ ऐसे आरोप लगाने का क्या अधिकार है जिसके कोई प्रमाण न हों? दूसरों को बदनाम करने का लाइसेंस भारतीय राजनीति को और गिरा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक टेलीविजन शो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाए। न्यूज़ एंकर ने केजरीवाल के दावों का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन उसे जबरन चुप करा दिया गया। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए हैं। उसी न्यूज़ चैनल ने प्रधानमंत्री मोदी का कई साल पुराना साक्षात्कार पुन: दिखाया जिसका संदर्भ केजरीवाल ने दिया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपने आरोप विधानसभा में दुहराए। देश में लाखों नौजवान दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करते हैं। केजरीवाल ने बड़ी संख्या में इस प्रकार शिक्षा प्राप्त नौजवानों का अपमान किया, जबकि सरकार ने दशकों पहले दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहित किया था। इस उद्देश्य से इंदिरा गांधी नेशनल ओपेन युनिवर्सिटी समेत अनेक विश्वविद्यालय काम कर रहे हैं। सभी अच्छी तरह जानते हैं कि केजरीवाल स्वर्गीय अरुण जेटली व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दायर मानहानि मामले में माफी मांग कर बचे थे। लेकिन राहुल गांधी ने सूरत की अदालत में माफी नहीं मांगी। राजनीतिक विमर्श में कीचड़ उछालने को प्रगतिशील भारतीय लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा है कि वे 'सावरकर नहीं, बल्कि गांधी हैं और गांधी माफी नहीं मांगते हैं।' लेकिन कुछ महीने पहले उन्होंने राफेल मामले में आधारहीन आरोप लगाने के कारण सर्वोच्च न्यायालय में माफी मांगी थी। विधायिका के सदस्यों को जनता के सपने पूरे करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से अब संसद सदस्यों की विशेषाधिकार शक्तियों की समीक्षा होनी चाहिए। पूछा जाना चाहिए कि क्या अब भी किसी सांसद द्वारा केन्द्रीय विद्यालय में छात्रों की भर्ती की संस्तुति का अधिकार होना चाहिए। इसी प्रकार उनको अपनी अन्य विशेषाधिकार शक्तियों का अधिकारों के रूप में कहां तक प्रयोग करना चाहिए। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि गांधी परिवार में 'सामंती' सोच व्याप्त है। आंतरिक लोकतंत्र के लिए मजबूत अभियान के बावजूद कांग्रेस के गिरोह ने वास्तविक अंतर-पार्टी लोकतंत्र स्थापित करने के प्रयासों को धक्का दिया है। यह गिरोह पार्टी में सत्तारूढ़ परिवार की सामंती सोच जीवित रखता है।

लोगों के दिमाग में अभी ये स्मृतियां जीवित हैं कि सीताराम केसरी को गांधी परिवार ने किस प्रकार पार्टी के बाहर किया था। देश के लोग अभी भूले नहीं हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिम्हाराव की लाश को पार्टी कार्यालय में लाने और समर्थकों को दिवंगत आत्मा को श्रृद्धांजलि देने से रोक दिया गया था।

कानून तोड़ने तथा स्वयं को पीड़ित की तरह पेश करने के कारण गांधी परिवार ने दुनिया में न्यूनतम राजनीतिक सभ्यता का परिचय दिया है। लेकिन कानून सबके लिए बराबर है और कानून नागरिकों के बीच भेदभाव नहीं करते हैं। विपक्षी पार्टियां आपराधिक मानहानि मामले में सजा मिलने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता का विरोध कर रही हैं। लेकिन यह भ्रष्टाचार के 'उत्सव' के सिवा और कुछ नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी के लोगों ने दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार होते देखा है। दिल्ली की नई एक्साइज़ नीति की जांच वित्तीय अनियमितता व षडयंत्र के कारण हो रही है। भारतीय लोकतंत्र का आधार अनेक संस्थायें हैं। लोकतंत्र देश का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण संस्थान है। राहुल गांधी की सजा पर सवाल उठा कर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी पार्टियां न्यायपालिका को नुकसान पहुंचा रहीं हैं। यह एक प्रकार से न्यायालय की अवमानना भी है। इसी प्रकार संसद का काम कानून बनाना है। यदि विपक्षी दलों का विश्वास है कि कुछ कानूनों में परिवर्तन होना चाहिए तो वे निश्चित रूप से संसद में इन कानूनों में परिवर्तन कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए उनको जनता से जनादेश प्राप्त करना होगा। आत्मकेन्द्रित राजनीति का देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए और इस पर फौरन विराम लगना चाहिए।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में आवश्यक संशोधनों के साथ कठोर कानून भी अवश्य बनाए जाने चाहिए। यह समय की आवश्यकता है। ऐसे परिवर्तनों के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र को ऐसे रास्ते पर लाने में काफी सहायता मिलेगी जहां जानबूझ कर झूठ बोलने तथा किसी भी व्यक्ति या समुदाय की मानहानि का कोई स्थान न हो।

# प्रगति के लिए अनिवार्य है मानव संसाधन प्रबंध

"शीर्ष प्रबंधन को अपने कर्मचारियों के प्रति दयालु होना चाहिए, यह उत्पादकता और कॉर्पोरेट नैतिकता के उच्च मानकों को सुनिश्चित करता है।"

**रवि चंद्र कोचर**
(लेखक एमिटी युनिवर्सिटी के समूह कुलपति हैं)



हाल के दिनों में, मानव संसाधन प्रबंधन बदल गया है और उत्कृष्टता के इच्छुक किसी भी संगठन का केंद्र बन गया है। दिन-ब-दिन मानव संसाधन प्रबंधन की भागीदारी और महत्व में वृद्धि होती जा रही है, और यह किसी भी उत्कृष्टता केंद्र के परिणाम का केंद्रीय बिंदु बन गया है।

यह संक्रमण आसान नहीं रहा है, लेकिन कुछ समय के लिए संगठनों द्वारा सिस्टम के पूर्ण ओवरहाल के लिए सभी निरंतर प्रयास किए गए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि डिजिटलीकरण ने मानव संसाधन प्रक्रियाओं और निर्णय लेने में कुछ अंतर किया है, हालाँकि, यह नीतियां हैं जिन्होंने समग्र परिवर्तन को गति दी है और मानव संसाधन विकास मंत्री में क्रांति ला दी है।

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, प्रबंधन के उच्चतम स्तर पर निर्णय लेने में एचआर कारक रहा है, यह तय करने के लिए कि आप संगठन को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं और एक बार एचआर को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर दिया गया है, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रक्रिया इसके चारों ओर घूमेगी।. यह क्यों कारक संगठन के मिशन और उद्देश्य द्वारा परिभाषित किया जा सकता है। क्यों कारक तय करने के बाद अब स्पष्ट रूप से आप किस प्रकार के कर्मियों को किराए पर लेना चाहते हैं। अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें, लक्ष्य निर्धारित करें, और मील के पत्थर तय करें और अपने मिशन और उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए संगठन द्वारा अपनाए जाने वाले रोडमैप को तैयार करें।

अगला कदम तब होगा जब रिक्रूटर्स योग्यता, विशेषज्ञता, अनुभव, पिछली जॉब प्रोफाइल और हासिल किए गए उल्लेखनीय परिणामों सहित क्यूआर को परिभाषित करना शुरू करेंगे। क्यों और क्या कारकों का निर्णय लेने के बाद किसी को अगले कारक, कैसे पर जाना होगा। यह भी एक महत्वपूर्ण कारक है, इस दिशा में कैसे आगे बढ़ना है, इसकी योजना बनानी शुरू करनी होगी।

संगठन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नौकरी के लिए सबसे अच्छा व्यक्ति उपलब्ध है और इस प्रकार किसी को भी भर्ती करने से पहले खोज सही होनी चाहिए। अधिक से अधिक प्रसार वाले समाचार पत्रों की जांच करें और तदनुसार आवश्यकता के अनुसार स्थानीय/अखिल भारतीय संस्करणों में एक अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया विज्ञापन सम्मिलित करें। संगठन की हेडहंटिंग टीम को जॉब पोर्टल्स के साथ-साथ विभिन्न वेबसाइटों पर खोज करनी चाहिए जो कर्मचारियों का विवरण प्रदान करती हैं, जांचें कि क्या कोई विशिष्ट नौकरी की संगठनात्मक आवश्यकता से मेल खाता है और संपर्क स्थापित करता है यदि वे प्रक्रिया को स्थापित करने से पहले बदलने के इच्छुक हैं भर्ती का। डेटाबेस उपलब्ध होने के बाद, शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू होती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक प्रोफ़ाइल के लिए निर्धारित क्यूआर पर कोई समझौता नहीं किया गया है। प्रत्येक संभव कार्य के लिए, कम से कम पांच व्यक्तियों को छाँटें और नौकरी के लिए व्यक्ति की उपयुक्तता की जांच करने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित करें। इन पांच में से, सर्वश्रेष्ठ दो को शीर्ष प्रबंधन द्वारा मिलना चाहिए।

प्रक्रिया के दौरान, यह भी विचार किया जाना चाहिए कि कौन सा वित्तीय पैकेज तय किया जाना है। साक्षात्कार के दौरान, उम्मीदवार की पारिवारिक पृष्ठभूमि की भी जांच की जानी चाहिए क्योंकि यह निर्धारित करेगा कि वह नियम और जिम्मेदारियों समेत सौंपे गए कार्य को पूरा करने के लिए कितना समय दे पाएगा/सकती है। फिर भी एक और विचार होना चाहिए, संगठन में उसके भविष्य के विकास की गुंजाइश। एक बार जब चयन प्रक्रिया पूरी हो जाती है, वित्तीय पैकेज स्वीकार्य हो जाता है और उम्मीदवार संगठन में शामिल हो जाता है, तो ऑनबोर्डिंग का और भी महत्वपूर्ण चरण सहज होना चाहिए। दोस्त प्रणाली बहुत फायदेमंद साबित हुई है जिसमें एक व्यक्ति को नए जॉइनर से जोड़ा जाता है ताकि उसे सहज महसूस कराया जा सके और उसे संगठन की प्रणालियों और प्रथाओं से परिचित कराया जा सके, उसे आवश्यकतानुसार सहकर्मियों और अन्य लोगों से मिलवाया जा सके।

यह चरण प्रासंगिक है ताकि व्यक्ति जगह से बाहर महसूस न करे और नए वातावरण को सौहार्दपूर्ण ढंग से अपनाए। प्रारंभ में, थोड़े-थोड़े अंतराल पर, उम्मीदवार को अपने मजबूत / कमजोर बिंदुओं की सराहना करने के लिए मार्गदर्शन और सलाह दी जा सकती है और उसके लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। जैसे-जैसे संगठन बढ़ता है, कर्मचारियों को भी बढ़ना चाहिए और लाभ का हिस्सा कर्मचारियों को भी दिया जाना चाहिए। अनुभवी लोगों को बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि वे संगठन के विकास में प्रभावी योगदान दे सकें। साथ ही, संगठन को कर्मचारियों की देखभाल के तरीकों और साधनों को लगातार विकसित करना चाहिए, चाहे वह वार्षिक वेतन वृद्धि हो या विभिन्न कल्याणकारी उपाय हों ताकि कर्मचारी संगठन के विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपने काम और प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर सकें। महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक यह होना चाहिए कि शीर्ष प्रबंधन को अपने कर्मचारियों के प्रति दयालु होना चाहिए, चाहे वह छुट्टी हो या चिकित्सा कवर या ऐसी अन्य व्यवस्थाएं ताकि प्रत्येक कर्मचारी को यह विश्वास हो कि जरूरत के समय व्यक्ति को मुश्किलों का सामना करने के लिए अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। आकस्मिक स्थिति और यह पहलू बहुत महत्वपूर्ण है, सभी के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए और मानवता प्रबल होनी चाहिए।

अंत में किसी भी संगठन को विकसित होने के लिए योग्य, अनुभवी और समर्पित, ईमानदार और निष्ठावान कर्मचारियों की आवश्यकता होती है और यह नेतृत्व शीर्ष प्रबंधन द्वारा करुणा और पारदर्शिता के साथ प्रदान किया जाना चाहिए।

## आप की बात

### सड़क सुरक्षा

**अधिकांश** लोग वाहन चलाते समय चालक अपने मोबाइल को कान और कंधे के बीच दबाकर बातचीत करते हुए वाहन चलाते है उनका ध्यान बातचीत पर ही ज्यादा रहता ही । पीछे हार्न देने वाले की भी वो सुनते नहीं ऐसे में दुर्घटना संभव है । जरुरी बात भी करना हो तो थोड़ा सा ठहर कर बात करना चाहिए । कई लोग मोबाइल पर बातचीत जोर-जोर से करते हैं। वाहन चलते समय कानों में हेडफोन लगा होने से भी हार्न सुनाई न देने की परेशानी उठानी पड़ती है। मोबाइल एवं स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों का भी ख्याल रखे। परिवार के लोग आप के घर आने की राह देख रहे है । सुरक्षित चलें। लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए निर्धारित गति से ज्यादा गति में वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना एवं यातायात के नियमों का पालन नही करने से दुर्घटनाएं होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाालों की संख्या भारत में दुनिया के विकसित देशों की तुलना में बहुत अधिक है। यातायात नियम पालन कराने के लिए कठोर दंड जरूरी हैं क्योंकि जुर्माने का लोगों पर ज्यादा असर नहीं पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाने तथा उसे लगातार सक्रिय रखने व नियम तोड़ने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस जब्त करने या निलंबित करने की कार्रवाई होनी चाहिए।

**संजय वर्मा,** धार

### बदलती सोच

**आजकल** देश के लोग धीरे-धीरे अपनी सोच समझ को बढ़ा रहे हैं। अब लोग कपड़ों, गाड़ियों और विदेशी स्कूल की शिक्षा से प्रभावित नहीं होते। अब लोग आपकी शैक्षिक योग्यता से भी प्रभावित नहीं होते क्योंकि देश की जनता के बच्चे और पोते अब इंटरनेट और संचार माध्यमों से सीधे जुड़े हुए हैं। पहले दादा-दादी पोतों को लोगों के राजसी ठाठ की कहानी सुनाते थे। अब पोते पोतियाँ बुजुर्गो को सच सुनाते हैं, परन्तु राजनैतिक सोच-समझ शायद इसे पकड़ नहीं पा रही है। इसी कारण वतानुकूलित वातावरण वाले चाटुकार और सलाहकार अपने साहबानों को शायद सही वस्तु स्थिति से अवगत नहीं करा पाए और परिणाम पूरे देश के सामने है। देश में आने वाले परिवर्तनों से राजनीति बदलना स्वाभाविक है, लेकिन अनेक नेता बिना कोई काम-काज किए वंश-परिवार या खास जाति अथवा संप्रदाय के नाम पर चुनावी वैतरणी पार करने के मोह से उबर नहीं पा रहे हैं। शहरी व कस्बाई नौजवान तो बदलती सोच तेजी से अपना रहे हैं, पर ग्रामीण नौजवान अभी पुराने बंधनों में जकड़े हैं। हालांकि, देर-सवेर वे भी बदलेंगे और देश में राजनीति का चेहरा भी बदल देंगे।

**मनोज शर्मा,** मेरठ

### तानाशाहों की दोस्ती

**बेलारूस** के तानाशाह एलेग्जेंडर लुकाशेंको एवं उनके रुसी समकक्ष व्लादीमिर पुतिन आज के युग में दो जिस्म एक जान की तरह हैं। रविवार को मास्को ने घोषणा की कि वह सामरिक परमाणु हथियारों को बेलारूस के विभिन्न स्थानों में तैनात करने जा रहा है तो बेलारूस ने मुस्कुरा कर इस फैसले को स्वीकार किया। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि यह परमाणु अप्रसार संधि का उलंघन है या नहीं लेकिन इतना तो तय है की यूक्रेन का युद्ध आगे चलकर भयानक मोड़ लेने वाला है। पुतिन का दावा है कि यही काम तो अमेरिका ने भी किया है। उसने परमाणु हथियारों को बेल्जियम, जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड व तुर्की में तैनात कर रखा हैं। मगर दोनों मामलों को एक नहीं समझा जाना चाहिए। अमेरिका ने यह तैनाती शांति काल में की थी जबकि क्रेमलिन ने युद्ध के दौरान यह भयावह कदम उठाया है। रूस की घोषणा से तनाव बढ़ना स्वाभाविक है और इसकी प्रतिक्रिया में नाटो भी कदम उठाएगा। ऐसे में संयुक्त राष्ट्रसंघ व सुरक्षा परिषद को तत्काल उचित कदम उठाने चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**फर्म** के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाए जाने के बाद भी अडानी समूह में लोगों की सेवानिवृत्ति निधि के निवेश की जांच क्यों नहीं की गई।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**स्वतंत्रता** सेनानी वी डी सावरकर पर राहुल गांधी के हमले से लोकसभा सांसद के रूप में उनकी अयोग्यता के कारण उन्हें मिली सहानुभूति खत्म हो जाएगी।

– **उद्धव ठाकरे**
शिवसेना प्रमुख



**शासन** का दिल्ली मॉडल एक शून्य-भ्रष्टाचार मॉडल है और लोगों ने ऐसी व्यवस्था पहले नहीं देखी है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के सीएम

# अपनी कार्यप्रणाली से मिसाल प्रस्तुत करें अफसरः सीएस

## दुर्गा शंकर मिश्र ने नए पुलिस अफसरों को बताए प्रशासनिक अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से भारतीय पुलिस सेवा के 2020 एवं 2021 बैच के 16 परिवीक्षाधीन अधिकरियों ने भेंट की। मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को अपने प्रशासनिक अनुभव बताए। इस मौके पर मुख्य सचिव ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह गर्व और सौभाग्य का विषय है कि भारतीय पुलिस सेवा के लिए चयनित अधिकारियों को देश और जनता की सेवा का सुअवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपराधियों के अपराध के तरीके बदल गए हैं, साइबर क्राइम व अन्य तरह के क्राइम हो रहे है। सरकार की कार्य पद्धति में परिवर्तन आया है, पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए तेजी से निर्णय लिए जा रहें हैं और पुलिस को आधुनिकतम टेक्नोलॉजी से लैस किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह कानून-व्यवस्था और ट्रैफि क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये नवीनतम टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें और स्वयं को भी नवीनतम टेक्नोलॉजी से अपडेट रखें। आज के समय हर व्यक्ति थर्ड आई की नजर में रहता है, इसलिए ऐसा व्यवहार न करें जिससे उनकी छवि धूमिल हो। अपनी कार्यप्रणाली से मिसाल प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि आम जनता से नियमित रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। आम जनता से मिलते समय उनका व्यवहार मित्रवत होना चाहियेए ताकि उनके प्रति जनता का विश्वास बढ़े। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को स्मार्ट पुलिसिंग के महत्व को समझाया और जनपदों में स्थापित इंट्रीग्रेटड कमाण्ड कण्ट्रोल सेण्टर का भ्रमण करने का सुझाव दिया।

प्रशिक्षु अधिकारियों म अभिजीत कुमार, आदित्य, आदित्य बंसल, अमरिंदर सिंह, अमृत जैन, अंजलि विश्वकर्मा, अंशिका वर्मा, अरुण कुमार सिंह, किरण यादव, कुंवर आकाश सिंह, मनोज कुमार रावत, नीतू, पुष्कर वर्मा, शाव्या गोयल, शुभम अग्रवाल, विक्रम दहिया शामिल थे। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण अनिल कुमार अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### 16 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने की डीजीपी से भेंट



**लखनऊ।** डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान से सोमवार को भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2021 बैच के 16 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। ये प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सरदार बल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद एवं डॉ. बीआर आम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, मुरादाबाद से मुख्यालय भेंटवार्ता, भ्रमण और प्रशिक्षण के लिए आए हैं। डीजीपी द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर सेल, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# निराश्रित गोआश्रय स्थलों की स्थापना में तेजी लाई जाए



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय बजट एवं आगामी कार्य योजना के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि गर्मी के दृष्टिगत पराग मिल्क पार्लर सुव्यवस्थित रूप से संचालित हों और किसानों को दुग्ध मूल्य का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि छोटे किसानों एवं पशुपालकों के हितों के दृष्टिगत भेड़, बकरी, मुर्गी आदि लघु पशु से संबंधित योजनाओं को और प्रोत्साहित किया जाये। गोसंरक्षण के संवर्धन हेतु संचालित योजनायें, निराश्रित गोआश्रय स्थलों की स्थापना, मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना तथा कुपोषित परिवारों को निराश्रित गोआश्रय स्थल से दुधारू गाय उपलब्ध कराने की योजना के संचालन में और अधिक तेजी लाई जाए। पशुधन मंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक, पशुओं के संचारी रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण, बधियाकरण, जोखिम बीमा प्रबन्धन एवं कृत्रिम गर्भाधान के कार्यक्रमों को गति देते हुए कुक्कुट विकास नीति 2022 के द्वारा प्रदेश में अण्डा उत्पादन बढ़ाये जाने एवं नई कुक्कुट इकाईयॉ स्थापित किये जाने पर विशेष बल दिया जाये। उन्होंने कहा कि पशु सेवा हेतु 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट प्राप्त हो गई है। जिससे इनके परिचालन का कार्य सुनियोजित और सुव्यवस्थित रूप से किया जाए, ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों एवं पशुपालकों को इसका त्वरित लाभ मिल सके। मंत्री धर्मपाल ने कहा कि दुग्ध विकास विभाग को 31 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्राप्त निवेश प्रस्तावों की नियमित समीक्षा की जाए। यूपी दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहित नीति 2022 के अंतर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाले दुग्ध उद्योग की इकाईयों को वित्तीय अनुदान, रियायतें एवं अन्य सुविधायें प्रदान किये जाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। पशुधन मंत्री ने पशुओं की सेवा हेतु मोबाइल यूनिटए लम्पी रोग के नियंत्रणए मिशन एआई एवं टीकाकरण आदि कार्यों हेतु विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी पशुधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता का पूरा ध्यान रखते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। वित्तीय स्वीकृतियॉ समय से जारी कराया जाय, ताकि लम्बित योजनाओं को तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास डा. रजनीश दुबे ने मंत्री को पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के बजट की अद्यतन स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना से अवगत कराते हुए समयबद्ध रूप से कार्यों के संपादन के लिए आश्वस्त किया। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, दुग्ध आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील, पीसीडीएफके प्रबंध निदेशक कुणाल सिल्कू, पशुधन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डा. इन्द्रमणि तथा शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकारी फील्ड में जाकर करें कार्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जनपदों में कार्यरत अधिकारी कार्यालयों से निकलकर क्षेत्र में जाएं और अपने कार्य शैली में सुधार लायें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप कम पाया जायेगा वहां के सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी। यह बात सोमवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान कही।

परिवहन मंत्री ने कहा कि राजस्व वसूली में जो जनपद राज्य औसत से कम हैं, अपने कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में ठोस काम करें। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग की राजस्व वसूली में मेरठ परिक्षेत्र 64.14 प्रतिशत की प्राप्ति के साथ प्रथम स्थान पर है जबकि लखनऊ 39.19 प्रतिशत प्राप्ति के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह जानकारी परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह मासिक वसूली 01 मार्च से 26 मार्च 2023 तक की गई है। उन्होंने कहा कि यदि सम्भागवार बात की जाय तो गाजियाबाद संभाग 77.99 प्रतिशत राजस्व प्राप्ति के साथ प्रथम स्थान पर है जबकि सहारनपुर संभाग 46.03 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं मेरठ संभाग 44.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर है। लखनऊ संभाग 41.28 प्रतिशत राजस्व प्राप्ति के साथ 5वें स्थान पर है। उन्होंने बताया कि जिलेवार राजस्व प्राप्ति को अगर देखा जाय तो गौतमबुद्ध नगर 118.40 प्रतिशत प्राप्ति के साथ प्रथम स्थान पर है एवं गाजियाबाद 60.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं बुलंदशहर 54.04 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर है। अगर जनपद लखनऊ को देखा जाय तो 47.12 प्रतिशत के साथ 10वें स्थान पर है।

### साउन्ड एण्ड लाइट शो में पूरे देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए को प्रथम स्थान

**लखनऊ।** देश के समस्त राज्यों एवं संघ क्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रेषित प्रविष्टियों में यूपी के पर्यटन विभाग को साउन्ड एण्ड लाइट शो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया है। मंगलवार 28 मार्च 2023 को शाम 7:30 बजे नई दिल्ली में आयोजित चिन्तन शिविर में इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी द्वारा प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि स्वदेश दर्शन स्कीम के तहत सभी राज्यों एवं संघ क्षेत्र प्रशासन से साउन्ड एण्ड लाइट शो प्रदर्शन के संबंध में प्रविष्टियॉ आमंत्रित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर में साउन्ड एण्ड लाइट शो को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए चुना गया है। सम्मान प्राप्त करने के लिए अपर सचिव पर्यटन राकेश कुमार वर्मा पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम को 24 मार्च को अवगत कराया गया था।

# प्रदेश के 52 खिलाड़ी होंगे पुरस्कृत

- पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के लिए 39.35 लाख की धनराशि स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डा. नवनीत सहगल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में चैंम्पियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों को उनके द्वारा अर्जित उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कृत करने के लिए 39.35 लाख रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस धनराशि से प्रदेश के 52 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण ने बताया कि 75वीं सीनियर नेशनल एक्वेटिक चैपियनशिप में स्वर्ण पद विजेता दिशा भण्डारी तथा 31वीं सीनियर नेशनल वुशू चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता सूरज यादव, छवि, ऋषभ नागर तथा भानू सिंह सहित पांच खिलाड़ियों को दो.दो लाख रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। डॉ. सहगल ने बताया कि सीनियर वर्ग में ही नेशनल इक्वेस्टेरियन चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त करने वाली दिशा भण्डारी तथा 31वीं सीनियर नेशनल वुशू चैम्पियनशिप में रजत पदक विजेता मनीषा भाटी को को 1.50 लाख रुपये पुरस्कार दिये जायेंगे। साथ ही प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता नितिन चौधरी, चिन्टू नागर, आयुष त्यागी, मोहित थापा, नेहा कश्यप तथा साक्षी जौहरी को एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जायेगें। इनके अलावा भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में कांस्य जीतने वाली मानसी चामुण्डा को 35 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। सीनियर वर्ग के शेष अन्य खिलाड़ी शिवम भारती, सौरभ शर्मा, ऐश्वर्य केसरवानी, मो. हाशिम खान तथा नीलेश कुमार को 20 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इसी प्रकार वर्ष 2022 में केरल में आयोजित जूनियर वर्ग में 21वीं बालिका वुशू चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तनिष नागर, अनिरूद्ध चौधरी तथा शिवानी को एक-एक लाख रुपये पुस्कार स्वरूप प्रदान किये जायेंगे। साथ ही रजत पद विजेता प्रिंस, अंश तिवारी, कु. छवि शर्मा, क्रिश शर्मा, तथा कु. नयना चौधरी को 75-75 हजार रुपये दिये जायेंगे। इनके अलावा इसी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले एवं कास्य पदक विजेता मोहित कुमार, अभिषेक शर्मा, शौर्य पाल, कु. मेघा, कृष्ण पुनिया तथा कु. खुशी नागर को 50-50 हजार रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। लखनऊ में आयोजित 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले ओम यादव को 50 हजार की धनराशि प्रदान की जायेगी।

# सपा प्रमुख से मिले पूर्व मंत्री अखण्ड प्रताप



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे इं. अखण्ड प्रताप सिंह यादव ने मुलाकात की। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के निवासी इं. अखण्ड प्रताप सिंह यादव दो बार कांग्रेस एक बार भाजपा और एक बार निर्दलीय विधायक रह चुके हैं। वह कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों में मंत्री भी थे। अखिलेश यादव से आज मुलाकात के दौरान पूर्व मंत्री इं. अखण्ड प्रताप सिंह यादव ने मध्य प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा की।

# डीजीपी की नियुक्ति में सुप्रीमकोर्ट की गाइडलाइन का उल्लंघनः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के अंदरूनी झगड़े में उत्तर प्रदेश का बड़ा नुकसान हो रहा है। भाजपा की दिल्ली और यूपी की सरकार एक दूसरे की बात नहीं मानती है। प्रदेश में स्थायी डीजीपी की तैनाती न होना इसी झगड़े का नतीजा है। हमारी समाजवादियों से अपील है कि वे जनता के बीच जाएं जनता से सम्पर्क करके बतायें कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। गरीबों को कहीं न्याय नहीं मिल रहा है। 2024 में भाजपा को हराना है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के डीजीपी की नियुक्ति में सुप्रीमकोर्ट की गाईडलाईन का उल्लंघन हो रहा है। एक न एक दिन गृह मंत्रालय को इसका जवाब देना पड़ेगा। सपा प्रमुख अखिलेश ने यह बात सोमवार मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ समाजवादी नेता स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान अखिलेश ने स्व. बेनी प्रसाद के चित्र पर माल्यापर्ण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बेनी प्रसाद वर्मा ने हर सम-विषम परिस्थिति में पार्टी का साथ निभाया। वे समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे। राजनीतिक स्थितियां कैसी भी बनीं हो उन्होंने हमेशा गरीबों की आवाज को बुलन्द किया था।

अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि अखिलेश यादव ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में गिरी हैं लेकिन डीजल, पेट्रोल की कीमतें क्यों कम नहीं हुईं, आखिर मुनाफा किसकी जेब में जा रहा है, नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकार आज भी प्रोविडेन्ट फंड का पैसा अडानी की कम्पनियों में लगा रही है। जो कम्पनी डूब रही है लगातार घाटे में जा रही है, आखिर उसमें सरकारी पैसा क्यों लगाया जा रहा है, डूबी कम्पनी में एलआईसी और एसबीआई बैंक का पैसा लगाने वालों को कब जेल भेजा जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अन्याय की सारी सीमाएं पार कर दी है। पार्टी और कार्यकर्ता देख कर मुकदमें दर्ज किये जा रहे हैं। भाजपा पहले बेईमानी और भ्रष्टाचार करती है। बेईमानी और अन्याय का विरोध करने वालों पर भाजपा उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करा रही है। पंचायत चुनाव, ब्लाक प्रमुख चुनाव और जिला पंचायत चुनाव के बाद एमएलसी चुनाव भाजपा ने प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग किया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पर्चे नहीं भरने दिये गये। जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव पैसा और प्रशासन के द्वारा जीता गया। को आपरेटिव के चुनाव में सरकार के निर्देश पर एक तरफा चुनाव करा दिया गया। भाजपा सरकार में अन्याय और भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठाने वालों पर ऐसे मुकदमें लगाएं जा रहे हैं जिससे कि उनकी सदस्यता चली जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में इतनी बड़ी.बड़ी घटनाएं हो रही है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।

# कोरोना जैसी गंभीर महामारी पर सरकार नहीं गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि प्रदेश की सरकार भाषणों की सरकार बन कर रह गई है, जिसमें उपमुख्यमंत्री जिनके पास स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग है जो पूरी तरह लापरवाही से परिपूर्ण है। लापरवाही का आलम यह है कि कोरोना संक्रमित केस मिलने शुरू हो गए हैं, वहीं पर एम्बुलेंस न मिलने के कारण मजदूर दम तोड़ रहें हैं तथा शव ठेलिया पर ले जाने के लिए परिजन मजबूर हैं। निजी अस्पतालों में लापरवाही का आलम यह है कि मरीज जहां दम तोड़ दे रहें हैं वहीं स्वास्थय विभाग जांच की बात कर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय न बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एक महिला शिक्षक सहित 36 छात्राएं कोरोना संक्रमित मिली जबकि इसके पूर्व में भी कई छात्राएं संक्रमित मिल चुकी थी। प्रदेश सरकार तब संज्ञान लेती है जब घटना घटित हो जाती है। पूरे प्रदेश में 48 नए मरीज एक दिन में मिले हैं जो संख्या बढ़कर लगभग 250 के आस पास हो गई है। लखनऊ में ही एक दिन में 6 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है जिसे लेकर लखनऊ में अब कुल 24 सक्रिय संक्रमित हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि कि कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या चिन्ता का विषय है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब तक कोरोना जैसे गंभीर बीमारी के प्रति कोई समीक्षा बैठक न कर अपनी लापरवाही को ही दर्शा रही है। मोहनलालगंज के पास कबाड़ का काम करने वाला एक मजदूर गंभीर हालत में एम्बुलेंस न मिलने के कारण ठेलिया पर परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया पत्नी शव को घर ले जाने के लिए भी मदद की गुहार लगाती रही लेकिन वाह रे स्वास्थय विभाग कोई मदद नहीं कर सका ठेलिया पर ही शव को वापस ले जाया गया, पांच किलोमीटर तक पत्नी शव के पीछे-पीछे पैदल चलती रही। इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग और उत्तर प्रदेश सरकार स्वयं अपनी पीठ थपथपाती है। पाण्डेय ने कहा कि विगत 6 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग का यह हाल देखने को मिल रहा है। किसी भी व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक आवश्यकता होती है लेकिन इसी सरकार में केजीएमयू 23वें से 75वें स्थान पर पहुंचते देखा गया। यही डिप्टी सीएम ओपीडी में खुद का पंजीकरण नहीं करा सके। इसी मेडिकल कॉलेज में ओएसडीए उप कुल सचिव व आईटी सेल इन्जार्च का पद सभालते दिखे। चिकित्सक, एम्बुलेंस में तड़पते हुए मरीज की मौत कोई भी कार्यवाही न होना भी इसी सरकार में देखा गया।

# कर्नाटक में अपने दम पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपाः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि कर्नाटक राज्य विधानसभा चुनाव पार्टी अपने दम पर लड़ेगी। मायावती ने सोमवार को इसको लेकर दिल्ली में कर्नाटक राज्य के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में चर्चा हुई। मायावती ने ट्वीट कर जानकारी दी कि बैठक में लगभग 60 प्रतिशत उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने कहा है कि बसपा उम्मीदवारों की सूची शीघ्र राज्य स्तर पर जारी की जाएगी। इसके साथ ही कर्नाटक प्रदेश यूनिट को निर्देश दिया गया है कि बची हुई सीटों के लिए उम्मीदवारों का पैनल तैयार करते हुए जल्द जारी किया जाए।

# उन्नत प्रजातियों से किसानों को पहुंच रहा है सीधा लाभः दुर्गा शंकर मिश्र

## मुख्य सचिव ने सीएसआईआर-सीमैप के स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि सीमैप उन्नत कृषि तकनीकियों के साथ ही औषधीय व सगंध पौधों की उन्नत प्रजातियों को किसानों तक पहुंचाकर बहुत ही उत्कर्ष कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उन्नत प्रजातियों से किसानों को सीधा लाभ पहुंच रहा है तथा उद्योग जगत को गुणवत्तायुक्त कच्चा माल औषधीय पौधों के रूप में उपलब्ध हो रहा है।

मुख्य सचिव सोमवार को सीएसआईआर-सीमैप के स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सीएसआईआर सीमैप के निदेश डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि मुझे आज इस संस्थान में आयोजित सीएसआईआर-सीमैप के स्थापना दिवस समारोह मे आकर बड़ी प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि अगले 25 वर्षों का रोडमैप बनाएं कि आपके अनुसंधान द्वारा किस प्रकार 25 वर्षों के बाद भी देश व आमजन मानस का उत्थान हो सके। निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने सीएसआईआर-सीमैप की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीएसआईआर-सीमैप लगभग 60 वर्षों से औषधीय एवं सगंध पौधों में अनुसंधान एवं विकास कार्यों के अंतर्गत औषधीय एवं सगंध पौधों की उन्नत कृषि तकनीकियां, उन्नतशील प्रजातियां एवं प्रसंस्करण तकनीकियों को विकसित कर किसानों को उपलब्ध करा रहा है। इससे किसानों को सीधा लाभ पहुंच रहा है तथा उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि डॉ. जीएन सिंह, सलाहकार मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआईआर=सीमैप औषधीय एवं सगंध पौधों के क्षेत्र में अतुल्य कार्य कर रहा है। इसके अंतर्गत उन्नत प्रजातियों, उन्नत कृषि तकनीकियों एवं उन्नत आसवन इकाइयों का विकास किया गया है। इससे किसानों को अच्छी गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री मिल रही है। फलस्वरूप किसानों व औषधीय एवं सगंध पौधों से जुड़े उद्योगों को लाभ हो रहा है। डॉ सिंह ने कहा कि मेंथा की खेती से उत्तर प्रदेश ने 7000 करोड़ कि इकॉनमी को हासिल किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज प्रसाद, वैज्ञानिक एनआईपीजीआर, नई दिल्ली द्वारा स्थापना दिवस व्याख्यान 'फीडिंग द 10 बिलियन बाइ 2050', जीनोमिक्स पर्सपेक्टिव' विषय पर प्रस्तुत किया गया। डॉ. प्रसाद ने बताया कि आज भारत तथा विश्व की बढ़ती जनसंख्या को आहार तथा पोषण उपलब्ध कराने में मिलेट्स का अधिक महत्व है। आने वाले समय में मिलेट्स खाद्यान्न के रूप में अति महत्वपूर्ण भूमिका विश्व स्तर पर निभा सकते हैं।

इस अवसर पर सीएसआईआर-सीमैप, लखनऊ द्वारा प्रकाशित सीमैप समाचार पत्र का विमोचन अतिथियों व निदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा फू लों से निर्मित सुगंधित अगरबत्ती व कोन तकनीकी को मेसर्स प्रकृति डिवाइन इनसेन्स, गुरुग्राम, हरियाणा को हस्तांतरित की गयी। स्टार्टअप के अंतर्गत मेसर्स वागले, बंगलोर ने सीएसआईआर-सीमैप द्वारा विकसित हर्बल उत्पादों जैसे लिपबाम, पॉलीहर्बल टूथ पेस्टए एंटी डंड्रफ शैम्पू (जिरेनियम एक्टिव) हेयर ऑइल (सिम-केश), एक्ने प्रिवेंटिव फेसवाश, क्लींजी (हर्बल फेसवाश) उत्पादों को मार्केट करने के लिए मार्केट सीडिंग एग्रीमंट पर हस्ताक्षर किए।

# डा. शिप्रा यादव बने अध्यक्ष, योगेश रघुवंशी महामंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगरीय** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनके रोड के सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ की जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। यह चुनाव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल द्वारा नामित चुनाव अधिकारी डा बिमल बैसवार के साथ डा सोमनाथ और डा निशांत निर्वाण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जनपद स्तरीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर डा शिप्रा यादव, महामंत्री पद पर योगेश रघुवंशी, कोषाध्यक्ष पद पर गंगा यादव, संगठन मंत्री के पद पर मनोज कुमार वर्मा, संप्रेक्षक पद पर रश्मि सिंह, प्रवक्ता पद पर विश्वजीत सिंह और सलाहकार पद पर देवेन्द्र कुमार सर्वसम्मति से चुने गए हैं। जनपदीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के निर्वाचन को चुनाव अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी है। इस मौके पर सभी शहरी और ग्रामीण सीएचसी के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदूवादी संगठनों ने किया सनातन धर्मियों से एकजुटता का आह्वान

●जय श्रीराम के नारों से गूंजा सीतापुर, भगवामय हुआ शहर, बाइक व कारों का दिखा हुजूम

संवाददाता। सीतापुर



**सोमवार** को सीतापुर के मार्गों पर मनमोहक नजारा देखने को मिला, बाइक व कारों पर लगी भगवा झंडी का काफिला पूरे शहर से गुजरा तो लोग वहीं थम गए। मौका था नववर्ष महोत्सव समिति द्वारा आयोजित भगवा यात्रा का जिसमें तमाम हिंदूवादी संगठनों ने रैली निकालकर सनातन धर्मियों से एकजुटता का आवाहन किया। भगवा यात्रा का शुभारंभ शहर के आरएमपी इंटर कालेज के प्रांगण में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से हुआ जो आंख अस्पताल, सिविल लाइन, बट्सगंज, कैप्टन मनोज पांडेय चौराहा से होते हुए मुंशीगंज, मन्नी चौराहा, कोट चौराहा, उजागर लाल स्कूल, गुरूद्वारा रोड, ग्रीकगंज, ट्रांसपोर्ट चौराहा, रोडवेज बस स्टेंड चौराहा होते हुए पुनः ट्रांसपोर्ट चौराहा से लालबाग व आंख अस्पताल रोड से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी भगवा पगड़ी पहने हुए थे, जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ रही थी, पदाधिकारियों का जोश भी बढ़ता जा रहा था। हजारों पदाधिकारी बाइक व कार पर सवार होकर जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे, वहीं अनुराग रोशन, पंकज आर्गेन और उनकी टीम संगीतमई गीतों से भगवा यात्रा में चारचांद लगा रही थी। जिन मार्गों से यात्रा गुजरी वहां का नजारा भगवामय हो गया, और जहां तक नजर जा रही थी, भगवा झंडे और पगड़ी ही दिखाई पड़ रही थी। पूरा शहर इस मनमोहक भगवा यात्रा का साक्षी बना। भगवा यात्रा में आरएसएस, भारतीय जनता पार्टी, आजाद हिंद भगत संगठन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना, सेवाभारती, विद्या भारती, विश्व हिंदू परिषद सहित आधा दर्जन से अधिक हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी पूरे उत्साह के साथ भारतीय नववर्ष को भगवा यात्रा के माध्यम से मना रहे थे। बट्सगंज चौराहे पर भाजपा नेत्री बबिता गुप्ता, मुंशीगंज चौराहे पर सर्वेश, घंटाघर चौराहे पर अनूप खेतान व उनकी टीम, बस अड्डा चौराहे पर विहिप जिलाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, मुकेश कनौजिया, राजू अग्रवाल व लालबाग चौराहा पर व्यापरी नेता भगवती गुप्ता ब्रजेश रस्तोगी, पल्लव गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने फूलों की बारिश कर भगवा यात्रा का भव्य स्वागत किया। भगवा यात्रा के मनमोहक नजारे को ड्रोन कैमरे से कैद किया गया। करीब 8 किलोमीटर लंबी भगवा यात्रा की मनमोहक तस्वीरों को आई इंडिया के कैमरा मैन सिद्धांत पांडे ने कैमरे में कैद किया और पूरी यात्रा की पल पल की जानकारी दी। भगवा यात्रा में भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान उनके पुत्र पीयूष सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, विश्राम सागर राठौर, जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, भाजपा नेत्री नीरज वर्मा, भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, बबिता शंकर गुप्ता, टीपी सिंह, रमाशंकर गुप्ता, मयंक गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, शरद श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, आरएसएस के विभाग प्रचारक बैरिस्टर, संघ चालक हरिपाल, जिला संघ चालक उमाकांत मिश्रा, सह जिला संघ चालक राकेश सेठ, विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार, जिला कार्यवाह आशीष, जिला प्रचारक उपेंद्र, नगर कार्यवाह विनीत, नगर प्रचारक कमलेश, नगर प्रचार प्रमुख सचिन, सुजीत, राजेश, वेद प्रकाश जायसवाल शानू, शिवम त्रिवेदी, संदीप अवस्थी, अंजनी मिश्रा, रूद्र प्रताप सिंह, जया सिंह, कंचन प्रभा पांडे, ममता डोडेजा, पवन श्रीवास्तव, प्रशांत मिश्रा, विजय शंकर पांडेय, विपुल सिंह, दीपेंद्र भदौरिया, शरद तिवारी, ऋषि, शांतनु अग्निहोत्री, दिपिल अरोणा, बब्बू बाजपेई, विक्रम सिंह, अविनाश वर्मा, चंदन वर्मा, विकास वर्मा, आकाश अग्रवाल बजरंगी, शीतल अग्रवाल, शिवांशु मिश्रा, कुक्की जायसवाल, श्रेयांश सिंह, सचिन मिश्रा, अभिषेक अवस्थी, संकल्प सोनकर, आकाश सिंह, कामेश शुक्ला, प्रधान कुशाग्र दीक्षित, अनूप विश्वकर्मा, कुसुम सिंह, राहुल श्रीवास्तव, वैभव मिश्रा, अपूर्व अग्रवाल, मनीष शास्त्री, देशदीपक, राज बघेल रजिया, आशीष हिंदू, विवेक, प्रशांत, टिंकू पाल, विजय चौहान, मनीष, विकास शुक्ला, कुलदीप हिंदू, एकांश गुप्ता, वैभव शुक्ला, राजकुमार, नितिन राज, नवीन गुप्ता, राजा श्रीवास्तव, हर्ष मिश्रा, रौनक सिंह, राज सिंह, नितिन दीक्षित, विजय आनंद, रिषभ, मयंक सहित हजारों हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारीगण शामिल रहे।

# दुःख-सुख के साथी हैं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी

संवाददाता। निघासन-खीरी



**लोग** विधायक या प्रधान जैसा पद पाकर जनता को भूल जाते हैं लेकिन केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की खासियत कुछ अलग ही है, वो जैसे पहले जनता के दुःख सुख में बराबर शामिल होते थे ठीक उसी प्रकार आज भी वह क्षेत्रीय जनता से बेबाकी से मिलते हैं। यहां पर गौरतलब है कि भाजपा ने उनकी प्रतिभा का सम्मान करते हुए टेनी को भारत के ग्रहराज्यमंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद प्रदान किया है लेकिन इतने प्रभावशाली पद पर आसीन होने के बावजूद उनमें अहंकार की भावना कभी दिखाई नहीं पड़ी। ज्ञातव्य है कि केंद्रीय ग्रहराज्यमंत्री जब कभी क्षेत्र में आते हैं उनके साथ कोई सुरक्षा का तामझाम नहीं होता। जनता बड़े आराम से उनसे मिलती है, कभी ऐसा आभास ही नहीं होता कि वह देश के केंद्रीय गृह राज्यमंत्री से इतनी बेबाकी से अपनी बात रख रही है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी ग्रहराज्यमंत्री के अधरों की मुस्कान कभी गायब नहीं होती। आज के दौर में जहां विधायक और सांसद जीतने के बाद जनता से कोई मतलब नहीं रखते, यानी ऐसे मतलबपरस्त नेता खुद को इतना वीआईपी समझने लगते हैं कि जनता उनके लिए कीड़े मकोड़े की तरह नजर आने लगती है लेकिन श्री अजय मिश्र टेनी का जनता से संवाद स्थापित करने का अंदाज ही निराला है वह क्षेत्रवासियों के हर दुःख सुख में बराबर शामिल होते हैं शायद इसीलिए जनता उन्हें अपने घर के सदस्य की तरह मानती है, आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जनता का भरपूर समर्थन अगर फिर से उन्हें मिल जाए तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं ।

# बेटियों को बचाने-बढ़ाने का संकल्प

●नव जन्मी कन्याओं के अभिभावकों को मिला कन्या गौरव प्रमाण पत्र, बेबी किट

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**महिला** कल्याण विभाग के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत डीएम के निर्देश, डीपीओ संजय निगम के मार्गदर्शन में जिला महिला अस्पताल सहित निजी चिकित्सालय में उत्साह, उल्लास, उमंग से कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवजात कन्याओं को प्रमाणपत्र व तोहफे दिए गए। खीरी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार और डीएम के निर्देश पर जनपद खीरी की जिला महिला चिकित्सालय सहित निजी क्षेत्र के सृजन नर्सिंग होम, कल्याणी हॉस्पिटल, चोपड़ा नर्सिंग होम में एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके तहत नवजात शिशुओं से अस्पताल में केक कटवा कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर करीब आधा दर्जन अभिभावकों को बधाई पत्र मिष्ठान बेबी किट आदि का वितरण कर सम्मानित किया गया। कन्या जन्मोत्सव के दौरान चिकित्सालयों में नवजात कन्याओं के अभिभावकों को कन्या गौरव प्रमाणपत्र दिए गए। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत प्रदेश सरकार की ओर से बेटी के जन्म पर दो हजार रुपए प्रदान जा रहे है। यह एक जन जागरुकता का विषय हैए ताकि हर कन्या के जन्म को एक उत्सव के रूप मे मनाए। उन्हें हर प्रकार की सुविधा मिले। उन्हें एक अच्छा माहौल मिले, इस के लिए शासन प्रशासन पूर्ण रूप से तत्पर है। वही गत दिवस को भी जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सात नव जन्मी कन्याओं को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. लिली सिंह ने बेबी किट और बधाई पत्र देकर सम्मानित किया।

# 11 साल पहले की हत्या की वारदात में आरोपी को आजीवन कारावास

संवाददाता। सीतापुर

**महोली** कोतवाली इलाके के बढ़ैया गावं में 11 साल पहले हुई हत्या की एक वारदात में न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारवास और जुर्माने की सजा से दंडित किया है। यह फैसला जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय की अदालत से आया है। मुकदमे में अभियोजन की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला ने की, जबकि सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गौरव मिश्रा ने सहयोग किया। महोली कोतवाली के बढ़ैया गांव निवासी अरूण मिश्रा पुत्र छविनाथ ने 6 मार्च 2012 को थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही आशीष मिश्रा पुत्र रामशरण ने उसके भाई विनय को अपनी लाइसेंसी रायफल से गोली मारकर घायल कर दिया है। उपचार के दौरान विनय की मृत्यु हो जाने के कारण धारा 307 हत्या की धारा 302 में बदल गई थी। मामला विवेचना परांत दोष निर्धारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत हुआ, जनपद न्यायाधीश ने अभियुक्त आशीष मिश्रा को हत्या का दोषी पाते हुए उसे सश्रम आजीवन कारावास व बीस हजार रूपए जुर्माना की सजा से दंडित किया है।

## क्विक न्यूज

### बिना मास्क अस्पताल परिसर में एंट्री पर रहेगी रोक

**लखीमपुर खीरी।** कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में एक दिन में अचानक हुई वृद्धि के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अपनी कमर कस ली है इसे लेकर सेवाओं में और अधिक इजाफा किया गया है। इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए एमसीएच विंग अधीक्षक डॉ. एसी श्रीवास्तव ने कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें जिला पुरुष चिकित्सालय से डॉ. एसके मिश्रा और मैट्रन रजनी मसीह भी मौजूद रहे। एमसीएच विंग के अधीक्षक डॉ. ए.सी. श्रीवास्तव ने बताया कि एक दिन में एक शिक्षक सहित 38 कोरोना पॉजिटिव मरीज रिपोर्ट होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियों में और अधिक इजाफा किया गया है। जिससे वायरस को फैलने से रोका जा सके। यहां आने वाले मरीजों की संख्या भी अधिक है। इसीलिए प्रोटोकॉल के अंतर्गत अब अस्पताल परिसर में बिना मास्क के एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

# डीएम ने विद्यालय में किया विधिवत कन्या पूजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम** महेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को अपने गोद लिए परिषदीय विद्यालय नगर क्षेत्र में सपत्नीक पहुंचकर विद्यालय की छात्राओं को कन्या भोज कराया। डीएम ने अपनी पत्नी और आकांक्षा चीफअल्पना सिंह के साथ कन्याओं का विधिवत पूजन किया और शक्ति की प्रतीक कन्याओं को अपने हाथ से भोजन परोसा। डीएम व उनकी धर्मपत्नी आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह ने विद्यालय की कन्याओं का पूजन करते हुए उन्हें स्वादिष्ट भोजन, फल,मिष्ठान आदि परोसा। उपहार देकर कन्याओं से आशीर्वाद भी लिया। दोनो एक-एक करके सभी कन्याओं के पास गए और उनकी थाली में अपने हाथों से भोजन परोसा और बाकायदा पूछ-पूछ कर खिलाया। भोजन के बाद डीएम,आकांक्षा चीफ ने सभी कन्याओं को अपने हाथ से उपहार और दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनका दुलार, प्यार देख बच्चे खुश नजर आए। डीएम ने कहा कि शक्ति उपासना के इस पर्व पर कन्याओं का सम्मान सबसे बड़ी आराधना है। आज की कन्याएं शक्तिपुंज बनकर देशए प्रदेश एवं जिले का नाम रोशन कर रहीं है और विकास में अपना महान योगदान दे रही है। यह गर्व और गौरव की बात है। आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि नवरात्रि मातृ शक्ति के सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इसलिए वर्ष में दो बार और मातृ शक्ति के प्रति सर्वोच्च सम्मान व्यक्त करने के लिए लोग इन आयोजनों से जुड़ते हैं। इस मौके पर जिला आकांक्षा समिति सदस्य रश्मि, प्रतिमा, शालिनी, पुष्पा, शीला, और नमिता मौजूद रही।

# अनुपस्थित पाए जाने पर आगंनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध कार्रवाई की जाए

संवाददाता। शाहजहांपुर।



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान डीएम ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों, प्रभारी परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से गावों को भ्रमण कर योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति देखें एवं कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान जो आगंनवाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पायी गई उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हों यह सुनिश्चित किया जाये। डीएम ने मोटा अनाज प्रयोग किये जाने के सम्बन्ध में शासन से प्राप्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने पोषण पखवाड़े के दौरान आयोजित की गयी गतिविधियों की समीक्षा भी की। निर्देश दिये कि सभी केन्द्रों पर वजन मशीन चालू हालत में हो, इसे सुनिश्चित किया जाये। तिलहर, कांट एवं कलान परियोजनाओं से प्राप्त रिपोर्ट में दर्ज की गयी बच्चों की लम्बाई की जांच कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कुपोषित श्रेणी से पोषित श्रेणी में आये बच्चों की भी रैंडम जांच कराये जाने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभन्वित किये जाने हेतु 0-5 वर्ष के दिव्यांग बच्चों की सूची मुख्य चिकित्साधिकारी को डीएम ने मोटे अनाज के अधिक से अधिक प्रयोग हेतु समाजिक जागरूकता प्रसारित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने सभी अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाये जाने हेतु भी निर्देशित किया। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि विद्युत संयोजन के शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होने पुष्टाहार वितरण, बायोमैट्रिक उपस्थिति, स्वस्थ्य बालकध्बालिका स्पर्धा, सक्षम आगनबाड़ी केन्द्र आदि के विषय में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की।

# श्रमजीवी एक्सप्रेस में विदेशी शराब बरामद,तीन गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर।



**रेलवे** कर्मचारियों द्वारा शराब की तस्करी के लिए श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन का इस्तेमाल करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। रविवार को जीआरपी शाहजहांपुर को सूचना मिली। दिल्ली से चलने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस के एसी कोच में 56 बोतलें विदेशी शराब की छुपाकर लाई जा रही है। ट्रेन जैसे ही शाहजहांपुर स्टेशन पर रुकी जीआरपी पुलिस के जवानों ने एसी कोच की तलाशी लेना शुरू कर दी तो ट्रेन के एसी कोच के बैटरी बॉक्स से 56 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। जीआरपी पुलिस ने शराब की बरामदगी के साथ शराब-तस्करी के शक में एक पेंट्री कार कर्मचारी को हिरासत में ले लिया तथा परिचालक व टेक्नीशियन को शक के आधार पर पुलिस के साथ लखनऊ रवाना किया। इस संबंध में सीओ जीआरपी ने बताया कि रविवार को शाहजहांपुर के जीआरपी थाना प्रभारी को सूचना मिली कि श्रमजीवी एक्सप्रेस में शराब तस्करी करके लाई जा रही है। ट्रेन जैसे ही शाहजहांपुर पहुंची जीआरपी ने एसी कोच इ1 इ2 इ3 की तलाशी की, जिसमें 56 बोतल अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग की बरामद हुई। पुलिस ने पैंट्री कार कर्मचारी रामचंद्र यादव को हिरासत में ले लिया । उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर ने रेलवे के दो कर्मचारी आफ्ताब आलम व गौरीशंकर को पुलिस की निगरानी में ट्रेन के साथ लखनऊ रवाना किया है। इनको वापस लाकर शराब की तस्करी के संबंध में गहनता से तफ्तीश की जाएगी। जीआरपी ने मामला दर्ज कर इंट्रोगेशन शुरू किया।

# नशा न सिर्फ व्यक्ति, परिवार को भी बर्बाद करता है

●नुक्कड़ नाटक द्वारा कलाकारों ने सभी को नशे के दुष्प्रभाव के विषय में किया जागरूक।

●डीएम ने सभी को नशे की लत से दूर रहने की अपील

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गांधी भवन प्रेक्षागृह में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डीएम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें अथर्व कल्चरल संस्था ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और स्वयं सेवी संस्थाओं सहित आम जनमानस ने भी प्रतिभाग किया। डीएम ने कहा कि नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है तथा समाज को बचाने के लिए नशा मुक्ति अभियान को पूरे जनपद में प्रभावी रूप से लागू कराना होगा। उन्होने लोगों को नशे की लत से दूर रहने की अपील करते हुये कहा कि अवैध रूप से नशीले पदार्थ, ड्रग इत्यादि विक्रय की सूचना तत्काल पुलिस/ प्रशासनिक अधिकारियों को दें। कहा कि व्यापक जनसहभागिता के बिना अभियान को सफल नही बनाया जा सकता। नशे की लत से हमारे समाज में अपराध का भी जन्म होता है। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। डीएम ने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव को देखते हुए इस पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने हेतु केंद्र एवं प्रदेश की सरकार अत्यंत संवेदनशील है। प्रति माह विभिन्न विभागों द्वारा की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा की जाती है। विभिन्न विभागों द्वारा बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए अवैध रूप से नशीले पदार्थो की बिक्री एवं परिवहन करने वाले दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर विधिक कार्यवाही भी प्रचलित की जाती है। नशीले पदार्थो का अवैध करोबार एक बहुत बड़ा सामाजिक अपराध है। नशे की लत को रोकना एक बड़ी चुनौती है, जिसके लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। शीघ्र ही सभी जिलों में एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे की लत के शिकार लोगों का इलाज कर एवं नशे की लत से दूर करते हुए समाज की मुख्य धारा में भी लाये जाने की योजना है, जिससे वह समाज में आगे बढ़ सके। आगे आने वाले समय में छोटी छोटी कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेगी, जिसमें लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के विषय में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति नशे की लत का शिकार होता है, तो न केवल वह स्वयं का भविष्य खराब कर लेता है बल्कि उसके परिवार को भी अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नशे की लत से धन का भी बहुत बड़ा अपव्यय होता है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। नशा करने वाला व्यक्ति शीघ्र ही अनेक बीमारियों की चपेट में आ जाता है, जिससे उसे एवं उसके परिवार को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कार्यशाला के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अखंड प्रताप सिंह सहित सबंधित अधिकारी, विभिन्न एन जी ओ के प्रतिनिधि एवं आम जनमानस उपस्थित रहा।

# पेंशन संवैधानिक मार्च निकालने की घोषणा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज में अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने की। मुख्यवक्ता प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा रहे। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी डॉ कमल किशोर मौर्य ने किया। बैठक में संदीप वर्मा ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर नेशनल मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन स्कीम(एनएमओपीएस) ने 16 अप्रैल को देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशन संवैधानिक मार्च निकालने की घोषणा की है। क्रम में लखीमपुर जनपद में भी मार्च निकालकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जाएगी। विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि अटेवा प्रदेश अध्यक्ष एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में जब राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल में पुरानी पेंशन बहाल हो गयी है।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लता/दीपक चौधरी/ LBGUR00004931127 | प्लॉट नंबर 1/6426 प्लॉट नंबर 18, पहली और दूसरी मंजिल, रोहतास नगर, शाहदरा दिल्ली/ मार्च 22, 2023 | सितंबर 27, 2021 रु.73,82,189/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 28, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., बंसल चैम्बर्स, 45-कौशाम्बी, निकट वेव सिनेमा, गाजियाबाद-201010

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LAGUR00039119381/संजय कुमार/982, द्वितीय तल, सी2 ब्लॉक, पालम विहार कार्टरपुरी उर्फ दौलतपुर, गुरूग्राम-122017 | आई 20 स्पोर्ट्स डीजल/ एचआर26डीवाई4705 | 06-12-2022 रू. 3,63,770/- | 11-05-2022 |
| 2. | LAFDB00042331309/श्याम शर्मा/एच नंबर 309, न्यू तिलपत कालोनी, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 | ऑल्टो एलएक्सआई/ एचआर51सीबी2644 | 06-12-2022 रू. 3,79,284/- | 13-04-2021 |
| 3. | LADEL00041123295/पल्लवी शर्मा/ई-5/530, मिलन विहार अपार्टमेंट, पटपड़गंज आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली-110092 | वैगन आर 1.0 एलएक्सआई सीएनजी/डीएल14सीई7106 | 06-12-2022 रू. 5,05,060.3/- | 31-01-2021 |
| 4. | LAFDB00041449391/वीरेन्द्र सिंह/702 नीमका बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121004 | स्विट एलएक्सआई/ एचआर51बीजैड1851 | 06-12-2022 रू. 3,31,473/- | 11-04-2022 |
| 5. | LADEL00038221475/अमित कुमार/1142, बरसन पाना टीकरी कलां, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110041 | सेलेरियो वीएक्सआई ग्रीन/ डीएल9सीएक्यू7958 | 06-12-2022 रू. 3,11,535/- | 04-08-2021 |
| 6. | SPDEL00041150161/अमित कुमार/1142, बरसन पाना टीकरी कलां, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110041 | सेलेरियो वीएक्सआई ग्रीन/ डीएल9सीएक्यू7958 | 06-12-2022 रू. 1,25,508/- | 04-08-2021 |
| 7. | LADEL00044983184/साहिब साहिब/ग्राम घसेरा गुरूग्राम, हरियाणा, निकट मस्जिद, गुरूग्राम-122103 | बलेनो सिग्मा 1.2/ एचआर27एल2563 | 06-12-2022 रू. 6,82,550/- | 04-05-2022 |
| 8. | LADEL00041542388/अनिरूद्ध प्रताप सिंह/मकान नंबर 463 एच-ब्लॉक, कुशक रोड नंबर 2, स्वरूप नगर, दिल्ली, दिल्ली-110042 | स्विट डिजायर टूअर/ डीएल1जैडडी1323 | 14-01-2023 रू. 5,34,235/- | 07-03-2022 |
| 9. | LADEL00038326171/शुभम कुमार तंवर/डी-119, पहाड़ी 60 फीट रोड, छतरपुर, दिल्ली-110074 | ऑल्टो के 10 वीएक्सआई/ डीएल1सीएए5236 | 14-01-2023 रू. 4,73,198/- | 31-01-2021 |
| 10. | LAFDB00037921688/ओम प्रकाश/437, दयाल नगर, अमर नगर, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 | डाटसन गो/ एचआर38वाई2728 | 06-12-2022 रू. 3,83,890/- | 31-01-2021 |
| 11. | LADEL00041256503/हिमालय चतुर्वेदी/डी-224, प्रशांत विहार, दिल्ली-110085 | वैगन आर 1.0 एलएक्सआई/ सीएनजी (ओ)/ डीएल12सीआर8749 | 06-12-2022 रू. 4,33,301/- | 07-06-2021 |
| 12. | LADEL00038550747/सौरभ जैन/प्लॉट नंबर 101 बी एफएफ केएच नंबर 171, ब्लॉक जी, नंद राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 | ईको 5 स्टार मय ए/सी + हीटर/ डीएल8सीएएक्स2659 | 06-12-2022 रू. 3,33,329/- | 16-01-2021 |
| 13. | LADEL00039212151/आजिम/एच नंबर ए-85, सोनिया गांधी कैम्प, आर के पुरम, सेक्टर-7, दिल्ली-110022 | स्विट एलएक्सआई/ डीएल12सीक्यू9963 | 07-06-2022 रू. 2,33,051/- | 04-10-2021 |
| 14. | SPDEL00042123349/आजिम/एच नंबर ए-85, सोनिया गांधी कैम्प, आर के पुरम, सेक्टर-7, दिल्ली-110022 | मारूति स्विट एलएक्सआई/ डीएल12सीक्यू9963 | 21-09-2022 रू. 1,64,142/- | 04-10-2021 |
| 15. | LADEL00039849634/मोहम्मद मारूफ/एम 66, अबुल फजल एन्क्लेव, ओखला, जामिया, दिल्ली-110025 | वेन्यू एसएक्स (ओ)/ डीएल12सीआर1863 | 06-12-2022 रू. 7,43,992/- | 06-04-2022 |
| 16. | LADEL00041142580/मोहम्मद शब्बीर/2397, द्वितीय तल, तिलक गली, पहाड़गंज, दिल्ली-110055 | हेक्टर डीजल 2.0 - एमटी - शार्प/ यूपी16सीएल1353 | 06-12-2022 रू. 18,94,449/- | 06-05-2022 |
| 17. | LAIMT00042722291/राम नरेश कुमार/फ्लैट नंबर 902, दीपक सीजीएचएस लि., जीएच-45, सेक्टर-1 आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122001 | हैरियर एक्सजैडए प्लस एएमटी/ एचआर26ईएम0893 | 06-12-2022 रू. 17,04,136/- | 30-04-2021 |
| 18. | LUGUR00041941593/मनोज/15 मारूति कुंज रोड नयागांव मोंडसी, गुरूग्राम-122102 | स्विट डिजायर एलडीआई एबीएस/एचआर72सी7595 | 06-12-2022 रू. 2,41,124/- | 27-02-2022 |
| 19. | LADEL00042410571/अभिषेक गोयल/2138/ 139, द्वितीय तल, गणेशपुरा, त्रिनगर, ओंकार नगर, दिल्ली-110035 | टिएगो रिवोट्रोन एक्सजैड/ डीएल10सीपी2213 | 06-12-2022 रू. 5,26,293/- | 04-05-2022 |
| 20. | LADEL00042447324/प्रतीक शर्मा/सी-125, द्वितीय तल, सी ब्लॉक, शक्ति नगर एक्सटेंशन फेज-3, अशोक विहार, दिल्ली-110052 | एंडेवर 2.0 एल टाइटेनियम प्लस 4X4 एटी/डीएल3सीसीटी9300 | 06-12-2022 रू. 33,39,034/- | 08-06-2022 |
| 21. | LADEL00042466841/रवि कुमार/सी 7 श्री चंद पार्क, सेक्टर-3, द्वारका डी के मोल्ट्रन गार्डन, दिल्ली-110059 | एस-प्रेसो एस-प्रेसो एलएक्सआई (ओ) एमटी/डीएल6सीएस7166 | 06-12-2022 रू. 4,63,013/- | 11-05-2021 |
| 22. | LAGHZ00042791648/पूनम यादव/खसरा नंबर 1376, मोरटा, दिल्ली-मेरठ रोड, शिव मंदिर मननधाम, गाजियाबाद-201001 | स्विट डिजायर एलएक्सआई/ यूपी14ईक्यू8723 | 06-12-2022 रू. 5,43,360/- | 08-02-2022 |
| 23. | LADEL00044969445/मनीष गर्ग/केजी-2, 193 जी/एफ, केजी-2 ब्लॉक विकास पुरी, दिल्ली-110018 | वेन्यू एस/ डीएल4सीबीए8851 | 06-12-2022 रू. 9,08,121/- | 09-05-2022 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 28 मार्च, 2023
स्थान : गाजियाबाद

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# विकास के द्वारा चित्रकूट को बनाएं अव्वल : बृजेश पाठक

संवाददाता। चित्रकूट




**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में एवं सांसद बांदा/चित्रकूट आर के सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों, कानून व्यवस्था के साथ-साथ नए पर्यटन के कार्यों को किस तरह से बढ़ावा दिया जाए की बैठक संपन्न हुई। कहा कि धरातल पर विकास कार्यों को करा कर जनपद चित्रकूट को नंबर एक पर लाया जाए।

**● दौ सौ बेड का अस्पताल एक सप्ताह के भीतर शुरू करने के दिए निर्देश**

कहा कि यह भगवान श्री राम जी तथा भगवान कामतानाथ जी की तपोभूमि है। पर्यटन अधिकारी से कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए।

उपमुख्यमंत्री ने सोमवार को पुलिस लाइन में निर्माणाधीन आरक्षियों के आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था के बारे में जानकारी की। साथ ही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से इस बिल्डिंग को जल्द से जल्द हैंड ओवर कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने 200 बेड के एमसीएच विंग खोह अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक सप्ताह के अंदर एमसीएच का लोकार्पण कराने का ऐलान किया।

उन्होंने संचालन के संबंध में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से फोन पर वार्ता कर तत्काल 200 बेड के एमसीएच अस्पताल का संचालन कराने के निर्देश दिए। इसके बाद डिप्टी सीएम ने ग्राम पंचायत खोह में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुड़ व चारा गायों को खिलाया तथा ग्राम प्रधान से कहा कि गोबंशो की सेवा अच्छी तरह से करें।

**● उपमुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा**

डिप्टी सीएम ने अतीक अहमद को प्रयागराज लाने की बाबत कहा कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अतीक को प्रयागराज लाया जा रहा है। सूबे में कानून का राज स्थापित किया जा रहा है। गुंडा-माफियाओं का सफाया होना जारी रहेगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जो चिकित्सकों के पद रिक्त हैं उन्हें एनएचएम से संविदा पर भर्ती कराया जाए। किसी भी मरीज को अस्पतालों से बिना दवा के वापस नहीं जाना चाहिए। विधायक मानिकपुर ने बरगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण के लिए कहा जिस पर उपमुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि तत्काल प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से कहा कि महिला संबंधी उत्पीड़न पर त्वरित कार्रवाई कराएं। कानून व्यवस्था को लेकर सरकार कटिबद्ध है कानून व्यवस्था में सुधार लाया जाए।

# जाति प्रथा के विरुद्ध आज से निकलेगी महंत की भिक्षा यात्रा

संवाददाता। फतेहपुर

**जात-पात** से ऊपर उठकर हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से स्वामी महंत गणेशदास की भिक्षा यात्रा मंगलवार से तीन दिवसीय यात्रा शुरू होगी। यात्रा पर महंत गणेशदास ने कहा कि आज हिंदू जातियों में बिखर रहा है। उन्होंने सभी से जात-पात भूलकर हिंदू बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वो अपनी भिक्षा में रुपये, पैसे, आटा, दाल और चीनी के साथ ही सनातन धर्म की एकता मांग रहे हैं। इतना ही नहीं इस भिक्षा यात्रा के माध्यम से आज समाज में फैले भ्रष्टाचार, नशाखोरी, बेईमानी आदि जैसे अभिशाप को त्याग करने की भिक्षा मांगी जाएगी। साथ ही लोगों को समाज के प्रति सभ्य, जागरूक, एकजुट एवं सकारात्मक सोच के साथ एक सच्चे हिन्दू व अच्छे व्यक्ति बनने की भी भिक्षा मांगी जाएगी। आगे बताते हुए कहा कि मुझे साधु-संत समाज ने सनातन धर्म का प्रचारक बनाया है। जिसका मैं पूर्ण पालन करते हुए कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हिंदू सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करूंगा जिसमें लोगों को एकजुट कर सनातनी होने का पाठ पढ़ाकर धर्म की राह पर लाने का कार्य करूंगा। महंत ने कहा कि आगामी चार अप्रैल को ग्राम उमरा से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो खागा नगर भ्रमण करते हुए नौबस्ता घाट तक जाएगी तत्पश्चात पांच अप्रैल से चौदह अप्रैल तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें विख्यात प्रवचनकर्ता आचार्य संतोषदास महाराज का रोज प्रवचन पाठ होगा।

# मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दबोचे तीन शातिर बदमाश

**उरई,** जालौन। प्रभारी निरीक्षक ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मुठभेड़ में कई राउंड फायरिंग के बाद तीन बदमाशों को पकड़ लिया। जिनके पास से ने भारी मात्रा में चोरी के माल व नगदी बरामद की है। शहर कोतवाल शिवकुमार सिंह अपने अधीनस्थों के साथ रविवार रात क्षेत्र में भ्रमण करने में लगे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा बंद पड़ी एक फैक्ट्री में चोरी योजना बना रहे बदमाशों की भनक लगी। जिस पर उन्होंने ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर अजीत सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर थाना राजपुर कानपुर देहात हाल पता बम्बी रोड पटेल नगर उरई, मिथुन कठेरया निवासी ग्राम दौन थाना कुठौन्द और अभिषेक बाल्मीमक निवासी ग्राम कैथवा थाना बिधूना को गिरफ्तार कर लिया।

# उपमुख्यमंत्री के आगमन पर प्रशासन अलर्ट डीएम एसपी ने किया मुआयना



**मौदहा,** हमीरपुर। आगामी 29 मार्च को उपमुख्यमंत्री का जनपद दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है जिसके मद्देनजर जिले के जिलाधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक व आला अधिकारियों ने मौदहा क्षेत्र के महोबा बॉर्डर तक पहुंच मौका मुआयना किया उसके बाद जिलाधिकारी द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए रेस्ट हाउस की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पाई गई अनिमितताओं पर नाराजगी जाहिर कर व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने को निर्देशित किया। आगामी 29 तारीख को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक स्वास्थ्यमंत्री का हमीरपुर दौरा है जिसको लेकर प्रशासन व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा है। जिलाधिकारी डॉ ब्रजभूषण त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा सहित तमाम विभागों के आलाधिकारी हमीरपुर जिले के महोबा बार्डर पहुंच रुट की जानकारी ली इसके बाद मौदहा स्थित पीडब्लूडी के रेस्ट हाउस की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं । सड़क की मरम्मत, वाहन स्टैंड के लिए जगह चिन्हित कर बोर्ड लगाने व अस्पताल के कमरों की खिड़कियों के टूटे हुए शीशे दुरुस्त करवाने के निर्देश देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को अस्पताल में गैरहाजिर कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्यवाही करने को कहा। साथ ही वहां की बाउंड्री से जुड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच गुजरा अतीक अहमद का काफ़िला



रतन पटेल ,चित्रकूट

**गुजरात** की साबरमती जेल से यूपी के प्रयागराज लाये जा रहे माफिया डान अतीक अहमद का काफिला बुंदेलखंड एक्सप्रेस से चित्रकूट के भरतकूप पहुंचा। इसके बाद झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से उसे कडी सुरक्षा के साथ बज्र वाहन से प्रयागराज ले जाया जा रहा है। माफिया डान के काफिले को देखने के लिए हाईवे के किनारे भारी भीड जमा रहीं। वहीं रास्ते में कोई हादसा न हो,इसके लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

यूपी के प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद से एकबार फिर आतंक का पर्याय रहे माफिया डान अतीक अहमद का नाम सुर्खियों में है। गुजरात की साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद को उमेश पाल अपहरण मामले में 28 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाना है। इस केस में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा फैसला सुनाया जाना है। इसी को लेकर उसे गुजरात से प्रयागराज एवं उसके भाई अशरफ को बरेली जेल से प्रयागराज लाया जा रहा है। गुजरात की साबरमती जेल से माफिया डान अतीक अहमद को लेकर आ रहीं यूपी पुलिस की टीम का काफिला सोमवार को करीब पौने तीन बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से चित्रकूट के भरतकूप पहुंचा। इसके बाद झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जिला मुख्यालय कर्वी होते हुए प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। इसी बीच चित्रकूट के खोह रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से अतीक अहमद को ला रही यूपी पुलिस का काफिला रोका गया। इस दौरान हथियारबंद पुलिसकर्मियों ने चारों तरफ से अतीक अहमद की वैन को घेर लिया है। करीब दस मिनट बाद माफिया को लेकर जा रहा पुलिस का काफिला मऊ होते हुए नैनी सेंट्रल जेल के लिए रवाना हुआ। माफिया अतीक अहमद को 6 गाड़ियों के काफिले से यूपी के प्रयागराज ले जाया जा रहा है, जिनमें 2 वज्र वाहन भी शामिल हैं।

## माफिया डॉन को लेकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर गुजरा पैतीस गाड़ियों का काफ़िला

**राठ, हमीरपुर।** माफिया अतीक अहमद की जेल शिफ्टिंग को लेकर साबरमती जेल से प्रयागराज की नैनी जेल में ले जाया गया। अतीक अहमद का काफिला क्षेत्र के बिहूंनी और धनौरी गांव के बीच बने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होकर गुजरा। इस दौरान अतीक अहमद के काफिले में पुलिस की गाड़ियों के अलावा उनके परिवार व मीडिया की गाड़ियां पीछे लगी रहीं। सोमवार को माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज की नैनी जेल में ले जाया गया। इस दौरान माफिया अतीक अहमद का काफिला उरई से होते हुए जनपद महोबा के खरेला, सीतापुर होकर सीधे प्रयागराज ले जाया गया। अतीक अहमद का काफिला हमीरपुर जनपद में दोपहर एक बज कर 15 मिटन में प्रवेश किया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर यूपीडा के अधिकारियों की गाड़ियां लगी रहीं। करीब 35 गाड़ियां पुलिस प्रशासन की थी। इसके बाद 1:30 बजे काफिला महोबा जनपद के खन्ना कस्बे में पहुंचा। इस दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही।

# रामनवमी शोभायात्रा से पूर्व भगवामय होगा नगर

**कोंच**, जालौन। आगामी 30 मार्च को निकलने वाली रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके अनुषांगिक संगठन नगर को भगवामय करने की मुहिम में जुटे हैं। इन हिंदूवादी संगठनों का लक्ष्य हर हिंदू घर पर और शोभायात्रा मार्ग पर भगवा ध्वज फहराने का है जिसके लिए इन संगठनों के कार्यकर्ता जय श्रीराम के उद्घोष के साथ दिनरात जुटे हुए हैं। विदित हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिंदूवादी संगठन विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं की कई टीमें बनाकर उन्हें अलग अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। यह टीमें अपने आवंटित इलाकों में जाकर हिंदू घरों में संपर्क कर उन्हें भगवा ध्वज उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा कार्यकर्ता शोभायात्रा मार्ग में पड़ने वाले बिजली के खंभों, मठ-मंदिरों पर भी भगवा ध्वज एवं भगवा रंग की झंडियों की कतारें बिछाने में जुटे हैं। वे लोगों से यह भी आग्रह कर रहे हैं कि अगर उनकी टोलियां किसी के यहां न पहुंच पाएं तो ऐसे हिंदू परिवार उनसे संपर्क कर स्वयं आकर ध्वज ले जाएं या बाजार से लेकर अपनी छत पर जरूर लगाएं।

## क्विक न्यूज

### वृद्धा की हत्या में चार दिनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**फर्रुखाबाद।** बीते लगभग चार दिनों पूर्व हुई वृद्धा की हत्या में पुलिस के हाथ हत्यारे के गिरेबान तक नही पंहुच सके है। पुलिस को फिलहाल वृद्धा की हत्या के कारण का भी अभी तक पता नही चल सका है। पुलिस ने पकड़े गये लोगों को पूछताछ कर छोड़ दिया है। शहर कोतवाली के देवरामपुर निवासी 60 वर्षीय वृद्धा रेशमा वाथम की 23 मार्च की देर शाम उनके घर के भीतर सिर कुचलकर व गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया गया थौ। पुलिस नें एक महिला और अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत की। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर चार पुलिस की टीमें घटना के अनावरण के लिए लगायीं गयौं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस नें बाहरी जिलों में भी मामले से जुड़े लोगों क तलाश की है। लेकिन कोई परिणाम फिलहाल हाथ नही लगा है। शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम लगातार घटना के अनावरण का प्रयास कर रही है। जल्द जो भी आरोपी हैं वह सलाखों के पीछे होंगे।

### सुरेंद्र सिंह यादव बने सपा जिलाध्यक्ष



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी की भंग चल रही जिला कमेटियों के पुर्नगठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने जहां बारह जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी वहीं सोमवार को प्रदेश के सात जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। जिसमें फतेहपुर जिले की कमान सुरेंद्र सिंह यादव को दी गई है। बताते चलें कि इससे पूर्व भी सुरेंद्र सिंह यादव सपा जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का बेहद करीबी माना जाता है। जैसे ही यह जानकारी सपाईयों को हुई तो सुरेंद्र सिंह यादव को सोशल मीडिया पर बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

### पुराने विवाद में दबंग ने वृद्ध को चाकुओं से गोदा

**फर्रुखाबाद।** पुराने विवाद में दबंग नें वृद्ध को चाकुओं से गोदकर अधमरा कर दियौ। उसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। लेकिन लोहिया में भी प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सैफई रिफर किया गया। कोतवाली कायमगंज के टिलीया अताईपुर कोहना निवासी वृद्ध नरेश चंद्र लोधी का मोहगे के ही कुछ लोगों से बीते 2018 से विवाद चल रहा हैं। सोमवार को सुबह 8. 30 बजे उनके घर से लगभग 200 मीटर दूर आरोपी नें नरेश चंद्र पर हासिये से हंमला कर दियौ। जिससे वह गंभीर रूप से घायल गये। सूचना पर उन्हें सीएचसी लाया गयौ। जहां से लोहिया हालत रिफर कर दिया गया है। लोहिया अस्पताल में भी हालत नाजुक होनें पर वृद्ध को सैफई मेडिकल कालेज के लिये रिफर कर दिया गया।

### संस्कारवान पीढ़ी बनाने को 21 से 23 अप्रैल को बनी योजना

**चित्रकूट।** गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिजनों की आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी का उप जोन स्तरीय कार्यक्रम 21 से 23 अप्रैल होने बाबत चर्चा की गई। सोमवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार 23 अप्रैल को वितरण की योजना बनाई गई। रामनवमी पर हर घर में दीपक जलाकर भगवान श्रीराम के जन्म को मनाने का निर्णय लिया। देश रामराज्य की विशेषता से युक्त हो। गायत्री परिवार के अखिल विश्व केंद्र गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के निर्देश पर सम्पूर्ण देश में गायत्री परिवार के परिजन साथ ही संपूर्ण देशवासी भी दीप जला नवयुग के आगवानी कर स्वागत करेंगे। चित्रकूट में भी हर घर दीप जले परिजन सम्पर्क करे। परिक्रमा पथ पर भी मन्दाकिनी तट पर सर्वत्र दीप जलाने की प्रेरणा दी गई।

### संदिग्ध हालत में फांसी पर लटका मिला महिला का शव

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के काही गांव में घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में नवविवाहित का के फंदे से लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी कालिका प्रसाद ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री गायत्री देवी का विवाह 16 फरवरी 2020 को खागा कोतवाली क्षेत्र के काही गांव निवासी अवधेश प्रसाद के साथ हिन्दू रीति रिवाज व दान दहेज के साथ किया था। शादी के बाद कुछ दिनों तक तो सब ठीक ठाक रहा फिर उसके बाद ससुराल वालों ने अपना असली रूप दिखाना शुरु कर दिया। दहेज में मोटर साइकिल न मिलने की बात करते हुए आये दिन बहाना बनाकर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पिता ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही दामाद और उसके घर वाले दहेज में मोटर साइकिल की मांग करते हुए मेरी पुत्री के साथ मारपीट करते थे।

### रूरा मल्लू में चोर गिरोह ने दो घरों में तोड़े ताले

**जालौन, उरई।** एक ही रात में चोर दो अलग अलग घरों में घुसकर जेवर व नगदी रखा हुआ बक्सा चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो बक्सा गायब होने की जानकारी मिली। ढूंढने पर बक्सा गांव के बाहर खेतों में पड़ा मिला एवं बक्से में रखा सामान गायब था। पीड़ित ने जेवर व नगदी चोरी होने की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी भरत कुमार ने पुलिस को बताया कि ात में किसी समय चोर घर के अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे की कुंडी खोलकर उसमें रखा बक्सा उठा लिया और बक्से को अपने साथ ले गए। सुबह जब उनकी नींद खुली तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और बक्सा गायब था। वहीं, किसान रोहित सेंगर ने बताया कि वह बरामदे में सो रहा था। चोर उसके घर में घुसकर कमरे में पहुंच गए। जहां चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर 86 हजार रुपये नगद समेत सोने का मंगलासूत्र, चार चूड़ी, सोने की जंजीर आदि सामान चोरी कर लिए।

### गृह कलह में शिक्षामित्र पत्नी को पति ने मारी गोली, मौत

**चित्रकूट।** गृह कलह के चलते पति ने पत्नी की गोली मारकी हत्या कर दी। महिला शिक्षामित्र थी, परिजनों के अस्पताल ले जाने पर महिला को डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पडताल शुरु कर दी है। ये घटना मऊ थाना क्षेत्र के ताड़ी गांव में रविवार को हुई। बताया गया कि शिक्षामित्र मधु त्रिपाठी (42) को गृह कलह के चलते पति दुर्गादत्त त्रिपाठी ने रविवार को सवेरे गोली मार दी। घायल अवस्था में परिजन उसे प्रयागराज ले गए। डॉक्टरों के मधु को मृत घोषित करने पर प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के बजहा मिश्रान गांव के नीरज मिश्रा ने इस मामले की रिपोर्ट मऊ थाने में आरोपी पति दुर्गादत्त के खिलाफदर्ज कराई। नीरज ने बताया कि चौबीस साल पहले बहन मधु की शादी दुर्गादत्त से की थी। आरोप है कि दुर्गादत्त मधु के साथ आए दिन मारपीट करता था और जान से मारने की धमकी भी देता था।

### तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, वन विभाग ने पकड़ा

**चित्रकूट।** जिले में रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगल से एक तेंदुआ गांव की ओर घुस गया। गांव में घर के बाहर बंधे एक बछड़े को तेंदुआ ने अपना शिकार बना लिया। तेंदुआ को देखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से तेंदुआ को पकड़ लिया। ये मामला मानिकपुर तहसील के बराछी गांव का है। बताया गया कि रविवार को देर शाम जंगल से एक तेंदुआ गांव की ओर घुस आया और एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया। बछड़े की मौत होने पर ग्रामीणों ने तेंदुआ को देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। तेंदुआ गांव के पास लगे गन्ने के खेत में घुस गया। तेंदुआ की सूचना मिलते ही लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर भगाने का प्रयास करने लगे। तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर गेहूं के खेत में कई घंटे तक छिपा रहा। सूचना पर वन विभाग टीम के साथ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके त्रिपाठी की अगुवाई में कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से तेंदुआ को जाल बिछाकर पकड़ा गया। फिलहाल वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को लेकर पिंजरे में बंदकर टाइगर रिजर्व के घने जंगल में छोड़ा जायेगा।

# पेज एक का शेष

## राहुल को...

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी इस अवधि को बढ़ाने के लिए आवास संबंधी समिति से आग्रह कर सकते हैं। उधर, विपक्षी नेताओं ने पहले संसद परिसर में धरना दिया और फिर विजय चौक तक मार्च निकाला। संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दिए गए इस धरने में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के कई सांसद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी आर बालू, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के एनके प्रेमचंद्रन और कुछ अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस के सभी सांसदों, द्रमुक के बालू, आरएसपी के प्रेमचंद्रन और कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने भी काले कपड़े पहने हुए थे। संसद परिसर में धरने के बाद विपक्षी सांसदों ने विजय चौक तक मार्च निकाला। उन्होंने हाथों में एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर सत्यमेव जयते लिखा हुआ था। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए विपक्षी दलों का आभार जताया। उन्होने विजय चौक पर संवाददाताओं से कहा, हम काले कपड़े पहनकर आए हैं क्योंकि हम यह दिखाना चाहते हैं कि मोदी जी देश में लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। पहले स्वायत्त संस्थाओं को खत्म किया गया और फिर डरा-धमकाकर हर जगह सरकारें बनाई गईं और फिर जो लोग झुकते नहीं हैं, उन्हें ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर डराने धमकाने का प्रयास किया गया और अब यह प्रयास किया जा रहा है। खरगे ने दावा किया कि राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया क्योंकि सरकार अडाणी मामले पर उनके द्वारा उठाए गए सवालों से डर गई थी और भारत जोड़ो यात्रा के बाद उन्हें अपने लिए चुनौती मानने लगी थी। उन्होंने कहा, अडाणी को लेकर राहुल गांधी जी ने संसद में कुछ सवाल पूछे थे जिनका जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा, सभी दल यही मांग कर रहे हैं कि जेपीसी बनाओ। अगर जेपीसी बनेगी तो सब चीजें बाहर आएंगी..सरकार जेपीसी से क्यों डर रही है? आपकी तो बहुमत (की सरकार) है। खरगे ने तंज कसते हुए कहा, आप डर रहे हैं क्योंकि दाल में कुछ काला है। जो लोग डरते हैं वो कभी न कभी मरते भी हैं? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मानहानि के मामले में दो साल की सजा सुनाई गई। यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष को बोलकर राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करवा दिया ताकि वह अडाणी की बात सदन में नहीं कर सकें। द्रमुक के टी आर बालू ने भी कहा कि राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया जाना लोकतंत्र के लिए काला दिन है। इससे पहले, विपक्षी नेताओं ने बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा की।

## यूपी नगर निकाय...

इस आदेश से संबंधित निर्देश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए नहीं है। शीर्ष अदालत ने चार जनवरी को, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए बिना किसी आरक्षण के शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसने यह भी आदेश दिया था कि स्थानीय निकाय चुनावों के लिए ओबीसी कोटा देने से संबंधित मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त समिति को पहले निर्धारित किए गए छह महीने के बजाय तीन महीने (31 मार्च तक) के भीतर अपनी कवायद पूरी करनी होगी। राज्य सरकार ने कहा था कि उसने स्थानीय निकायों में विभिन्न पिछड़ी जातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए कोटा के मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए शीर्ष अदालत के फैसलों के अनुसरण में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की इस दलील पर संज्ञान लिया था कि हालांकि नवनियुक्त आयोग का कार्यकाल छह महीने का है, लेकिन यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि 31 मार्च को या उससे पहले यह कवायद जल्द से जल्द पूरी हो जाए। इसने उन लोगों को नोटिस जारी किया था, जिन्होंने राज्य सरकार की अधिसूचना के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। इससे पहले, राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के 27 दिसंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। अपील में कहा गया था कि उच्च न्यायालय पिछले साल पांच दिसंबर को जारी मसौदा अधिसूचना को रद्द नहीं कर सकता, जिसके तहत शहरी निकाय चुनावों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और महिलाओं के अलावा ओबीसी के लिए सीट आरक्षण प्रदान किया गया था। अपील में कहा गया था कि ओबीसी संवैधानिक रूप से संरक्षित एक वर्ग है और उच्च न्यायालय ने मसौदा अधिसूचना को रद्द करने में गलती की है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद, उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के लिए सभी मुद्दों पर विचार करने के वास्ते पांच सदस्ईय आयोग नियुक्त किया था। अधिसूचना के मसौदे के मुताबिक, महापौर पद की चार सीट- अलीगढ़, मथुरा-वृंदावन, मेरठ और प्रयागराज- ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित थीं। इनमें अलीगढ़ और मथुरा-वृंदावन में महापौर के पद ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षित थे। इसके अलावा, 200 नगरपालिका परिषदों में अध्यक्षों के लिए 54 सीट ओबीसी के लिए आरक्षित थीं, जिनमें 18 महिलाओं के लिए थीं। 545 नगर पंचायतों में अध्यक्षों की सीट में से 147 ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित थीं, जिनमें 49 महिलाओं के लिए थीं।

## योगी ने...

सर्वोच्च न्यायालय की मंशा व भावना के अनुरूप प्रदेश सरकार निकाय चुनाव कराने की व्यवस्था में आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में अगले दो दिनों में प्रदेश सरकार निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर नोटिफि केशन जारी करेगी। इसके पश्चात राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय चुनाव कराने के संबंध में तारीखों का ऐलान करने के लिए प्रकिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आश्वस्त करती है कि निकाय चुनाव में सभी वर्गों का आरक्षण सुनिश्चित करते हुए शीघ्र ही निकाय चुनाव संपन्न कराएगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के साथ उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव कराने के उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के साथ ही प्रत्येक वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दलों ने अपने स्लीपर सेल की मदद से उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में अड़ंगा डालने की भरसक कोशिश की थी परन्तु प्रदेश भाजपा सरकार की ओबीसी आरक्षण के साथ नगरीय चुनाव निकाय चुनाव कराने की प्रतिबद्धता सफल हुई और विपक्ष के मंसूबे धरासाई हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक समुदाय तथा प्रत्येक वर्ग के अधिकारों के संरक्षण व विधि सम्मत ढंग से आरक्षण कर नगरीय निकाय चुनाव संपन्न कराने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में अड़ंगा डालने की कोशिश से यह स्पष्ट हो जाता है कि सपा मुखिया का ध्येय सिर्फ स्वयं की और सैफई कुनबे की राजनैतिकए सामाजिक व आर्थिक उन्नति तक सीमित है। जबकि भाजपा की सबका साथ.सबका विकास व सबके विश्वास की नीति में सभी के अधिकारों की रक्षा निहित है। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तत्परता के साथ पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करना तथा कम समय में आयोग की रिपोर्ट माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत करना भाजपा सरकार की पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता है।

## अमृतपाल के ...

अखबार ने संबंधित पत्र की एक प्रति उसके पास होने का दावा किया है। समाचार-पत्र ने कहा है, सम्मानित मंत्रालय से अनुरोध किया जाता है कि वह आव्रजन विभाग को सूचित करे कि अमृतपाल सिंह को नेपाल के माध्यम से किसी तीसरे देश की यात्रा करने की अनुमति न दी जाए और यदि वह इस मिशन की सूचना के तहत भारतीय पासपोर्ट या किसी अन्य फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके नेपाल से भागने का प्रयास करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। अखबार ने कई स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि पत्र और सिंह के व्यक्तिगत विवरण को होटल से लेकर एयरलाइंस तक सभी संबंधित एजेंसी को भेज दिया गया है। माना जाता है कि सिंह के पास अलग-अलग पहचान वाले कई पासपोर्ट हैं। पंजाब पुलिस ने 18 मार्च को अमृतपाल के खिलाफ कार्वाई शुरू की थी, तभी से वह फरार है। कट्टरपंथी अलगाववादी अमृतपाल ने पुलिस को भी चकमा दे दिया और पंजाब के जालंधर जिले में उसके काफिले को रोके जाने के बावजूद वह पुलिस के जाल से बच निकलने में कामयाब रहा। इस बीच, गृह मंत्रालय ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से माय रिपब्लिका अखबार ने कहा है कि यह निर्देश भारतीय सुरक्षा अधिकारियों के अनुरोध पर दिया गया है और नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र को दो दिनों के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमावर्ती इलाके में सादे कपड़ों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है, क्योंकि सिंह पश्चिमी नेपाल के कपिलवस्तु से देश में प्रवेश कर सकते हैं।

## भगवान राम...

इससे पहले, ठाकुर ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दूर-दूर तक भी कभी वीर सावरकर नहीं बन सकते क्योंकि इसके लिए दृढ़ संकल्प और देश के प्रति प्रेम होना चाहिए। वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसदों के व्यवहार पर भी सवाल उठाया, क्योंकि वे काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विभिन्न मुद्दों पर हंगामे की वजह से सोमवार को लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। उन्होंने कहा, उनके व्यवहार को देखिए। उन्होंने (कांग्रेस सांसदों ने) कागज फाड़े और उन्हें आसन की ओर उछाल दिया। अध्यक्ष बार-बार कहते हैं कि वह सदन चलाना चाहते हैं और वह सभी को (बोलने का) मौका देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल संसद में अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, जिससे आसन के पास कार्यवाही स्थगित करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। गोयल ने कहा, भाजपा उनके (कांग्रेस के) नेताओं द्वारा लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति का बार-बार अपमान करने के प्रयासों की कड़ी निंदा करती है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, कांग्रेस को वास्तव में कुछ गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत हैं। सूरत की अदालत के फैसले के बाद राहुल की संसद सदस्यता खत्म होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आपको पता होना चाहिए कि राजनीतिक प्रणाली, कानूनी प्रणाली में क्या स्वीकार्य है। उन्हें (राहुल गांधी को) एक अदालत ने दोषी ठहराया है। इसके बाद स्वत: प्रक्रियाएं होती हैं। पुरी ने भगवान राम और वीर सावरकर का उल्लेख करने के लिए भी गांधी परिवार की आलोचना की।

## मंत्री हरदीप...

ताकि अपनी वफादारी के दावे को मजबूत कर सकें तथा ऐसे बयान उनके खुद के चरित्र को उजागर करते हैं। हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए पुरी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, उन्होंने कहा है कि वह माफी नहीं मांगेंगे, क्योंकि वह सावरकर नहीं हैं। क्या आप सावरकर जैसे लोगों के योगदान को जानते हैं?....ये घोड़ों की रेस में ग.. को दौड़ा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पुरी की टिप्पणी को लेकर ट्वीट किया, भाजपा में नए-नए शामिल हुए लोग जो कैबिनेट मंत्री बन गए हैं, वे अक्सर भड़काऊ बयान देते हैं, ताकि वफादारी के अपने दावे को मजबूत कर सकें। इस तरह के बयान उनके खुद के चरित्र को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, ये पूरी सच्चाई है। पुरी जनवरी, 2014 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, पुरी साहब अपना देखिए, जिस ... को रंग करके आप लोगों ने ज़ेब्रा बनाया हुआ है, उसका रंग अब उतरने लगा है।

## नामीबिया से...

अब शेष सात चीते पूरी तरह स्वस्थ हैं, वे शिकार कर रहे हैं और खूब मस्ती भी कर रहे हैं। कूनो में ही पिछले महीने 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए गए हैं। वे भी स्वस्थ और खूब सक्रिय हैं।

# जिम्मेदाराना व्यवहार करें आम लोग : नेतन्याहू

- हिंसा से दूर रहने की अपील की
- इजराइली राष्ट्रपति हरजोग ने नेतन्याहू से विवादित योजना रोकने की अपील की

## इजराइली राजनयिकों ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू की योजना के खिलाफ हड़ताल शुरू की

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव की विवादित योजना के खिलाफ विदेश में विभिन्न इजराइली मिशन में तैनात राजनयिकों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इजराइल के सबसे बड़े श्रमिक संघ हिस्तादुत के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता यानिव लेवी ने कहा कि विभिन्न मिशन में केवल आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि राजदूत और महावाणिज्यदूत भी हड़ताल में शामिल हैं। हिस्तादुत ने सरकार की विवादित योजना के खिलाफ सोमवार को ऐतिहासिक हड़ताल की घोषणा की।



**भाषा।** यरूशलम

न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव की विवादित योजना के खिलाफ व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को जनता से जिम्मेदाराना व्यवहार करने और हिंसा से दूर रहने की अपील की। विवादित योजना के विरोध में देशभर से लोग यरूशलम में एकत्रित हो रहे हैं और विभिन्न श्रमिक संगठन भी इसके विरोध में सड़क पर उतरने लगे हैं इस बीच, इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग ने सोमवार को प्रधानमंत्री नेतन्याहू से न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव की विवादित योजना को तत्काल रोकने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना ने देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और समाज को खतरे में डाल दिया है। राष्ट्रपति ने यह अपील तब की है जब एक दिन पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस योजना का विरोध करने के लिए अपने रक्षा मंत्री को बर्खास्त कर दिया जिसके विरोध में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। मंत्री को बर्खास्त करने के बाद व्यापक प्रदर्शन के आलोक में नेतन्याहू ने अपने पहले सार्वजनिक बयान में कहा, जिम्मेदाराना व्यवहार करें और हिंसा से दूर रहें। नेतन्याहू ने एक ट्वीट कर सरकार की योजना के विरोधियों और समर्थकों के बीच आज शाम हिंसक झड़पों की आशंका का संकेत दिया है। नेतन्याहू ने अपने ट्वीट में जोर देकर कहा, हम सभी भाई-बहन हैं। लिकुड पार्टी के सूत्रों के हवाले से मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री विवादित योजना को रोक सकते हैं। उधर, राष्ट्रपति हरजोग ने सरकार से देश की खातिर राजनीतिक मतभेदों को दूर रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने एक बयान में कहा, गत रात हमने बहुत मुश्किल हालात देखे। मैं प्रधानमंत्री, सरकार के सदस्यों और गठबंधन के सदस्यों से अपील करता हूं कि भावनाएं आहत हैं। पूरा देश गहरी चिंता में डूबा हुआ है। हमारी सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, समाज- सभी खतरे में हैं।

# काबुल में विदेश मंत्रालय के पास आत्मघाती हमले में छह लोगों की मौत

**भाषा।** इस्लामाबाद

**काबुल में** विदेश मंत्रालय के पास सोमवार को एक आत्मघाती बम हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि मंत्रालय के पास इस साल में यह दूसरा हमला है। अभी तक किसी समूह या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान का नियंत्रण होने के बाद इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े क्षेत्रीय संगठनों ने देश में हमले तेज कर दिए हैं। आईएस गश्ती दलों के साथ-साथ तालिबान अधिकारियों और देश के अल्पसंख्यक शिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाता है। काबुल के पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि तालिबान सुरक्षा बलों ने आत्मघाती हमलावर को मंत्रालय के पास मलिक असगर चौराहे पर पहुंचने से पहले ही पहचान लिया था। उसके बाद हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। इस आत्मघाती हमले में कम से कम छह आम नागरिक मारे गए हैं। हमले में घायल होने वालों में तीन तालिबान सुरक्षा बल के सदस्य हैं। गैर-सरकारी संगठन इमरजेंसी द्वारा संचालित काबुल अस्पताल ने बताया कि हमले के बाद एक बच्चे सहित 12 घायल आए हैं।

## खालिस्तान समर्थकों ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर प्रदर्शन किया

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**भारत में** फरार अलगाववादी अमृतपाल सिंह के समर्थन में अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर बड़ी संख्या में खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रिचमंड हिल इलाके में स्थित बाबा मखान शाह लुबना सिख सेंटर से एक कार रैली निकाली जो रविवार दोपहर को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मैनहट्टन शहर के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर खत्म हुई। कारों पर खालिस्तानी झंडे लगे थे और तेज़ संगीत और हार्न बजाया जा रहा था। एलईडी मोबाइल बिलबोर्ड ट्रकों पर सिंह की तस्वीरें प्रदर्शित की जा रही थी। पुरुष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में न्यूयॉर्क के लोकप्रिय गंतव्य पर जमा हुए। उनके हाथों में खालिस्तान के झंडे थे और वे नारे लगा रहे थे। पोस्टरों पर लिखा था, फ्री अमृतपाल सिंह (अमृतपाल सिंह को आज़ाद करो)। साथ में वे सिंह की तस्वीरें भी थामे हुए थे।

## जी-20 बैठक में शामिल नहीं होने संबंधी रिपोर्ट पर चीन ने साधी चुप्पी

बीजिंग। चीन ने सोमवार को उस खबर पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि उसके अधिकारियों ने अरुणाचल प्रदेश में हुई गोपनीय जी20 बैठक में भाग नही लिया। चीन, अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताता रहा है। हालांकि, भारत ने चीन के दावे को सिरे से खारिज किया है और कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर मे रविवार को हुई बैठक मे चीन के शामिल नही होने की खबरो के बारे मे पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा, आप जो कह रहे है, मै उससे अवगत नही हूं।

## भारतीय मूल की सिख महिला अधिकारी बनीं अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट की सहायक पुलिस प्रमुख

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की सिख महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट मनमीत कोलन ने अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट की सहायक पुलिस प्रमुख के रूप मे पदभार ग्रहण किया है। वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली एशियाई बन गई है। न्यू हेवन इंडिपेंडेंट की खबर के अनुसार न्यू हेवन पुलिस विभाग (एनएचपीडी) की वरिष्ठ अधिकारी कोलन को शुक्रवार को एक समारोह मे शहर के तीसरे सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में शपथ दिलाई गई। खबर के मुताबिक मुंबई की मूल निवासी कोलन विभाग की दूसरी महिला सहायक प्रमुख जबकि पहली भारतीय सहायक प्रमुख है। कोलन ने शुक्रवार को हुए समारोह मे अपने सहयोगियो, परिवार और दोस्तो को धन्यवाद दिया। खबर मे कहा गया

## अमेरिका में गोलीबारी की दो घटनाओं में दो लोगों की मौत, पांच घायल

**लिटल रॉक (अमेरिका)।** अमेरिका के आर्कन्सा राज्य की पुलिस ने कहा कि रविवार रात को गोलीबारी की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए। लिटल रॉक पुलिस विभाग ने ट्विटर पर एक बयान में कहा कि आपात सेवाओं को रात नौ बजकर 25 मिनट पर गोलीबारी की सूचना मिली। घटना में दो लोगो को चोटें आई, लेकिन वो जानलेवा नही थी। पुलिस ने बताया कि कुछ देर बाद नजदीकी इलाके में गोलीबारी की दूसरी घटना हुई, जिसमे पांच अन्य लोगो को गोली मारी गई, जिनमे से दो लोगो की मौत हो गई।

## अमेरिकाः आग से राइट बंधुओं के विमान कारखाने को नुकसान पहुंचा

**डेटन।** अमेरिका के ओहायो में रविवार को तड़के आग लगने से एक व्यावसायिक इमारत परिसर के उस हिस्से को नुकसान पहुंचा जहां राइट बंधुओं द्वारा स्थापित ऐतिहासिक हवाई जहाज कारखाना है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए डेटन के अग्निशमन दल को देर रात करीब ढाई बजे मौके पर भेजा गया। परिसर में भीषण आग लगी थी, जिसे पानी डालकर बुझाने की कोशिश की गई।

# पाक अदालत ने सात मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दी



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक अदालत ने इस माह के शुरू में संघीय न्यायिक परिसर में हुई झड़पों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ दर्ज सात अलग-अलग मामलों में उन्हें सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक एवं न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान ने गोलरा, बारा काहू, रमना, खन्ना और सीटीडी थानों में उनके खिलाफ दर्ज सात मामलों में अंतरिम जमानत की मांग की। खान की ओर से याचिकाएं दायर करने वाले अधिवक्ता सलमान सफदर ने कहा कि यदि पूर्व प्रधानमंत्री गिरफ्तार हो जाते हैं, तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी। याचिका के अनुसार, सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के प्रमुख होने के नाते ऐसी आशंका है कि यदि याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी-पूर्व जमानत नहीं दी जाती है, तो उनके (खान के) राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और विरोधी अपने कुत्सित इरादों में कामयाब हो जाएंगे। अदालत ने संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खान को अंतरिम जमानत दे दी। पीटीआई के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में खान को अदालत परिसर में प्रवेश करते दिखाया गया है। उनके बुलेट-प्रूफ वाहन की सुरक्षा में इस्लामाबाद पुलिस तैनात थी। खान के खिलाफ 143 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से ज्यादातर आतंकवाद के आरोपों से जुड़े हैं।

## पाकिस्तान के गृह मंत्री सनाउल्लाह के खिलाफ इमरान खान ने अदालत का रुख किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के खिलाफ सोमवार को यहां शीर्ष अदालत में अर्जी दायर की। सनाउल्लाह ने कथित तौर पर खान को उनकी पार्टी का दुश्मन करार दिया था। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के वरिष्ठ नेता नवाज शरीफ के करीबी समझे जाने वाले सनाउल्लाह ने कहा है कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी को लगता है कि उसका अस्तित्व खतरे में है, तो वह अपने मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकती है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के वरिष्ठ नेता सनाउल्लाह ने शनिवार को एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पीएमएल (एन) का दुश्मन करार दिया था। खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने कहा कि अतीत में ऐसा कभी नहीं देखा गया कि किसी सत्तारूढ़ पार्टी ने खुले तौर पर पाकिस्तान के एक लोकप्रिय नेता को खत्म करने की घोषणा की हो। एक्सप्रेस ट्रब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, खान ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया और कहा कि अदालत उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाए, ताकि प्रतिवादी अपनी योजना में सफल नहीं हो सके। इस बीच, पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक पेमरा ने सोमवार को इस्लामाबाद में होने वाली इमरान खान की रैली और जनसभाओं के सीधे प्रसारण पर रोक लगा दी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सात मामलों में अंतरिम जमानत के लिए अदालत के समक्ष पेश होने से कुछ घंटे पहले यह रोक लगाई गई।

## ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति चीन की यात्रा पर रवाना

**ताओयुआन (ताइवान)।** ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति मा यिंग-जेउ सोमवार को 12 दिन की चीन यात्रा पर रवाना हुए। इससे एक दिन पहले ही ताइवान ने अपने 14 राजनयिक साझेदारों में से एक और को चीन के हाथों गंवा दिया। पूर्व राष्ट्रपति निजी क्षमता से चीन की यात्रा पर गए हैं। वह आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए अपने साथ शिक्षाविदों और कॉलेज विद्यार्थियों को लेकर गए हैं। इसी के साथ उनके परिवार के सदस्य भी यात्रा में उनके साथ हैं। इस यात्रा के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। जोउ की नीतियां ताइवान और चीन को करीब लेकर आई थी, लेकिन उनके पद से हटने के बाद मुख्य भूमि (चीन) के साथ व्यापार समझौते के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हुए और उनके उत्तराधिकारी द्वीप की स्वायत्तता की रक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है। जोउ की यात्रा चीन और ताइवान के बीच बढ़ते तनाव के मध्य हो रही है। बीजिंग ताइवान पर दबाव बनाता है और उसके राजयनिक सहयोगियों को उससे दूर करता है और करीब-करीब रोज़ ही लड़ाकू विमान द्वीप की ओर भेजता है।

## भारत में एससीओ की बैठक में शामिल होने को लेकर आपस में सलाह कर रहा है पाकिस्तान : खबर

**इस्लामाबाद।** भारत में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा और विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने या नहीं होने के मुद्दे पर पाकिस्तान आपस में विचार कर रहा है। सोमवार को मीडिया में इस संबंध में खबरें आई हैं। एक्सप्रेस ट्रब्यून अखबार की खबर के अनुसार, भारत ने अप्रैल में नई दिल्ली में होने वाली विदेश मंत्रियों और मई में गोवा में होने वाली रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी को न्योता भेजा है। आठ सदस्यीय संगठन एससीओ के वर्तमान अध्यक्ष भारत सिलसिलेवार कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। एससीओ के अभी तक हुए सभी आयोजनों में से सिर्फ एक में नक्शे को लेकर विवाद के कारण पाकिस्तान ने हिस्सा नहीं लिया। पाकिस्तान ने प्रधान न्यायाधीशों के सम्मेलन और उर्जा मंत्रियों की बैठक में ऑनलाइन हिस्सा लिया था। वहीं, एक ब्रिगेडियर के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना के तीन सदस्यीय शिष्टमंडल ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रियों के परिषद के तहत विशेषज्ञों के कार्य समूह की बैठक में भाग लिया।

## जब, सरकारें लोगों की राय जानने के लिए एआई का उपयोग करती हैं

**भाषा।** मैड्रिड

**सरकारें** अपने नागरिकों और उनकी नीति को निर्देशित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर सकती हैं और वे ऐसा करती भी हैं। लेकिन क्या हम इस बात के लिए तैयार हैं कि यह कितना व्यापक हो सकता है? सरकारों की पहुंच व्यापक स्तर पर आंकड़ों (डेटा) तक होती है और वे अक्सर कृत्रिम बुद्धिमत्ता रणनीतियों का उपयोग करती हैं ताकि अपने नागरिकों के व्यवहार का विश्लेषण किया जा सके और उनका पूर्वानुमान लगाया जा सके। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से नीति निर्माताओं को मौजूदा प्रवृत्तियों और पद्धतियों की पहचान कर सटीक भविष्यवाणियां करने में मदद मिल सकती है, उन्हें जटिल जुड़ावों का पता लगाने और उन स्थितियों में सुधार करने में भी मदद मिल सकती है जिनसे आम लोगों को लाभ मिलता है। लेकिन यह आम नागरिकों की निजता और सुरक्षा के लिए खतरा भी पेश कर सकती है और समाज में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। स्पेन के तीन विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने इस संबंध में एक अध्ययन किया और संबंधित जोखिमों का पता लगाया। इस अध्ययन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को लेकर सरकारी अधिकारियों के बारे में एक सर्वेक्षण किया गया। एक पार्षद ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने कोविड-19 महामारी के दौरान शहर के लिए बेहतर निर्णय लेने में मदद की थी। पार्षद ने कहा कि महामारी के दौरान संक्रमण और मौत के मामलों के संबंध में पूर्वानुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग सांख्यिकीय मॉडल के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि इन मॉडल से स्वास्थ्य देखभाल और लॉकडाउन के दौरान शहरों में, संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए किए गए उपायों को लागू करने में मदद मिली।

# जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु ऊर्जा एजेंसी प्रमुख से मुलाकात की

**भाषा।** जेपोरिज्जिया (यूक्रेन)

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) प्रमुख राफेल मैरियानो ग्रोस्सी से दक्षिणी यूक्रेन में मुलाकात की, जहां दोनों ने जेपोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की गंभीर स्थिति पर विचार विमर्श किया। रूसी हमले के दौरान यूरोप के इस सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के कई ऊर्जा वितरण केबल को नुकसान हुआ है और विभिन्न अवसरों पर आपातकालीन डीजल जेनरेटर का इस्तेमाल किया गया। ग्रोस्सी इस सप्ताह रूसी बलों के कब्जे वाले इस संयंत्र का दौरा करने की योजना बना रहे हैं। बैठक के दौरान ग्रोस्सी ने संयंत्र में स्थिति बेहतर न होने को लेकर जेलेंस्की से अपनी चिंता व्यक्त की।



उन्होंने जोर देकर कहा कि संयंत्र के आसपास के क्षेत्र के सैन्यकरण और संयंत्र में हाल ही में ब्लैकआउट के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इस बीच, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि उस वक्त दो लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हुए जब रूसी सेना ने आंशिक रूप से कब्जे वाले पूर्वी डोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी शहर स्लोवियांस्क पर गोलाबारी की। इसके बाद की वीडियो फुटेज में क्षतिग्रस्त रिहायशी इमारतें, सड़कों पर मलबे और आग की लपटों से हवाले हो चुके वाहनों को देखा जा सकता है। जेलेंस्की ने रूसी हमले को आतंकवाद करार दिया है।

## सुनक ने असामाजिक आचरण के खिलाफ अभियान शुरू किया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने समुदायों के भीतर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए सोमवार को एक नई असामाजिक आचरण कार्य योजना की शुरुआत की, जिसके तहत उन्होंने मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों और आपराधिक गतिविधियों के लिए सजा के वास्ते पुलिस को अतिरिक्त अधिकार दिए है।

Public Notice
This is to inform general public that Smt. Pinki Kaur acquired the Built up portion on Second floor (Front Side) without terrace/roof Rights, bearing part of property no. 192/1-B, area measuring 39-1/2 Sq. yds, out of Khasra no 1241/1064/509, Situated in the Vill Chandrawali alias Shahdara, Gali no 12, Illaqa Shahdara, Delhi-110032 by way of Regd. Irrevocable GPA dated 17.10.2008, ATS & Will. Now, Smt. Pinki Kaur is intending to sell the said property to Mrs. Manjeet and further Mr. Monu and Mrs. Manjeet is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client Fullerton India Home Finance Company limited. that Mrs. Saroj is owner of Residential Property bearing No. 439, area measuring 53.44 Sq., Yds., Situated in Kailash Nagar, in the area of Village Kaila, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad. (Hereinafter referred as the said property by virtue of Sale Deed dated 16.04.2019, executed by Mr. Suresh Sharma, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property, and someone want to purchase the same by taking Home loan from Fullerton India Home Finance Ltd. if anybody has any objection/s upon the title of Mrs. Saroj of the said property, its ownership / Litigation/Title and any kind of objections kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

# कैसे बोतलबंद पानी उद्योग वैश्विक जल संकट को छुपा रहा है

**भाषा।** लिस्बन



**बोतलबंद पानी** दुनिया के सबसे लोकप्रिय पेय पदार्थों में से एक है, और बोतलबंद पानी उद्योग तेजी से फल फूल रहा है। सहस्राब्दी के बाद से, दुनिया सभी के लिए सुरक्षित पानी के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ी है। 2020 में, 74 प्रतिशत मानवता की सुरक्षित पानी तक पहुंच थी। यह दो दशक पहले की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। लेकिन यह अभी भी दो अरब लोगों को सुरक्षित पेयजल तक पहुंच से वंचित कर देता है। इस बीच, बोतलबंद पानी बनाने वाले शहर से पानी और जलवाही स्तर का दोहन करते हैं - आमतौर पर बहुत कम कीमत पर - और इसे नगरपालिका के नल के पानी की एक ही इकाई से 150 से 1,000 गुना अधिक दामों में बेचते हैं। उत्पाद को नल के पानी के पूर्ण सुरक्षित विकल्प के रूप में पेश करके कीमत को अक्सर उचित ठहराया जाता है। लेकिन बोतलबंद पानी सभी संदूषणों से मुक्त नहीं है, यह देखते हुए कि सार्वजनिक उपयोगिता वाले नल के पानी की तरह इसे कठोर सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय नियमों का शायद ही कभी सामना करना पड़ता है। हमारे हाल ही में प्रकाशित अध्ययन में, जिसमें 109 देशों का अध्ययन किया गया था, यह निष्कर्ष निकाला गया था कि अत्यधिक लाभदायक और तेजी से बढ़ता बोतलबंद पानी उद्योग सभी के लिए विश्वसनीय पेयजल की आपूर्ति करने में सार्वजनिक प्रणालियों की विफलता को छुपा रहा है। उद्योग ज्यादातर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में विकास के प्रयासों को विचलित करके और कम विश्वसनीय, कम किफायती विकल्प पर ध्यान केंद्रित करके सुरक्षित जल परियोजनाओं की प्रगति को कमजोर कर सकता है। तेजी से बढ़ता बोतलबंद पानी उद्योग संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को भी कई तरह से प्रभावित करता है। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय की नवीनतम रिपोर्ट से पता चला है कि वैश्विक बोतलबंद पानी के बाजार की वार्षिक बिक्री इस दशक में दुनिया भर में दोगुनी होकर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह भूमि और महासागरों में प्लास्टिक प्रदूषण में योगदान करने के साथ ही पानी की कमी वाले क्षेत्रों में तनाव बढ़ा सकता है। दुनिया भर में खाद्य श्रेणी में किसी भी अन्य की तुलना में तेजी से बढ़ रहा बोतलबंद पानी का बाजार वैश्विक दक्षिण में सबसे बड़ा है, एशिया-प्रशांत, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई क्षेत्रों में यह बोतलबंद पानी की कुल वैश्विक बिक्री का 60 प्रतिशत हिस्सा है। लेकिन कोई भी क्षेत्र सुरक्षित जल सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच हासिल करने के रास्ते पर नहीं है, जो एसडीजी 2030 के लक्ष्यों में से एक है। वास्तव में, उद्योग का सबसे बड़ा प्रभाव अपने निवासियों को किफायती पेयजल तक समान पहुंच प्रदान करने के लिए राष्ट्रों के सामूहिक की प्रगति को रोकने की इसकी क्षमता प्रतीत होती है।

## डिजिटल तकनीक भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को आसान बना रही है

**भाषा।** ब्रिसबेन

**डिजिटल** तकनीक सोशल मीडिया कंपनियों के लिए भ्रामक और गलत सूचनाओं के खिलाफ लड़ाई को और जटिल बना रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को एक वीडियो में अपने लोगों से हथियार रखने और रूस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहते सुना जा सकता है। हालांकि जेलेंस्की ने तत्काल इस वीडियो को फर्जी बताकर खारिज कर दिया। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा तैयार एक वीडियो बताया गया जिसमें जेलेंस्की की आवाज और हावभाव की नकल थी। इस तरह की जालसाजी केवल एक छोटा सा उदाहरण मात्र है। इस तरह के एआई मॉडल बनाए जा रहे हैं जो ऑनलाइन श्रोताओं और दर्शकों को प्रभावी तरीके से धोखा दे सकते हैं, वहीं इन मॉडल द्वारा तैयार भ्रामक और धोखाधड़ी वाली सामग्री का पता लगाने के लिए भी मॉडल विकसित किए जा रहे हैं।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) ASHOK_LEY_AL_1214
UP37AT2456 -YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 774876.6
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 12.04.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :GUNJAN SINGH KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 918510032426
EMAIL-gunjan.singh1@kotak.com

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./664/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन ईएक्सएच.
नंबर : 14028
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
परमानंद यादव
सेवा में,
(1) परमानंद यादव डी/डब्ल्यू/एस/ओ - श्री रामानंद श्री परमानंद यादव पुत्र श्री रामानंद निवासी एच. नंबर 181/3, गली नंबर 11, गांधी नगर, सेक्टर-10 रोड, गुरूग्राम-122001, हरियाणा
दूसरा पता :- निवासी फ्लैट नंबर 209, द्वितीय तल, इन्नोवेटिव लीजैंड हाइट्स, सेक्टर-80, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा,
अन्य पता :
श्री परमानंद यादव पुत्र श्री रामानंद, निवासी फ्लैट नंबर 209, द्वितीय तल, इन्नोवेटिव लीजैंड हाइट्स, सेक्टर-80, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
(2) लक्ष्मी पत्नी श्री परमानंद यादव निवासी एच. नंबर 181/3, गली नंबर 11, गांधी नगर, सेक्टर-10 रोड, गुरूग्राम-122001, हरियाणा दूसरा पता :- निवासी फ्लैट नंबर 209, द्वितीय तल, इन्नोवेटिव लीजैंड हाइट्स, सेक्टर-80, गुरूग्राम-122001, हरियाणा,
अन्य पता :
श्रीमती लक्ष्मी पत्नी श्री परमानंद यादव निवासी फ्लैट नंबर 209, द्वितीय तल, इन्नोवेटिव लीजैंड हाइट्स, सेक्टर-80, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
(3) मैसर्स इन्नोवेटिव इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. निवासी 301, जेएमडी पैसीफिक स्क्वायर, एनएच-8, सेक्टर-15, गुरूग्राम-122001, इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से
सम्मन
जबकि, ओए/664/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 14-10-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 24,44,806/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 22-05-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 31-10-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, hitherto known as Manish S/o Manoj Kumar R/o H.No-332B, Block-H, Gali No-16, Near Gujjar Chowk, Sangam Vihar, Hamdard Nagar, South Delhi-110062 have changed my name and shall hereafter be known as Manish Jha.
PD(90308)A

# शिंदे ने सावरकर पर राहुल की टिप्पणी को लेकर उद्धव पर साधा निशाना





● महाराष्ट्र के सीएम ने उद्धव से साहस दिखाने को कहा

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हिन्दुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर सोमवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा।

शिंदे ने यह भी कहा कि शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी राज्य भर में सावरकर गौरव यात्रा निकालेगी। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ संवाददाताओं को संबोधित कर रहे मुख्यमंत्री शिंदे ने इन टिप्पणियों का विरोध करने के लिए ठाकरे से हिम्मत दिखाने को कहा।

शिंदे ने कहा कि ठाकरे नीत पार्टी ने पिछले सप्ताह लोकसभा सदस्य के रूप में राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में कांग्रेस का समर्थन करने के साथ ही सारी सीमाएं लांघ दीं। 2019 में चुनावी रैली के दौरान की गई एक टिप्पणी को लेकर दायर मानहानि के फौजदारी मुकदमे में गुजरात के सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को 23 मार्च को दो साल कैद की सजा सुनाई थी। अगले ही दिन उन्हें सजा सुनाए जाने के दिन से लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया।

शिंदे ने पत्रकारों से कहा, ऐसे में जब आप (ठाकरे) कहते हैं कि सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, आप क्या करने वाले हैं। आपको हिम्मत दिखाने की जरूरत है। शिंदे ने कहा कि शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने 2004 में सावरकर के खिलाफ तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर उनके खिलाफ जोडा मारा अभियान (चप्पल मारो अभियान) चलाया था।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आरोप लगाया, जो हिन्दुत्व की बात करते हैं, उनके विधायक कह रहे हैं कि सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, वह राजनीति और महा विकास आघाड़ी के लिए चुप हैं। यह दोहरा मानदंड है। रविवार को एक रैली में ठाकरे ने कहा था कि वह सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और गांधी से उनका अपमान करने से बचने को कहा। दूसरी ओर राहुल की इस टिप्पणी से जुड़े सवाल पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभी को साथ लेकर चलने की है उन्होंने कहा, यह कांग्रेस ही है जिसने देश को आजादी दिलाई और संविधान के आधार पर काम किया। इसलिए, सत्ता में आना या न होना गौण है... कांग्रेस के लिए सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं।

## साबित करें कि सावरकर ने माफी मांगी थी, पोते ने राहुल से कहा

**मुंबई।** हिन्दुत्व विचारक वीर दामोदर सावरकर के पोते ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर सोमवार को उनके खिलाफ कार्वाई करने की मांग की और उन्हें सावरकर द्वारा ब्रिटिश शासन से माफी मांगे जाने संबंधी दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती दी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर उनसे माफी मांगने को कहने के संबंध में किए गए सवाल पर राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था, मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही थी। ऐसी टिप्पणियों को बचकानी बताते हुए सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने कहा, राहुल गांधी कह रहे हैं कि वह माफी नहीं मांगेंगे क्योंकि वह सावरकर नहीं हैं। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह सावरकर के माफी मांगने का कोई दस्तावेजी साक्ष्य दिखाएं। सावरकर ने कहा, देशभक्तों के नाम का उपयोग राजनीति चमकाने के लिए करना गलत है। कार्रवाई होनी चाहिए।

## तेजस्वी यादव पिता बने, राजद में जश्न का माहौल



**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सोमवार को पिता बने और उनके घर एक बेटी का जन्म हुआ। यह खबर मिलने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में जश्न का माहौल है। पिछले सप्ताहांत में सीबीआई की पूछताछ के बाद तेजस्वी दिल्ली में अपनी पत्नी राजश्री के पास ही ठहर गए थे। राजद नेता तेजस्वी ने ट्वीट कर पिता बनने की जानकारी दी और बिटिया को गोद में लिए हुए एक तस्वीर भी साझा की। तेजस्वी के बड़े भाई तेज प्रताप यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की और यहां विधानसभा परिसर में मिठाई बांटी। तेजप्रताप ने सभी से कहा कि अब वह बड़े पापा बन गए हैं।

तेजप्रताप ने कहा, नवरात्र के शुभ अवसर के दौरान हमारे परिवार में लक्ष्मी आई है। अब हमारे सारे संकट समाप्त हो जाएंगे। राजद के पटना स्थित पार्टी कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

# एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में एनईपी के अनुरूप संशोधन

● स्कूलों में 2024-25 सत्र से आने की संभावना

भाषा। नई दिल्ली

**नई** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार संशोधित एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों को 2024-25 शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में पेश किए जाने की संभावना है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुसार तैयार किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, नई पाठ्यपुस्तकों को 2024-25 शैक्षणिक सत्र से पेश किए जाने की संभावना है। यह एक लंबा काम है, लेकिन हम इसके लिए लक्ष्य बना रहे हैं। पाठ्यपुस्तकों को नई एनसीएफ के अनुसार संशोधित किया जाएगा, जिस पर काम पहले से ही चल रहा है। संशोधित एनसीएफ के अनुसार विकसित एनसीईआरटी की सभी पाठ्यपुस्तकें डिजिटल प्रारूप में भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा, चूंकि कोविड-19 ने हमें सिखाया है कि डिजिटल शिक्षा की मांग है, सभी नई पाठ्यपुस्तकों को एक साथ डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कोई भी उन्हें डाउनलोड कर सके। पाठ्यपुस्तकों में ठहराव नहीं होना चाहिए, अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक संस्थागत ढांचा विकसित किया जाएगा कि पाठ्यपुस्तकों को नियमित आधार पर अद्यतन किया जाए। एनईपी 2020 में पाठ्यक्रम शैक्षणिक संरचना की परिकल्पना की गई है।

केंद्र ने 2020 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन को एक नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) विकसित करने के दायित्व से जुड़ी 12-सदस्यीय संचालन समिति के प्रमुख के रूप में नियुक्त कर स्कूल पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने की प्रक्रिया शुरू की थी।

## क्विक न्यूज

### नवाजुद्दीन ने अपनी पूर्व पत्नी, उनके भाई से मांगा 100 करोड़ का हर्जाना

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बंबई उच्च न्यायालय में मानहानि का एक वाद दाखिल कर अपनी पूर्व पत्नी आलिया उर्फ जैनब सिद्दीकी और उनके भाई शम्सुद्दीन सिद्दीकी से यह आरोप लगाते हुए 100 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा है कि दोनों ने उनके खिलाफ गलत और मानहानिकारक बयान दिए है। इस वाद पर न्यायमूर्ति रियाज छागला द्वारा 30 मार्च को सुनवाई किए जाने की संभावना है। अपनी पूर्व पत्नी के साथ वैवाहिक विवादों में घिरे नवाजुद्दीन ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि आलिया और उनके भाई पर अभिनेता के लिए कोई भी बयान या टिप्पणी करने से स्थाई रूप से रोका जाए। अभिनेता ने अपनी पूर्व पत्नी एवं उनके भाई से लिखित में माफी दिलवाने को भी कहा है। वाद के अनुसार नवाजुद्दीन ने 2008 में शम्सुद्दीन को अपना मैनेजर नियुक्त किया था और अपने सभी वित्तीय कार्य आँख मूंदकर उन्हें सौंप दिए। इसमें आरोप लगाया गया कि शम्सुद्दीन ने नवाजुद्दीन के साथ धोखाधड़ी एवं फर्जीवाड़ा किया और अभिनेता के धन से संपत्ति खरीदी। इसमें कहा गया कि जब अभिनेता को फर्जीवाड़े के बारे में पता चला और उन्होंने पूछताछ की तो शम्सुद्दीन ने आलिया को नवाजुद्दीन के विरूद्ध मामला दाखिल करने के लिए उकसाया। अभिनेता ने दावा किया कि आलिया और शम्सुद्दीन ने उनके साथ 21 करोड़ रुपए की हेराफेरी की। वाद में कहा गया कि जब नवाजुद्दीन ने संपत्ति उन्हें लौटाए जाने की मांग की तो शम्सुद्दीन एवं आलिया मिल गए तथा सोशल मीडिया पर घटिया वीडयो एवं टिप्पणियां डालकर उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### सलमान को ईमेल भेजने वाला आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान को धमकी भरा ईमेल भेजने के सिलसिले में राजस्थान से 21 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इसी युवक ने दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता को भी कथित रूप से धमकी दी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर जिले के धाकड़राम रामलाल सियाग को बांद्रा पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार किया। जांच मे यह बात सामने आई थी कि धमकी भरा ईमेल सियाग के मोबाइल फोन से भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लूनी थाने की मदद से रविवार को सियाग को गिरफ्तार कर मुंबई लाया गया, जहां एक अदालत ने उसे सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होने बताया, हमारी जांच में सामने आया है कि उसने गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता को भी धमकी भरा ईमेल भेजा था। इस सिलसिले में पंजाब के मानसा थाने में मामला दर्ज किया गया है। सियाग के खिलाफ सरदारपुरा थाने में हथियार कानून के तहत भी मामला दर्ज है। उन्होंने कहा, हम जांच करेंगे कि क्या (सलमान) खान को पहले मिली धमकियो मे भी उसकी भूमिका रही है। इसमें 2022 में गैंगस्टर गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई तथा अन्य के खिलाफ दर्ज मामले की भी जांच की जाएगी। पिछले साल मई में गायक शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की पंजाब के मानसा जिले मे हुई हत्या के पीछे कथित तौर पर बिश्नोई और बरार का ही हाथ था।

### 55 करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक अधिकारी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बैंक अधिकारी और उसके साथी को आरोप पत्र में नामजद किया है, जिन्होंने ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण विभिन्न खातों से 55 करोड़ रुपए से अधिक का गबन किया और इसका एक बड़ा हिस्सा ऑनलाइन सट्टेबाजी मे लगाया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने आरोप लगाया कि आरोपी अधिकारी बेदांशु शेखर मिश्रा और उसके साथी शैलेश कुमार जायसवाल ने विभिन्न बैंक खातों में रखे पैसे को विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी मे लगाने के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक मे जालसाजी की, जहां मिश्रा काम करता था। अधिकारियो ने बताया कि मिश्रा 28 जून 2021 से दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा कॉलेज में पंजाब एण्ड सिंध बैंक की नॉर्थ कैम्पस शाखा मे तैनात था। बैंक की जांच के दौरान एक बयान मे मिश्रा ने ऑनलाइन गेमिंग के लिए अवैध लेनदेन करने के वास्ते सहकर्मियो की बैंकिंग पहचान पत्र का इस्तेमाल करने की बात कबूल की थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई की जांच मे पाया गया कि मिश्रा ने खालसा कॉलेज की 48.76 करोड़ रुपए की 32 सावधि जमा का गैरकानूनी तथा बिना किसी अधिकार के इस्तेमाल किया, जबकि मुद्रा ऋण के विभिन्न खातों से 6.74 करोड़ रुपए का गबन भी किया। सीबीआई ने यह भी पाया कि मिश्रा ने पैसों को 29 विभिन्न बैंक खातों में भेजने के लिए खालसा कॉलेज शाखा के अधिकारी को आवंटित आईडी का इस्तेमाल किया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया, ऐसा आरोप है कि मिश्रा ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर अन्य कर्मियो की आईडी का इस्तेमाल कर ए अनधिकृत जालसाजी और फर्जी लेनदेन किए।

# तापसी पन्नू के खिलाफ शिकायत दर्ज धार्मिकभावनाएं आहत करने का आरोप

भाषा। इंदौर

**इंदौर** के एक दक्षिणपंथी संगठन ने अभिनेत्री तापसी पन्नू के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। संगठन का आरोप है कि पन्नू ने एक फैशन शो में अंग प्रदर्शन करने वाले परिधान के साथ देवी लक्ष्मी की छवि वाला हार पहनकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत की हैं। छत्रीपुरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। थाना प्रभारी कपिल शर्मा ने संवाददाताओं को बताया, स्थानीय संगठन हिंद रक्षक के संयोजक एकलव्य सिंह गौड़ ने हमें शिकायत की है कि पन्नू ने मुंबई में कुछ दिन पहले एक फैशन शो के दौरान अंग प्रदर्शन करने वाले परिधान



के साथ एक ऐसा हार पहना था जिसमें देवी लक्ष्मी की छवि उकेरी गई थी। शर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ता का आरोप है कि पन्नू के इस कृत्य से हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं और सनातन धर्म की छवि को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा, हम पन्नू के खिलाफ पेश शिकायत की जांच कर रहे हैं। अभी इस पर कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। जांच के बाद इस विषय में उचित कदम उठाए जाएंगे।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कोलकाता में नेताजी के आवास गईं

भाषा। कोलकाता

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू सोमवार को सुभाष चंद्र बोस के पैतृक निवास गईं जहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि दी।

पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आईं मुर्मू नेताजी भवन में घूमीं जो अब स्मारक बन गया है। नेताजी के भतीजे के पोते सुमंत्र बोस ने राष्ट्रपति को ऐतिहासिक भवन की अहमियत के बारे में बताया जो आज़ादी की लड़ाई के दौरान घटनाओं का गवाह रहा है। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल सी.वी. बोस थे। मुर्मू को पहले ऐतिहासिक कार द 1937 वांडरर डब्ल्यू24 के बारे में बताया गया। इसी गाड़ी से नेताजी 16 जनवरी 1941 को अपने घर से, अंग्रजों से बचकर निकले थे। राष्ट्रपति ने नेताजी का अध्ययन कक्ष, उनका शयनकक्ष और



द ग्रेट एस्केप स्टेयरकेस (सीढ़ियां) देखीं। इन्हीं सीढ़ियों से नेताजी नीचे आए थे जहां उनके भतीजे शिशिर बोस ने उनकी कार वांडरर खड़ी की थी। कार में बैठ कर नेताजी अंग्रेजों को चकमा देकर निकल गए थे।

नेताजी भवन में करीब 10 मिनट तक रूकने के बाद मूर्मू शहर के मध्य हिस्से में जोरासांको ठाकुरबाड़ी में स्थित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के आवास के लिए रवाना हुईं।

इससे पहले राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस और राज्य के मंत्री फरहाद हकीम और सुजीत बोस ने कोलकाता पहुंचने पर मुर्मू की अगवानी की तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रक्षा बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुर्मू राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार राज्य की यात्रा पर आई हैं। उनकी यात्रा के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं।

हवाई अड्डे से वह हेलीकॉप्टर से रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब के मैदान में पहुंचीं और फिर वहां से सड़क के रास्ते राजभवन गईं। क्लब में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्मू की अगवानी की। मुर्मू को शाम को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा नेताजी इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। मंगलवार को राष्ट्रपति कोलकाता में यूको बैंक के 80 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में शिरकत करेंगी। इससे पहले वह रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के वैश्विक मुख्यालय बेलूर मठ जाएंगी। राष्ट्रपति का विश्वभारती विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए शांति निकेतन जाने का भी कार्यक्रम है।

# तीनों सशस्त्र बलों में 1.55 लाख से अधिक पद रिक्त

● सबसे अधिक रिक्तियां थल सेना में: सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने सोमवार को बताया कि तीनों सशस्त्र बलों में करीब 1.55 लाख कर्मियों की कमी है और सेना में सबसे अधिक 1.36 लाख रिक्तियां हैं। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक लिखित जवाब में कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की कमी और न्यूनीकरण के उपायों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है तथा रिक्तियों को भरने एवं युवाओं को सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते कई उपाय शुरू किए गए हैं।

भट्ट ने कहा कि भारतीय सेना में 8,129 अधिकारियों की कमी है, जिसमें आर्मी मेडिकल कोर और आर्मी डेंटल कोर के अधिकारी भी शामिल हैं।

उनके मुताबिक, मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) में 509 पद खाली हैं और जेसीओ तथा अन्य रैंकों



के 1,27,673 पद भी खाली हैं। असैनिक कर्मचारियों की भर्ती के मामले में समूह-ए में 252 रिक्त पद हैं, जबकि समूह-बी और समूह-सी में क्रमश: 2,549 और 35,368 रिक्तियां हैं।

उन्होंने बताया कि नौसेना में 12,428 कर्मियों की कमी है। मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि नौसेना में 1,653 अधिकारियों, 29 चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों और 10,746 नाविकों की कमी है।

असैनिक कर्मचारियों में समूह-ए में 165, समूह-बी में 4207 और समूह-सी में 6156 की कमी है।

रक्षा राज्य मंत्री के मुताबिक भारतीय वायुसेना में 7,031 कर्मियों की कमी है। उन्होंने कहा कि वायुसेना में 721 अधिकारियों, 16 चिकित्सा अधिकारियों, 4,734 एयरमैन और चिकित्सा सहायक ट्रेड में 113 एयरमैन की कमी है। नियोजित किए जा रहे नागरिकों में, समूह-ए में 22, समूह-बी में 1303 और समूह-सी में 5531 रिक्तियां हैं।

भट्ट ने कहा, सशस्त्र बलों द्वारा कर्मियों की कमी और उसे दुरूस्त करने के उपायों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है और यह विस्तृत विश्लेषण पर आधारित होता है। रिक्तियों को भरने और युवाओं को सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कई उपाय शुरू किए गए हैं।

## देश में पांच राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय स्थापित करने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि उसने वेदों की शिक्षा के लिए देश में पांच राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय स्थापित करने को मंजूरी दी है।

लोकसभा में सी पी जोशी के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री डा. सुभाष सरकार ने यह जानकारी दी। जोशी ने पूछा था कि क्या सरकार का विचार वेदों की शिक्षा के लिए आदर्श वेद विद्यालय स्थापित करने का है। इस पर, शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने कहा, जी, हां। सरकार ने उज्जैन स्थित महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या परिसर में संचालित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय की तर्ज पर देश में पांच राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय स्थापित करने को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इन पांच राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों को पुरी (ओडिशा), द्वारका (गुजरात), श्रृंगेरी (कर्नाटक), बद्रीनाथ (उत्तराखंड) और गुवाहाटी (असम) में स्थापित करने को मंजूरी दी गई है।

पूजा स्थलों पर 1991 के कानून की वैधता का मामला

# चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पांच अप्रैल को होगी सुनवाई

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय उपासना स्थल अधिनियम-1991 के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर पांच अप्रैल को सुनवाई करेगा।

संबंधित कानून कहता है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। यह किसी धार्मिक स्थल को फिर से हासिल करने या उसके स्वरूप में बदलाव के लिए वाद दायर करने पर रोक लगाता है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक वकील अश्विनी उपाध्याय की इन दलीलों पर सोमवार को संज्ञान लिया कि पांच अप्रैल को जिन मुकदमों को सुनवाई



के लिए सूचीबद्ध किया गया है उन्हें उस दिन की कार्य सूची से न हटाया जाए। पीठ ने कहा, इसे उस दिन कार्य सूची से नहीं हटाया जाएगा। शीर्ष अदालत ने नौ जनवरी को केंद्र सरकार से उपासना स्थल अधिनियम-1991 के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा था। न्यायालय ने कानून के प्रावधानों के खिलाफ छह याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की थी। इन याचिकाओं में पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका भी शामिल है।

# जी20 बैठक में खालिस्तान मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण की धमकी

भाषा। देहरादून

**प्रतिबंधित** संगठन सिख फॉर जस्टिस ने मंगलवार से उत्तराखंड के रामनगर में होने वाली जी20 की बैठक के दौरान खालिस्तान मुद्दे का अंतराष्ट्रीयकरण करने की धमकी दी है।

रविवार देर रात उत्तराखंड के कई मोबाइल फोन नंबरों पर संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू के रिकार्ड किए हुए संदेशों वाली कॉल आई जिसमें कहा गया कि संगठन जी20 बैठक के दौरान हवाई अडडे, रेलवे स्टेशन तथा अन्य जगहों पर अपने झंडे लगाकर खालिस्तान मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करेगा। संदेशों में यह भी कहा गया कि रामनगर भारत का हिस्सा नहीं है और पंजाब को आजादी दिलाने के बाद रामनगर खालिस्तान का भाग बना लिया जाएगा। ऐसे फोन कॉल सैकड़ों नंबरों पर किए गए जिनमें कुछ पत्रकार भी शामिल हैं। इस बीच, राज्य के पुलिस उप महानिरीक्षक (एसटीएफ) सेंथिल अबूदई कृष्णराज एस ने बताया कि जिन नंबरों से ऐसे रिकार्ड किए हुए फोन कॉल आ रहे हैं, उनका पता लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विशेष कार्यबल (एसटीएफ) मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि रामनगर में होने वाली जी20 बैठक से प्रचार पाने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि, उन्होंने कहा, उत्तराखंड पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और अलगाववादियों का मकसद हम पूरा नहीं होने देंगे। जी20 बैठक के लिए



सुरक्षा का पूरा इंतजाम है। हमारे वरिष्ठ अधिकारी वहां नजर रखे हुए हैं।

रामनगर में मंगलवार से जी20 देशों के मुख्य विज्ञान सलाहकारों की तीन दिवसीय गोलमेज बैठक हो रही है। उधर, खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के फरार प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके साथियों की तलाश को लेकर राज्य के ऊधमसिंहनगर जिले में भी पुलिस अलर्ट पर है। पंजाब पुलिस और एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद पुलिस विशेषकर ऊधमसिंहनगर जिले की नेपाल से लगी सीमा और उत्तर-प्रदेश से लगे रामपुर, पीलीभीत और बरेली जिले की सीमाओं पर सघन जांच अभियान चला रही है। हर आने-जाने वाले सरकारी और निजी वाहनों की जांच की जा रही है तथा धार्मिक स्थलों पर भी निगाह रखी जा रही है। इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल ने कहा कि अंतराराष्ट्रीय सीमा से लगे धार्मिक स्थलों एवं वाहनों की तलाशी का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल सीमा पर भी आने-जाने वालों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अमृतपाल की तलाश में पुलिस सत्यापन अभियान भी चला रही है। इसके अलावा, उसके और उसके साथियों के पोस्टर भी जारी करके जगह-जगह चस्पा कर दिए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार पंजाब पुलिस को आशंका है कि अमृतपाल यहां शरण लेकर नेपाल या किसी दूसरे देश में भाग सकता है और इसी के मद्देनजर उसने उत्तराखंड पुलिस को अलर्ट किया है। इस बीच, आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पिथौरागढ़ में भी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और राज्य पुलिस द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर भी अमृतपाल और उसके सहयोगियों की गतिविधियों को लेकर कड़ी निगाह रखी जा रही है।

# शिवमोगा में आरक्षण मुद्दे पर बंजारा समुदाय का प्रदर्शन

भाषा। शिवमोगा (कर्नाटक)

**बंजारा** समुदाय के सदस्यों ने सोमवार को जिले के शिकारीपुरा कस्बे में भाजपा के कद्दावर नेता बी एस एदियुरप्पा के घर को निशाना बनाया और राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के लिए घोषित आंतरिक आरक्षण के विरोध में पथराव किया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। कस्बे में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। घटनाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने हिंसा के पीछे कांग्रेस का हाथ बताया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, स्थानीय कांग्रेस नेता लोगों को भड़का रहे हैं। हर समुदाय के साथ किए गए सामाजिक न्याय को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है और उसने हिंसा भड़काने का सहारा लिया। बंजारा समुदाय को अफवाहों के प्रभाव में नहीं आना चाहिए।

बड़ी संख्या में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें बंजारा समुदाय के कुछ सदस्य घायल हो गए। प्रदर्शनकारी एदियुरप्पा के घर के पास एकत्र हो गए और पथराव शुरू कर दिया, जिससे कुछ खिड़कियों के शीशे टूट गए।

स्थिति नियंत्रण से बाहर होते देख क्षेत्र में अतिरिक्त बलों को बुलाया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बंजारा समुदाय से संबंधित अनुसूचित जाति को में आरक्षण दिया गया है।

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने पिछले हफ्ते अनुसूचित जातियों के बीच आंतरिक आरक्षण शुरू करने का फैसला किया था। राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर यह सिफारिश भी की थी कि प्रस्ताव को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

बोम्मई ने बंजारा समुदाय के नेताओं से संयम बरतने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि सरकार ने मंत्रिमंडल उप-समिति की सिफारिशों को लागू किया है, न कि सदाशिव आयोग की सिफारिशों को।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए समाज में अशांति पैदा करना घोर निंदनीय है।

## क्रिकेटर केदार जाधव के पिता पुणे स्थित आवास से लापता

**पुणे।** क्रिकेटर केदार जाधव के पिता महादेव जाधव पुणे स्थित अपने घर से सोमवार की सुबह से लापता हैं जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अलंकार पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि केदार जाधव की शिकायत के अनुसार उनके पिता को डेमेंशिया (भूलने की बीमारी) है। अधिकारी ने कहा , महादेव जाधव सुबह की सैर के लिए निकले और उसके बाद से गायब हैं। रिहाइशी परिसर के दरवाजे से निकलने के बाद से वह नजर नहीं आए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश जारी है। केदार जाधव भारत के लिए 73 वनडे खेल चुके हैं और 2007 से महाराष्ट्र के लिए रणजी क्रिकेट खेल रहे हैं।

## वित्त विधेयक पर साझा किए विचार

**नई दिल्ली।** एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने वित्त विधेयक 2023 पर अपने विचार जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि म्युचुअल फंड में निवेशए जहां घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में 35 से अधिक का निवेश नहीं किया जाता है, उस पर लागू होने वाले अल्पकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में कर लगाया जाएगा। डेट म्युचुअल फंड को तीन साल से अधिक समय तक रखने पर अब इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलेगा।

# कर्नाटक में भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा गिरफ्तार

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय द्वारा सोमवार को कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (केएसडीएल) से संबंधित रिश्वत मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मदल विरुपक्षप्पा की जमानत याचिका खारिज किए जाने के कुछ घंटे बाद लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। चन्नागिरी विधायक को उनके बेटे प्रशांत एम. वी. को दो मार्च को एक ठेकेदार से 40 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के कुछ दिन बाद अंतरिम जमानत मिल गई थी। सूत्रों ने बताया कि विरुपक्षप्पा के बेटे के नकदी के साथ पकड़े जाने के बाद की गई छापेमारी में विरुपक्षप्पा के घर से 8.23 करोड़ रुपए की बिना हिसाब की रकम का पता चला। लोकायुक्त के पुलिस महानिरीक्षक ए. सुब्रमणएश्वर राव ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब वह (विधायक) बेंगलुरु जा रहे थे, तब हमने उन्हें तुमकुरु में गिरफ्तार किया। उच्च न्यायालय ने पिछले हफ्ते इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला सरकारी कंपनी को रसायनों की आपूर्ति का ठेका आवंटित करने के लिए कथित रूप से रिश्वत मांगने और प्राप्त करने से जुड़ा है। इसके बाद लोकायुक्त के छापे में 8.23 करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई। न्यायमूर्ति के. नटराजन ने चन्नागिरी विधायक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। केएसडीएल के अध्यक्ष रहे विरुपक्षप्पा पर उनके पुत्र केएएस अधिकारी प्रशांत मदल के माध्यम से रिश्वत मांगने का आरोप है। बिल पास करने के लिए 81 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई और उनके बेटे को कार्यालय में 40 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा गया। बाद में, विरुपक्षप्पा के आवास से सात करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की गई। प्रशांत को इस मामले में दो मार्च को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। लोकायुक्त पुलिस ने तब से मामले में चार और गिरफ्तारियां की हैं। भाजपा विधायक ने तब से केएसडीएल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

# राहुल व भुवी को झटका, अनुबंध से बाहर

● बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से हटाया

जडेजा ए प्लस में शामिल








**भाषा।** नई दिल्ली

**स्टार आल** राउंडर रविंद्र जडेजा को अपने शानदार प्रदर्शन का पुरस्कार बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध के एलीट ग्रेड ए प्लस में प्रवेश कर मिला जबकि अक्षर पटेल को भी ए ग्रेड में शामिल किया गया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में संयुक्त प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे 34 वर्षीय जडेजा ए प्लस वर्ग में शामिल चार खिलाड़ियों में से एक हैं जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मौजूद हैं। बीसीसीआई ने रविवार को अपने सालाना अनुबंध की घोषणा की। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज केएल राहुल को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ग्रेड बी में खिसका दिया गया। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने चार ग्रुप - ए प्लस (सात करोड़ रुपए), ए (पांच करोड़ रुपए), बी (तीन करोड़ रुपए) और सी (एक करोड़ रुपए) - में 26 क्रिकेटरों को रिटेनरशिप सौंपी। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, अजिंक्य रहाणे और ईशांत शर्मा को अनुबंध नहीं मिला।

इस अनुभवी तिकड़ी को अनुबंध सूची से बाहर किए जाने से संकेत मिलता है कि अब राष्ट्रीय टीम में उनकी जरूरत नहीं होगी। स्पिन आल राउंडर अक्षर काफी खुश होंगे जिन्हें ए वर्ग में प्रोमोट किया गया जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत को भी पहली बार केंद्रीय अनुबंध में जगह मिली, उन्हें ग्रुप सी में शामिल किया गया। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में लगी चोटों का उपचार कराने के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं, वह ए वर्ग में बरकरार हैं जिसमें हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद शमी शामिल हैं। ग्रुप बी में छह क्रिकेटर शामिल हैं जिसमें चेतेश्वर पुजारा, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज, सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल मौजूद हैं। ग्रुप सी में 11 क्रिकेटर उमेश यादव, शिखर धवन, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह क अलावा भरत शामिल हैं। एलीट ए प्लस वर्ग में ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो सभी तीन प्रारूपों में निश्चित उम्मीदवार होते हैं जबकि ए वर्ग में ऐसे क्रिकेटर होते हैं जो टेस्ट और वनडे के लिए निश्चित होते हैं। वहीं ग्रुप बी में ऐसे खिलाड़ी होते हैं जिनका सीमित ओवर के क्रिकेट के लिए विचार किया जाता है जबकि ग्रुप सी के खिलाड़ियों को आमतौर पर नियमित रूप से तीनों से एक प्रारूप में के लिए विचार किया जाता है।

## सेना के पुरूषों की फॉइल टीम में स्वर्ण, भूपेन एपी चैम्पियन बने

राष्ट्रीय तलवारबाजी

**भाषा।** पुणे

**सेना की** टीम ने 33वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों की फॉइल टीम स्पर्धा में खिताब जीता। पुरूषों के व्यक्तिगत एपी वर्ग में भी सेना का दबदबा रहा जिसके दो खिलाड़ियों भूपेन सिंह लिशाम और सुनील कुमार ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। एकतरफा मुकाबले में सेना की फॉइल टीम ने मणिपुर को 45-32 से हराया। सेना की टीम में अर्जुन, बिबिश कार्तिरसन, इस्माइल मोहम्मद खान और बिकी थोकचोम थे। सेना ने महाराष्ट्र को सेमीफाइनल में 45-29 से हराया था जबकि मणिपुर ने छत्तीसगढ को 45-39 से मात दी। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक मिले। सीनियर पुरूष एपी वर्ग में भूपेन ने सुनील को 15 . 11 से हराकर स्वर्ण जीता।

# इंदौर स्टेडियम की पिच की रेटिंग खराब से बदलकर औसत से कम की गई

मोटेरा की पिच औसत रही



**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की अपील के बाद इंदौर के होलकर स्टेडियम (भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच का स्थल) की पिच की रेटिंग को खराब से बदलकर औसत से कम कर दिया। आईसीसी ने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच (चौथे मैच) को औसत रेटिंग दी जो बल्लेबाजी के लिए काफी धीमी थी जिसमें दोनों टीमों ने एक एक पारी ही पूरी की थी। मैच ड्रा रहा था जिससे भारत ने श्रृंखला 2-। से अपने नाम की थी। इंदौर में आस्ट्रेलिया ने तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से पराजित कर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में स्थान पक्का किया था। आईसीसी के अपील पैनल ने मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड के फैसले की समीक्षा की और पाया कि इसे खराब रेटिंग देने के लिए इस पर इतना अत्यधिक परिवर्तनीय उछाल मौजूद नहीं था। पिच को शुरु में तीन डिमैरिट अंक दिए गए थे जिससे अब उसे बस एक डिमैरिट अंक मिलेगा। आईसीसी के सोमवार को बयान के अनुसार, आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान और आईसीसी पुरूष क्रिकेट समिति के सदस्य रोजर हार्पर के आईसीसी अपील पैनल ने टेस्ट मैच के फुटेज की समीक्षा की। दोनों की यही राय थी कि मैच रैफरी ने पिच आकलन प्रक्रिया के दिशानिर्देशों का पालन किया लेकिन इसे खराब रेटिंग देने के लिए इतना अत्यधिक वैरिएबल उछाल मौजूद नहीं था। इसके अनुसार, पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि पिच को औसत से कम की रेटिंग दी जानी चाहिए जिसका मतलब है कि होल्कर स्टेडियम को तीन के बजाय एक डिमैरिट अंक मिलेगा। आईसीसी मैच रैफरी ने वानखेडे स्टेडियम की पिच और वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम को बहुत अच्छी रेटिंग दी जहां भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पहले दो वनडे खेले गए थे।

## छह भारतीयों ने मैसुरु ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया

मैसुरु। भारत के छह खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां क्वालीफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन के बूते आईटीएफ मैसुरु ओपन के मुख्य ड्रा मे जगह बनाई। क्वालीफायर मे शीर्ष वरीय सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने दीपक अनंतारामू पर 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की जबकि विष्णु वर्धन ने यश चौरसिया को 6-1, 6-1 से पराजित किया। वही फैसल कम और फरदीन क्मर ने भी मुख्य ड्रा मे प्रवेश किया। फैसल ने लक्षित सूद को 7-6, 7-6 (1) और फरदीन ने थाईलैंड के पुचया इसारो को टाईब्रेकर मे 3-6, 7-6, 10-5 से शिकस्त दी। इशाक इकबाल और रंजीत विराली मुरुगेसन ने भी मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया। इन दोनों के प्रतिद्वंद्वी चोटों के कारण मैच से हट गए।

## ताइक्वांडो प्रीमियर लीग लांच हुई, 12 टीमें हिस्सा लेंगी

नई दिल्ली। इंडियन ताइक्वांडो प्रीमियर लीग (टीपीएल) रविवार को यहां लांच की गई जिसमें 12 टीमें खिताब के लिए एक दूसरे के आमने सामने होंगी। फ्रेंचाइजी आधारित यह लीग इस साल जून मे दिल्ली मे कराई जाएगी। इसमें हैदराबाद, राजस्थान, महाराष्ट्र, असम, दिल्ली, बेंगलुरु, देहरादून, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, चेन्नई और गुजरात की फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। लीग के संस्थापक निदेशक गणेश दुवुरी ने कहा, टीपीएल टीम प्रारूप मे खेली जाएगी, जिसमें प्रत्एक टीम में शीर्ष पांच खिलाड़ी होंगे। हमने टूर्नामेंट को रोमांचक और तेज बनाए रखने के लिए 58.1 किग्रा से 67.9 किग्रा तक ही सीमित रखा है।

## यूटीटी का चौथा सत्र जुलाई में, बेंगलुरू होगी नई टीम

मुंबई। भारत के शीर्ष खिलाड़ी 13 से 30 जुलाई तक पुणे के बालेवाड़ी खेल परिसर में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग (यूटीटी) मे भाग लेंगे। टूर्नामेंट तीन साल के ब्रेक के बाद खेला जाएगा। इसमें बेंगलुरू स्मैशर्स पहली बार नजर आएगी। यूटीटी के अध्यक्ष विता दानी ने कहा , हमें खुशी है कि अल्टीमेट टेबल टेनिस की वापसी हो रही है। कोरोना महामारी से सब कुछ थम गया था। लेकिन तीन साल बाद भी अब भारत मे खेल को बढावा देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे।

## मेरे जैसी गोल करने की भूख कम खिलाड़ियों में ही : छेत्री

इम्फाल। अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंचने के बावजूद 38 वर्ष के सुनील छेत्री की गोल करने की भूख कम नही हुई है और भारतीय फुटबॉल स्टार हर मैच मे गोल करना चाहते है। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों मे क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद सर्वाधिक (132 मैचो मे 84 गोल) गोल कर चुके छेत्री ने कहा , मेरा मानना है कि गोल करने की मेरे जैसी भूख बहुत खिलाड़ियो मे नही होती है। किर्गीज गणराज्य के खिलाफ त्रिकोणीय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट मे भारत के मैच से पहले उन्होने कहा , गोल करने की मेरी भूख हमेशा से ऐसी ही थी और आगे भी ऐसी ही रहेगी।

## शॉटगन विश्व कप : राइजा ढिल्लों का पहले दिन शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** स्कीट निशानेबाज राइजा ढिल्लों ने साइप्रस मे चल रहे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप मे पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग मे राइजा क्वालीफिकेशन के तीन दौर के बाद 70 स्कोर करके 14वे स्थान पर रहीं। उनकी कोशिश शीर्ष आठ मे जगह बनाने की होगी। परीनाज धालीवाल 64 शॉट के साथ 44वे स्थान पर है जबकि अरीबा खान 58वे स्थान पर है। स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन 72 स्कोर करके शीर्ष पर है।

# अपने किले चेपॉक पर लौटेगी चेन्नई

## धोनी की कप्तानी और स्टोक्स एक्स फैक्टर

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडियन प्रीमियर** लीग की दस टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ प्रशंसकों का एक जज्बाती रिश्ता है और इसका सबसे अहम कारण है कप्तान महेंद्र सिंह धोनी। 41 वर्ष के धोनी टीम को चार खिताब दिला चुके हैं और नौ बार फाइनल में ले जा चुके हैं। उनकी मौजूदगी ही विरोधी खेमे को आतंकित करने के लिए काफी है। बतौर पेशेवर क्रिकेटर शायद यह उनका आखिरी सत्र हो सकता है और होगी और यह सत्र भी अलग नहीं है। इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स अब टीम में है जो एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। **ताकत :** बेन स्टोक्स की मौजूदगी से चेन्नई की पार हिटिंग मजबूत होगी। चेपॉक की धीमी पिच पर वह एक या दो शानदार ओवर डाल सकते हैं जो मैच का रूख पलट सकते हैं। चेपॉक पर सात घरेलू मैचों में रविंद्र जडेजा और मोईन अली भी काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। बल्लेबाजी में डेवोन कोंवे और रूतुराज गायकवाड़ उपयोगी होंगे जबकि अंबाती रायुडू, स्टोक्स, धोनी और जडेजा मध्यक्रम को मजबूती देंगे।



इसे यादगार बनाने में वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। आईपीएल अब होम एंड अवे (अपने और विरोधी टीम के मैदान पर) प्रारूप में लौट आया है और चेन्नई को अपने गढ चेपॉक पर सात मैच खेलने हैं। पिछले सत्र में प्लेआफ में पहुंचने में नाकाम रही चेन्नई टीम की कप्तानी रविंद्र जडेजा को सौंपी गई थी लेकिन बाद में धोनी को फिर कप्तान बनाया गया। वह जीत के साथ विदा लेने की कोशिश में होंगे। आईपीएल में चेन्नई को हलके में लेना मूर्खता

**कमजोरी :** मुकेश चौधरी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है। दीपक चाहर कमर और हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरकर लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। मैच हालात में उनकी फिटनेस की परख नहीं हो सकी है। वह विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करना चाहेंगे।

**मौका :** तेज गेंदबाजी में युवा सिमरजीत और लसिथ मलिंगा के जैसे एक्शन वाले एम पथीराना के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका होगा। धोनी प्रतिभा को परखने में माहिर है और इम्पैक्ट प्लेयर के नियम का बखूबी इस्तेमाल करना जानते हैं। ऐसे में मिशेल सेंटनेर भी उपयोगी रहेंगे।

**खतरा :** सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके खिलाड़ियों का उम्रदराज होना है। ऊंचे स्कोर वाले मैचों में रायुडू और अजिंक्य रहाणे दबाव में आ सकते हैं। इसके अलावा टीम के पास अच्छे भारतीय स्पिनर भी नहीं है। जडेजा टी20 में हाल ही में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## चोटिल अय्यर की जगह केकेआर ने नीतिश राणा को कप्तान बनाया

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सोमवार को बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतिश राणा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए टीम का नया कप्तान चुना। राणा इससे श्रेयस अय्यर की जगह लेंगे जिनके पीठ की सर्जरी कराने की संभावना है जिससे उनके पूरे सत्र से बाहर रहने का खतरा मंडरा रहा है। बल्कि केकेआर के बयान से साफ संकेत मिलता है कि अय्यर के जल्दी वापसी करके खेलने की संभावना असंभव दिखती है। केकेआर के बयान के अनुसार, श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति मे नीतिश राणा टीम के कप्तान होंगे। अय्यर पीठ की चोट से उबर रहे है। हम उम्मीद लगाए है कि श्रेयस इससे उबरकर आईपीएल 2023 के चरण के कुछ हिस्से मे खेलेंगे। हम भाग्यशाली है कि हमारे पास नीतिश जैसा खिलाड़ी है जिनके पास सफेद गेंद के क्रिकेट मे अपनी राज्य की टीम की अगुआई करने के साथ 2018 से केकेआर के साथ आईपीएल का अपार अनुभव है जिससे वह हमारे लिए शानदार काम करेंगे। राणा ने सैयद मुश्ताब अली ट्राफी मे दिल्ली की कप्तानी की थी। हालांकि इस रणजी सत्र मे उन्हे दिल्ली की टीम से उनके खराब प्रदर्शन के कारण बाहर कर दिया गया था। राणा ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी मे दिल्ली के 12 टी20 मैचो मे कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है जिसमे टीम को आठ मे जीत और चार मे हार मिली। केकेआर की टीम एक अप्रैल को अपने अभियान की शुरूआत पंजाब किंग्स के खिलाफ करेगी।

# केएल के साथ देंगे मेयर्स और हुड्डा

● डिकॉक की अनुपस्थिति में पहले दो मैचों मे पारी का आगाज करने की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली

क्विंटन डिकॉक की अनुपस्थिति में लखनऊसुपर जायंट्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के पहले दो मैचों में वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स या दीपक हुड्डा से कप्तान केएल राहुल के साथ पारी का आगाज करा सकता है। दक्षिण अफ्रीका को 31 मार्च और दो अप्रैल को नीदरलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर 50 ओवर के दो मैच खेलने हैं जिससे उसके शीर्ष खिलाड़ी पहले दो मैचों में अपनी फ्रेंचाइजी टीमों के लिए नहीं खेल पाएंगे। इससे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को अपने नियमित सलामी बल्लेबाज डिकॉक की कमी खलेगी जबकि पहले मैच में उनकी प्रतिद्वंद्वी दिल्ली कैपिटल्स पहले दो मैचों में एनरिक नोर्किया और लुंगी एनगिडी के बिना मैदान में उतरेगी। लखनऊ की टीम एक अप्रैल को लखनऊ में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसके बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने अगले मुकाबले के लिए चेन्नई रवाना होगी। लखनऊ की टीम इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, डिकॉक की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ विकल्प काइल मेयर्स होंगे जो भी बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका स्ट्राइक रेट भी 135 के करीब है। इसलिए मेयर्स पहले दो मैचों में राहुल के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार हैं। अगर लखनऊ की टीम अपने मध्यक्रम या गेंदबाजी पक्ष को विदेशी खिलाड़ी से मजबूत करना चाहती है तो प्रतिभाशाली हुड्डा कप्तान के साथ नई गेंद का सामना कर सकते हैं। हुड्डा टी20 क्रिकेट में पारी का आगाज करते हुए भारत के लिए शतक जड़ चुके हैं और उन्होंने दिखाया है कि वह पावरप्ले में अपने कौशल से दमदार हो सकते हैं। मोहसिन खान अभी टीम की स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग इकाई के साथ रिहैब प्रक्रिया में हैं, उनके कम से कम टूर्नामेंट के पहले चरण से बाहर रहने की उम्मीद है लेकिन टीम प्रबंधन को लगता है कि वह दूसरे चरण में उपलब्ध हो सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो उसे पहले दो मैचों में अपने सभी विदेशी तेज गेंदबाजों की सेवाएं नहीं मिल सकेंगी। मुस्तफिजुर रहमान भी बांग्लादेश की आयरलैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला के कारण उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। नोर्किया और एनगिडी दक्षिण अफ्रीका टीम में होंगे जबकि कागिसो रबाडा भी राष्ट्रीय टीम के साथ होंगे जिससे पंजाब किंग्स को भी उनकी कमी खलेगी।



## संदीप ने राजस्थान रॉयल्स टीम में कृष्णा की जगह ली

जयपुर। पंजाब के अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा आईपीएल 2023 के लिए राजस्थान रॉयल्स टीम मे चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लेंगे। प्रसिद्ध कमर के आपरेशन के कारण क्रिकेट से दूर है। वही आईपीएल मे 104 मैचो मे 114 विकेट ले चुके संदीप नीलामी मे बिक नही सके थे। राजस्थान रॉयल्स द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार , तेज गेंदबाज संदीप शर्मा इस सत्र मे रॉयल्स के लिए खेलेंगे जिन्होने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ली है। इसमें कहा गया , संदीप को 50 लाख रूपए की बेस कीमत पर खरीदा गया है।वह टूर्नामेंट के सबसे अनुभवी गेंदबाजो मे से है जिसने दस सत्र मे 100 से अधिक विकेट लिए है।

## आईबीए ने आईओसी को अनुबंध के उल्लंघन के लिए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) पर पारदर्शिता की कमी और गैरकानूनी आचरण का आरोप लगाया है और साथ ही उसने इसके पारदर्शिता सिद्धांतों पर भी सवाल उठाए। आईबीए ने इस मुद्दे पर समाधान के लिए आईओसी को अदालत में ले जाने की धमकी दी है। आईबीए ने आईओसी के 2024 पेरिस ओलंपिक की क्वालीफिकेशन प्रक्रिया के लिए मुक्केबाजी अधिकारियों को आंमत्रित करने के कारण यह धमकी दी। आईबीए ने आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक को एक खुले पत्र में कहा कि आईओसी उससे बिना बताए और पूर्व मंजूरी लिए बिना उसके प्रतिस्पर्धा अधिकारियों से संपर्क कर रहा था जो 2019 में दोनों पक्षों के बीच हुए डाटा ट्रांसफर अनुबंध का उल्लघंन है।

# सात्विक-चिराग की निगाहें एक और खिताब पर

● सिंधू और श्रीकांत भी फॉर्म में लौटना चाहेंगे




**भाषा।** मैड्रिड

**हाल में स्विस** ओपन युगल चैम्पियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में इसी लय को जारी रखना चाहेगी जबकि पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद लगाए होंगे। सात्विक और चिराग ने रविवार को चीन के रेन जियांग यु और टान कियांग को फाइनल में 21-19 24-22 से हराकर भारत के लिए इस सत्र का पहला खिताब जीता था। अब 2022 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता और दुनिया की छठे नंबर की भारतीय जोड़ी एक और सुपर 300 खिताब अपने नाम करना चाहेंगी जिसमें वे अपने अभियान की शुरूआत जापान के अयातो एंडो और युता ताकेई के खिलाफ करेंगे। बासेल में एकल सितारों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था जिसमें सिंधू चोट के कारण लंबे समय के ब्रेक के बाद वापसी में जूझती नजर आईं और श्रीकांत भी लय में नहीं आ सके। दूसरी वरीय सिंधू 2023 में पिछले कुछ टूर्नामेंट में दूसरे दौर की बाधा पार नहीं कर सकी हैं, वह अपने अभियान की शुरूआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी और उम्मीद लगाए होंगी कि ड्रा में आगे तक पहुंचे। पुरुष एकल में पूर्व नंबर एक श्रीकांत को पांचवीं वरीयता मिली है, वह पहले मुकाबले में थाईलैंड के सितहीकोम थामासिन के सामने होंगे जबकि राष्ट्रीय चैम्पियन मिथुन मंजूनाथ की भिड़ंत मलेशिया के एनजी जे योंग से होगी। समीर वर्मा और बी साई प्रणीत का सामना पहले दौर में क्रमशः आयरलैंड के एनहाट एनगुएन और नीदरलैंड के मार्क कालजोऊसे होगा।

## किर्गिस्तान गणराज्य के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**इम्फाल।** किर्गिस्तान गणराज्य के खिलाफ ड्रा से भी भारतीय टीम मंगलवार को तीन देशों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लेगी लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि मेजबान टीम जीत के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने पिछले बुधवार को म्यांमा पर।-0 की जीत हासिल की। उन्हें टूर्नामेंट जीतने के लिए महज एक ड्रा की जरूरत है क्योंकि किर्गिस्तान गणराज्य ने शनिवार को टूर्नामेंट के दूसरे मैच में म्यांमा के खिलाफ।-। से ड्रा खेला। वहीं किर्गिस्तान गणराज्य को अगर टूर्नामेंट की ट्राफी हासिल करनी है तो उसे भारत के खिलाफ जीत की दरकार होगी। स्टिमक ने मैच पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगे। हमारे पास स्टेडियम में समर्थक मौजूद हैं और हमारे पास खुद को साबित करने का मौका है। यह पहले मैच की तुलना में ज्यादा मजबूत टीम होगी। उन्होंने कहा, मैं सही था जब मैंने कहा था कि म्यांमां ऐसी टीम है जो आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

# पवन बाथम ने जीता शतरंज टूर्नामेंट खिताब

● अख्तर को शीर्ष स्थान



**लखनऊ।** लखनऊ के सीनियर खिलाड़ी पवन बाथम प्रोटेक्ट योर क्वीनश् शतरंज टूर्नामेंट में टाईब्रेक स्कोर में बेहतर प्रदर्शन के सहारे विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। हालांकि उन्हें अंतिम राउंड में शाहजहाँपुर के 14 वर्षीय आयुष सक्सेना से तगड़ी चुनौती मिली। आयुष सक्सेना ने अपनी शातिर चालों के सहारे शीर्ष वरीय पवन को ड्रा खेलने पर मजबूर किया। इस चैंपियनशिप के छठे व अंतिम राउंड के बाद पवन बाथम और आयुष सक्सेना दोनों के 5.5.5.5 अंक रहे लेकिन टाई ब्रेक स्कोर के चलते पवन पहले व आयुष दूसरे पायदान पर रहे। वही महिला वर्ग में ऐमान अख्तर 4ण्5 अंकों के साथ शीर्ष पर रही जबकि पूजा कश्यप दूसरे और विनीता अग्रवाल तीसरे पायदान पर रहीं। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट द्वारा इस टूर्नामेंट का आयोजन कुंसकैपकोलन स्कूल की 13 वर्षीय छात्रा प्रिशा गर्ग द्वारा शुरू किए गए जागरूकता अभियान के तहत किया गया। इस बारे में प्रिशा ने बताया कि शतरंज एक ऐसा खेल है जहां लड़के और लड़कियां एक ही स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं लेकिनए कभी-कभी लड़के किसी लड़की से हारने पर उसे चिढ़ाते और परेशान करते हैं। टूर्नामेंट के विशेष पुरस्कारों में बेस्ट चेस डैड ता में कुलदीप कुमार को पहला व कनिष्क देव रस्तोगी को दूसरा स्थान मिला। बेस्ट चेस मॉम श्वेता चुनी गयी।

## पंकज सिंह बने लखनऊ ओलंपिक संघ के मुख्य संरक्षक



लखनऊ। उत्तर प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष व विधायक पंकज सिंह को लखनऊ ओलंपिक संघ का मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया है। पंकज सिंह से आज लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डा.सैयद रफ त जुबैर रिजवी की अगुवाई में विभिन्न खेल संघो के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान उनसे लखनऊ में खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा हुई। डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने उन्हें संघ का मुख्य संरक्षक बनाने का प्रस्ताव किया जिसे सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर सभी ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव से लखनऊ के खेल परिदृश्य को नयी पहचान मिलेगी। समाजसेवी मुरलीधर आहूजा चेयरमैन मनोनीत किए गए। डा.सैयद रफत ने जानकारी दी कि संघ की लखनऊ ओलंपियाड के आयोजन की योजना है जिसका आयोजन मई-जून में प्रस्तावित है।

## श्रीजा ने राष्ट्रीय खिताब बरकरार रखा, साथियान दूसरी बार चैम्पियन

**जम्मू।** गत चैम्पियन आरबीआई की श्रीजा अकुला ने पश्चिम बंगाल की सुतीर्था मुखर्जी को 4-2 से हराकर 84वीं यूटीटी अंतर प्रांत सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में महिला एकल खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया। वहीं पुरूष वर्ग में जी साथियान ने दूसरी बार खिताब जीता जिन्होंने हरमीत देसाई को सीधे गेमों में हराया। उन्होंने पिछली बार 2021 में शरत कमल को हराकर खिताब जीता था। श्रीजा और साथियान दोनों को इस जीत पर 2 . 75 लाख रूपए मिले। श्रीजा ने फाइनल 9-11, 14-12, 11-7, 13-11, 6-11, 12-10 से जीता जबकि साथियान ने 11-9, 11-7, 11-8, 11-5 से जीत दर्ज की। पुरूष युगल में पश्चिम बंगाल के जीत चंद्रा और अंकुर भट्टाचार्य ने तेलंगाना के मोहम्मद अली और वंश सिंघल को हराकर खिताब जीता। महिला युगल में श्रीजा और दिया चितले विजई रहीं जबकि मिश्रित युगल खिताब मानव ठक्कर और अर्चना कामथ ने जीता।

# विदेशी स्टार चमकी, भारतीय क्रिकेट में बदलाव के वादे के साथ खत्म हुआ डब्ल्यूपीएल

भाषा। मुंबई



**महिला प्रीमियर** लीग (डब्ल्यूपीएल) ने लुभावना पदार्पण किया और भारत की उभरती हुई महिला क्रिकेटरों के उज्जवल भविष्य के वादे के साथ खत्म हुआ लेकिन जल्दबाजी में आयोजित हुए पहले सत्र के बाद सुधार की काफी गुंजाइश दिखती है। डब्ल्यूपीएल मुंबई के दो स्टेडियम में खेला गया जिसमें दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों ने खास प्रदर्शन किया लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर साइका इशाक को छोड़ दें तो इतनी स्थानीय प्रतिभाएं सामने नहीं आ सकीं जितनी की उम्मीद की जा रही थी। पांच टीमों की प्रतियोगिता रविवार को खत्म हुई जिसमें मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी टीम को खिताब दिलाया जबकि फाइनल में उनका सामना आस्ट्रेलियाई महान क्रिकेटर मेग लैनिंग की कप्तानी वाली टीम से था। टूर्नामेंट के दौरान कई मैचों में स्कोर 200 रन से ऊपर रहा जबकि बाउंड्री 42 से 44 मीटर छोटी रहीं। मुंबई की हेली मैथ्यूज 16 विकेट झटककर पर्पल कैप विजेता बनी जिसमें से चार विकेट फाइनल में रहे। वहीं नैट स्किवर ब्रंट ओवरऑल शीर्ष प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रहीं, उन्होंने 332 रन बनाने के अलावा 10 विकेट झटके।